श्रावण कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 27 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 180, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



तीसरे पदक पर सिंधु की नजर 15
करिश्मा ने दिब्यज्योति को एंटरटेनर नंबर 1 कहा 16

## नीट-यूजी के अंतिम परिणाम घोषित किए

नई दिल्ली, एजेंसी

- शीर्ष स्थान पाने वालों की संख्या 61 से घटकर 17 हुई

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को विवादों से घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के अंतिम परिणाम घोषित किए। संशोधित परिणामों में 17 अभ्यर्थियों ने शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि पहले जारी नतीजों में 61 अभ्यर्थी शीर्ष स्थान पर थे।

संशोधित परिणामों में हजारों अन्य अभ्यर्थियों के अंकों और रैंक में बदलाव आया है। अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या और कट-ऑफ में भी मामूली गिरावट दर्ज की गई है। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद भौतिकी के एक प्रश्न के अंकों को ध्यान में रखते हुए परिणाम घोषित किए गए। एनटीए ने कहा था कि इस प्रश्न के दो सही उत्तर हैं। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुनः संशोधित प्राप्तांक को अब घोषित कर दिया गया है। पहले शीर्ष स्थान पर रहे 67 उम्मीदवारों में से 44 ने उस विशेष भौतिकी प्रश्न के लिए दिए गए अंकों के कारण पूरे अंक प्राप्त किए थे। बाद में शीर्ष स्थान पाने वालों की संख्या घटाकर 61 कर दी गई थी।

## एन इवनिंग इन पेरिस : फ्रांस में 33वें ओलंपिक की भव्य शुरुआत



पेरिस ओलंपिक-2024 का रंगारंग समारोह नयनाभिराम रहा। भारतीय दल की अगुवाई शटलर पीवी सिंधु व टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने की। इस अवसर पर भारतीय खिलाड़ियों की खुशी देखते ही बन रही। ● एजेंसी

### सीन नदी पर 85 नावों में सवार 205 देशों 6800 खिलाड़ी रहे आकर्षण का केंद्र

पेरिस, एजेंसी

- फ्रांस ने पेश की सांस्कृतिक विविधता और वास्तुकला के शानदार विरासत की बानगी

खूबसूरत सीन नदी पर नावों में खिलाड़ियों ने परेड की और परंपरा से हटकर 33वें ओलंपिक खेलों के रंगारंग उद्घाटन समारोह में शुक्रवार को फ्रांस ने अपनी सांस्कृतिक विविधता, क्रांति के इतिहास, वास्तुकला की शानदार विरासत की बानगी दुनिया के सामने पेश की। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युअल मैकरोन अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के प्रमुख थॉमस बाक के साथ मौजूद थे। फ्रांस के महान फुटबॉलर जिनेदीन जिदान को पहले से रिकॉर्ड किए गए वीडियो में ओलंपिक मशाल के साथ पेरिस की सड़कों पर दौड़ते दिखाया गया।

छह किलोमीटर की परेड आस्टरलिज ब्रिज से शुरू हुई जिसमें 85 नावों में 205 देशों के 6800 से अधिक खिलाड़ी सवार थे और एक शरणार्थी ओलंपिक टीम भी थी। फ्रांस की वर्णमाला के क्रम के अनुसार टीमों का आगमन हुआ। पहले ओलंपिक खेलों के जनक यूनान का दल आया जिसके बाद शरणार्थी टीम आई। भारतीय दल की अगुवाई शटलर पीवी सिंधु व टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने की। शहर की ऐतिहासिक इमारतों कैथेड्रल आफ नोत्रे डेम, लावरे म्युजियम और कुछ आयोजन स्थलों से होकर नावें गुजरीं। अमेरिकी पॉपस्टार लेडी गागा ने अपने सुरों से समा बांधा। उद्घाटन समारोह का निर्देशन थॉमस जॉली ने किया था। रंगारंग समारोह के बीच एक रहस्यमय मशालवाहक भी आकर्षण का केंद्र रहा जो शहर के मशहूर स्मारकों के पास से मशाल लेकर गुजरा।

## एक नजर

### आतंकवाद में संलिप्त व्यक्ति की संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मादक पदार्थ की तस्करी तथा आतंकवाद के एक मामले में एक साल से अधिक समय से गिरफ्तारी से बच रहे एक व्यक्ति की संपत्ति कुर्क की। अधिकारियों ने बताया कि खारी करमारा स्थित मोहम्मद लियाकत की एक कनाल और नौ मरला जमीन को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 83 के तहत कुर्क कर लिया गया है। पुंछ के मुख्य सत्र न्यायाधीश ने कुर्की का आदेश जारी किया।

### देश में पांच सालों में कुल 628 बाघों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले पांच साल में प्राकृतिक और अवैध शिकार सहित अन्य कारणों से कुल 628 बाघों की मौत हुई। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। भारत में इस अवधि के दौरान बाघों द्वारा हमला किए जाने से कुल 349 लोगों ने अपनी जान गंवाई है तो वहीं, इनमें अकेले महाराष्ट्र में 200 लोग मारे गए हैं। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के अनुसार, भारत में साल 2019 में 96 बाघ, 2020 में 106, 2021 में 127, 2022 में 121 और 2023 में 178 बाघों की मौत हुई।

### सूरज रेवन्ना ने कहा, जल्द सच्चाई सामने आ जाएगी

**मैसुरु।** कुछ पुरुषों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे और जमानत पर बाहर आए जनता दल (सेक्युलर) के विधान पार्षद सूरज रेवन्ना ने शुक्रवार को कहा कि 15 से 20 दिन में उन सभी लोगों का पर्दाफाश हो जाएगा जो उनके और उनके परिवार के खिलाफ साजिश का हिस्सा थे। रेवन्ना ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और सच्चाई जल्द सामने आ जाएगी।

### छत्तीसगढ़ में हाथियों का आतंक, बुजुर्ग की मौत

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में हाथी ने घर के बाहर सो रहे बुजुर्ग को सूंड से उठाकर पटका और पैरों से कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। चचेरे भाई को भी हाथी ने सूंड से पकड़ लिया था, लेकिन वह बच गया। पूरा मामला धमनी वन परिक्षेत्र का है। अनिरूद्धपुर में गुरुवार की देर रात अपने दल से अलग होकर हाथी विचरण कर रहा था। इसी बीच बस्ती में हाथी घुसा।

## आतंकवाद-छद्म युद्ध से खुद को प्रासंगिक बनाए रखना चाहता है पाकिस्तान : मोदी

### कारगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री ने कहा-पाकिस्तान ने पिछली हार से नहीं लिया सबक

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को 'आतंकवाद का आका' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि पड़ोसी देश ने पिछली हार और गलतियों से कोई सबक नहीं सीखा है और वह 'आतंकवाद और छद्म युद्ध' की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। मोदी, द्रास में 25वें कारगिल विजय दिवस पर 1999 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अतीत में अपने सभी अनैतिक और शर्मनाक प्रयासों के लिए हार का सामना करना पड़ा है। मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकवादी हमलों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि वह (पाकिस्तान) अतीत में हमेशा विफल रहा है लेकिन उसने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है। वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। आज जब मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं, जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं, तो मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। हमारे बहादुर जवान पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने 1999 के कारगिल युद्ध के बारे में कहा कि भारत ने न केवल युद्ध जीता, बल्कि 'सत्य, संयम और शक्ति' का अद्भुत उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं, भारत उस समय शांति की कोशिश कर रहा था और बदले में पाकिस्तान ने एक बार फिर अपना कुटिल चेहरा दिखाया लेकिन सत्य के सामने झूठ और आतंक की हार हुई।

### कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### अग्निपथ योजना का राजनीतिकरण कर रहा विपक्ष

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि कुछ लोग अग्निपथ योजना जैसे संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। मोदी ने लद्दाख के द्रास में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में निरंतर सुधार हो रहे हैं और अग्निपथ योजना उनमें से एक महत्वपूर्ण सुधार है। इस योजना के राजनीतिकरण पर दुख जताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सेना को युवा और युद्ध के लिए निरंतर तैयार रखना है। उन्होंने सेना को युवा और युद्ध के लिए तैयार रखने में नई सैन्य भर्ती योजना की भूमिका की सराहना की। अग्निपथ योजना को पेंशन के बोझ से बचाने का साधन बताने वाले दावे को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि आज भर्ती होने वाले सैनिकों का पेंशन बोझ 30 साल बाद आएगा, इसलिए यह योजना के पीछे का कारण नहीं हो सकता।

### मोदी के संबोधन पर बौखलाया पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने लद्दाख के द्रास में शुक्रवार को एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणियों को 'बयानबाजी' करार देते हुए खारिज कर दिया और कहा कि इससे कश्मीरी लोगों को दबाने के भारत के प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय ध्यान नहीं हटा सकता। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नेताओं के बयानबाजी से कश्मीरी लोगों के मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता की प्राप्ति के लिए किए जा रहे संघर्ष को दबाने के भारत के कठोर रवैये से अंतर्राष्ट्रीय ध्यान नहीं हट सकता।

## अग्निवीरों को पुलिस पीएसी में आरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- अग्निवीर के रूप में देश को मिलेंगे ट्रेंड और युवा सैनिक : योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी बल में 'वेटेज' दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के रूप में देश को ट्रेंड और अनुशासित युवा सैनिक मिलेंगे। अग्निवीर मुद्दे पर विपक्ष की राजनीति को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि विरोधियों का काम हर प्रगति और रिफॉर्म कार्य में अड़ंगा लगाने और अफवाह फैलाने का है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। बाद में ट्वीट कर कहा कि अग्निवीरों को एक निश्चित आरक्षण की सुविधा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित हो रहा है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 नोड में हजारों करोड़ का निवेश आया है। चाहे भारत डायनेमिक्स लिमिटेड का कार्य हो या ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की दिशा में प्रगति, हमने लंबी छलांग लगाई है। सेना भी हमारी इस गति के साथ आगे बढ़ रही है। अग्निवीर की योजना भारतीय सेना में इसी दृष्टि से आगे बढ़ाई गई है। इसे लेकर युवाओं में उत्साह है।

### छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी कोटा

**रायपुर/भोपाल।** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी पुलिस और सशस्त्र बलों में अग्निवीरों को कोटा देने की घोषणा की गई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को पुलिस आरक्षक, वन रक्षक और अन्य पदों की भर्ती में आरक्षण देने की घोषणा की। वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीरों को आरक्षण देने की घोषणा की।

## सीएसआईआर-नेट में सेंधमारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मेरठ के सुभारती विश्वविद्यालय से एसटीएफ ने तीन को दबोचा
- एसटीएफ प्रमुख ने कहा-धांधली की मिली थी गोपनीय सूचना

**अमृत विचार :** उप्र. में सिपाही भर्ती परीक्षा के बाद सीएसआईआर-नेट परीक्षा में सेंधमारी हुई है। मेरठ की सुभारती विश्वविद्यालय में शुक्रवार को चल रही परीक्षा के बीच एसटीएफ ने छापा मारा। इस दौरान टीम को सर्वर रूम में टीसीएस के कर्मचारी के पास मोबाइल मिला। मोबाइल में 15 परीक्षार्थियों के रोल नंबर और उनके सिस्टम का आईपी-एड्रेस पाया गया। इस दौरान एसटीएफ तीन कर्मचारियों को हिरासत में लेकर लखनऊ पहुंची है। विश्वविद्यालय के अतिरिक्त रजिस्ट्रार सैय्यद जफर हुसैन ने कहा कि हमने ऑनलाइन परीक्षा कराने वाली संस्था टाटा कंसल्टेंसी कंपनी (टीसीएस) को किराये पर लैब दिया था। परीक्षा से विश्वविद्यालय का कोई संबंध नहीं है। परीक्षा में एजेंसी का सर्वर और उनके कर्मचारी होते हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने टीसीएस से जवाब मांगा है।

एसटीएफ प्रमुख अमिताभ यश ने बताया मेरठ की सुभारती विश्वविद्यालय में सीएसआईआर-नेट की परीक्षा में धांधली की गोपनीय सूचना मिली थी। इस पर टीम ने छापेमारी की। जांच से पता चला कि परीक्षा लैब के सर्वर से छेड़छाड़ की गई है। टीसीएस के 3 कर्मचारियों यथा, उस्मान, अरुण शर्मा सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि सर्च के दौरान परीक्षा लैब के सर्वर रूम से लोकल एरिया नेटवर्क के जरिए एक्स्ट्रा एडमिन कंप्यूटर मिला। सर्वर रूम में दो लैपटॉप मिले, जिसमें एनी डेस्क रिमोट एक्सेस टूल डाउनलोड था। कर्मचारी अरुण के पास एक मोबाइल मौजूद था, जिसमें 04 अभ्यर्थियों के नाम मिले हैं। अभ्यर्थियों के मोबाइल का आईपी एड्रेस सेंटर के बाहर बैठे एक शख्स को शेयर किया गया था। जिससे इन अभ्यर्थियों का स्क्रीन शेयर किया गया था। इनके प्रश्नपत्र को बाहर से सॉल्वर हल करा रहा था।

## कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 43 अपराधी गिरफ्तार

- विदेशियों को ठगते थे, सीबीआई ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुग्राम में एक कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए 43 संदिग्ध साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है जो विदेशियों को उनके कंप्यूटर की समस्याओं के तकनीकी समाधान की पेशकश कर ठगते थे। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि सीबीआई ने गुरुग्राम के डीएलएफ साइबर सिटी में स्थित 'इनोसेंट टेक्नोलॉजी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड' के कार्यालय पर छापा मारा, जहां केंद्रीय एजेंसी ने कई एजेंट को विदेशियों को ठगने के इरादे से 'लाइव कॉल' करते हुए पाया।

## असम का मोइदम यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में

नई दिल्ली, एजेंसी



- पिरामिड सरीखी संरचना अहोम राजवंश का है कब्रिस्तान

असम में अहोम राजवंश के सदस्यों को उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ टीलेनुमा ढांचे में दफनाने की व्यवस्था मोइदम को शुक्रवार को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया। यह निर्णय भारत में आयोजित किए जा रहे विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 46वें सत्र में लिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह भारत के लिए बेहद खुशी और गर्व की बात है कि 'मोइदम' ने डब्ल्यूएचसी सूची में जगह बनाई है। उन्होंने कहा कि चराई देव स्थित मोइदम उस गौरवशाली अहोम संस्कृति को प्रदर्शित करते हैं। मुझे उम्मीद है कि महान अहोम शासन और संस्कृति के बारे में और अधिक लोग जानेंगे। मोइदम पिरामिड सरीखी अनूठी टीलेनुमा संरचनाएं हैं, जिनका इस्तेमाल ताई-अहोम वंश द्वारा अपने राजवंश के सदस्यों को उनकी मृत्यु के पश्चात उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ दफनाने के लिए किया जाता था।

## सरकारी स्कूलों से जाति या समुदाय के नाम हटाएं

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु सरकार के मुख्य सचिव को राज्यभर के सरकारी स्कूलों के नामों से समुदाय अथवा जाति के नाम हटाने के लिए उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति सी कुमारप्पन की खंडपीठ ने कहा कि उसके संज्ञान में लाया गया है कि कलवरायण पहाड़ियों में आदिवासी आवासीय विद्यालय के नाम से सरकारी स्कूल संचालित हो रहे हैं। स्कूल के साथ आदिवासी शब्द का इस्तेमाल उचित नहीं है। पीठ ने कहा कि इस तरह के इस्तेमाल से निस्संदेह वहां पढ़ने वाले बच्चों पर इसका असर पड़ेगा।

## कांवड़ मार्ग के दुकानदारों को फिलहाल नहीं लगानी होगी नाम-विवरण पट्टिका

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्यों के आदेश पर जारी रहेगी सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश द्वारा जारी उन निर्देशों पर रोक लगाते हुए 22 जुलाई के अपने अंतरिम आदेश को बरकरार रखने का निर्देश दिया, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि वह 22 जुलाई के आदेश पर कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं करेगी, क्योंकि हमने अपने 22 जुलाई के आदेश में जो कुछ कहा जाना था, वह कह दिया है। पीठ ने मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों से उनके निर्देशों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा। अगली सुनवाई पांच अगस्त के लिए तय की।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के अलावा मध्य प्रदेश के उज्जैन में भाजपा शासित नगर निकाय ने भी दुकान मालिकों को इसी तरह का निर्देश जारी किया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि उन्होंने अपना जवाब दाखिल कर दिया है और उनका कहना है कि संबंधित निर्देश कानून के तहत अनिवार्य हैं। पीठ ने कहा कि यदि भोजनालयों और दुकानों को नियंत्रित करने वाला कोई कानून है तो पूरे राज्य लागू करना चाहिए न कि केवल कुछ क्षेत्रों में। उत्तराखंड के उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी ने कहा कि राज्य ने कांवड़ यात्रा के संबंध में कोई विशेष आदेश जारी नहीं किया है और सरकार केवल उस कानून को लागू कर रही है, जिसके तहत सभी त्योहारों के दौरान भोजनालयों के नाम का खुलासा करना अनिवार्य है।

### सहूलियत — समाज कल्याण विभाग अत्याचार उत्पीड़न योजना को लेकर तैयार कर रहा एसओपी

## एफआईआर की कॉपी लेकर नहीं काटने होंगे विभाग के चक्कर

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों का उत्पीड़न होने पर अब उन्हें एफआईआर की कॉपी लेकर विभागीय जिम्मेदारों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अत्याचार उत्पीड़न योजना के तहत पीड़ित को मिलने वाली सहायता प्रक्रिया को और सरल किया जा रहा है। प्रक्रिया को न केवल ऑनलाइन कर दिया गया है बल्कि पीड़ित की एफआईआर भी अब आटो फेच (स्वतः दिखना) हो जाएगी। योजना को लेकर एसओपी बनाई जा रही है। इसे जल्द ही शासन जारी करने वाला है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति और जनजाति का उत्पीड़न होने पर उन्हें सहायता दी जाती है। उत्पीड़न होने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले को आगे बढ़ाती है। अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा के अनुसार पीड़ित को आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके तहत 85 हजार से 8 लाख 25 हजार रुपये तक की धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अब पीड़ित व्यक्ति को जाति प्रमाण पत्र भी देने की आवश्यकता नहीं होगी। आधार कार्ड को भी अनिवार्य किया जाएगा। विभागीय स्तर पर एसओपी तैयार कर शासन को भेजी गई है। शासन अगले सप्ताह तक इस पर निर्णय लेकर गाइडलाइन जारी कर देगा।

| वर्ष | सहायता प्राप्त करने वालों की संख्या |
|---|---|
| 2017-18 = | 16,507 |
| 2018-19 = | 20,413 |
| 2019-20 = | 23,866 |
| 2020-21 = | 23,592 |
| 2021-22 = | 20,278 |
| 2022-23 = | 23, 828 |
| 2023-24 = | 21,662 |

- जाति प्रमाण पत्र भी स्वत: दिख जाएगा, जल्द जारी हो सकती है एसओपी

### ऑनलाइन आवेदन के लिए बन रहा है पोर्टल

अत्याचार उत्पीड़न योजना में आवेदन के लिए एक पोर्टल भी बनाया जा रहा है। पोर्टल अगस्त के प्रथम सप्ताह तक शुरू हो सकता है। किस जिले में कितने मामले लंबित हैं, इसकी जानकारी एक क्लिक पर मिल सकेगी। बिना किसी वजह के मामले को लंबित रखने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों से जवाब-तलब किया जा सकेगा। पोर्टल का सुरक्षा ऑडिट निदेशालय स्तर पर चल रहा है।

### क्या है अत्याचार उत्पीड़न योजना

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 और पीसीआर एक्ट के तहत अत्याचार से प्रभावित अनुसूचित जाति के परिवारों को 85 हजार से 8 लाख 25 हजार रुपये तक की सहायता दी जाती है। सहायता हत्या या मृत्यु, बलात्संग/सामूहिक बलात्संग होने पर दी जाती है।

### क्या है आटो फेच

किसी सरकारी योजना के लिए जब आवेदन किया जाता है तो आवश्यक प्रपत्र लगाए जाते हैं। आवेदन की जांच के दौरान मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार, आय प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य प्रमाण पत्रों को (सरकारी दस्तावेज) दूसरे पोर्टल से स्वत: उठा लेने की प्रक्रिया को आटो फेच कहा जाता है।

## एक नजर

### पवन सिंह चौहान बने सभापति



**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के सभापति के रूप में पवन सिंह चौहान को सभापति नियुक्त किया गया है। एमएलसी पवन सिंह चौहान ने विभिन्न समितियों में सदस्य के रूप में कुशलता के साथ ज़िम्मेदारियों का निर्वहन किया है।

### राजेश मीणा बने सचिव गृह

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने सचिव स्तर पर आईएएस अफसरों के तबादले किए हैं। इनमें आईएएस श्रीनिवास गुर्राला को लोक निर्माण विभाग का सचिव बनाया गया है, जबकि आईएएस राजेश मीणा को गृह सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही आईएएस मयूर माहेश्वरी को लघु उद्योग निगम का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। माना जा रहा है कि अब आईएएस अधिकारियों के तबादलों पर थोड़ी लगाम लग जाएगी। सरकार ने जरूरी ट्रांसफर का काम पूरा कर लिया है।

### दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाबालिक दुराचार करने के आरोप में पाक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश विजेंद्र त्रिपाठी ने जनपद बहराइच के निगोह गांव के रहने वाले भानु प्रताप को 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 25 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक अरुण कुमार ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट वादी द्वारा 25 अगस्त 2022 को थाना कृष्णा नगर में आरोपी के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी।

### सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राष्ट्रीय चीनी मिल अधिकारी परिषद ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह, उपाध्यक्ष सुधीर सोनकर और महासचिव कैलाश उपाध्याय ने मुख्यमंत्री बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के अधीन संचालित उप्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमटेड व सहकारी क्षेत्र की संघ से संबद्ध 24 सहकारी चीनी मिलें संचालित हैं। जिसके माध्यम से प्रदेश के लगभग 6 लाख गन्ना कृषक परिवारों एवं संबंधित कर्मचारी व अधिकारियों के परिवारों का भरण-पोषण होता है।

# 37 डीएसपी बने एएसपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) संवर्ग के अधिकारियों की डीपीसी संपन्न हो गई है। डीपीसी में करीब 37 अफसरों का प्रमोशन हुआ है, जो डीएसपी से एडिशनल एसपी बन गए हैं। डीपीसीकी बैठक मंगलवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई थी, जिसकी सूची शुक्रवार की देर रात जारी हुई है।

प्रनोन्नत होने वाले पीपीएस अफसरों में नितिन कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, लाल प्रताप सिंह, श्वेताभ पांडेय , आलोक मिश्रा, अकमल खान, अतुल कुमार चौबे, राजेश कुमार सिंह, संजीव कुमार सिन्हा, सुमित शुक्ला, राजेश तिवारी, अंशुमान मिश्रा, प्रमोद सिंह यादव, अब्दुल कादिर, डॉ अनूप सिंह, अरविंद कुमार वर्मा, वंदना सिंह, राजेश कुमार यादव, डॉ अर्चना सिंह, राज कुमार सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, अर्चना सिंह, पूनम सिरोही, अतुल कुमार यादव, सुधीर कुमार, हिमांशु गौरव, प्रभात कुमार, नरेश कुमार, विजय आनंद, सुशील कुमार, रविशंकर प्रसाद, अरुण कुमार सिंह, महेशकुमार, रुकमणि वर्मा, ममता कुरील शामिल हैं।

# ट्रक पर खलासी बनकर बैठे थे एडीजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जिस ट्रक पर बैठे थे उससे भी हुई 500 रुपये की वसूली
- रातभर चला अभियान, एसपी को सुबह पता चला

**अमृत विचार।** बलिया के उप्र.-बिहार सीमा पर पार होने वाले ट्रकों से अवैध वसूली की सच्चाई जानने के लिए एडीजी पीयूष मोर्डिया ट्रक पर खलासी बनकर बैठे थे। कार्रवाई के लिए बाकायदा रेकी की गई थी। इस भंडाफोड़ से पहले बुधवार की रात पीयूष मोर्डिया और आजमगढ़ के डीआईजी रेंज वैभव कृष्ण 22 पुलिस कर्मियों की पांच टीम के साथ एक घंटे रेकी करते हुए बलिया के भरौही तिराहा से बक्सर की ओर गए थे। सादे कपड़ों में ही पुलिस टीम बक्सर की ओर से वापस भरौली तिराहा पहुंची थी। रात दो बजे भरौली तिराहे पर अवैध वसूली करते हुए पहला सिपाही पकड़ा गया। उसके बाद एक-एक कर 16 दलाल और एक अन्य सिपाही गिरफ्त में आए।

बुधवार की रात एडीजी पुलिस की दो टीम, तो डीआईजी आजमगढ़ पुलिस की तीन टीम लेकर निकले थे। तय किया गया था कि अवैध वसूली करने वालों को रंगेहाथ पकड़ा जाएगा। बक्सर की ओर से वापस आते समय रात दो बजे पुलिस टीमें फिर भरौली तिराहा पहुंची। पुलिस टीम ने देखा कि एक सिपाही बक्सर की ओर से आ रहे बालू लदे ट्रकों से पैसा वसूल रहा था, तो उसे पकड़ लिया गया। डीआईजी रेंज ने बताया कि भरौली तिराहा पर पकड़े गए सिपाही ने पुलिस को बताया कि जो वाहन गाजीपुर की ओर जाते हैं, उनसे नरही थाने की पुलिस कोरंटाडीह चौकी पर अवैध वसूली करती है। इस जानकारी पर, एडीजी जोन और इंस्पेक्टर एक ट्रक में भरौली तिराहा से सवार हुए। पांच किलोमीटर चलने के बाद कोरंटाडीह चौकी के सामने सादे कपड़ों में दो लोग ट्रकों से वसूली करते दिखे। उनका ट्रक भी पहुंचा तो उसे रुकवा कर 500 रुपये की मांग की गई। इस पर वह, एडीजी जोन और इंस्पेक्टर ने ट्रक से कूद कर एक सिपाही को पकड़ लिया। इसके बाद शुरू हुआ अन्य पुलिस कर्मी और दलालों को पकड़ा गया। खास बात यह है कि जिले के एसपी और एएसपी को उक्त प्रकरण की जानकारी सुबह हो पाई।

## नीट एमडीएस की द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग 30 से

**अमृत विचार, लखनऊ:** नीट एमडीएस की दूसरे चरण की काउंसिलिंग 30 जुलाई से पंजीकरण के साथ शुरू होगी।

पहले चरण में होने वाले दाखिलों के बाद सरकारी व प्राइवेट डेंटल कॉलेजों में रिक्त सीटों के लिए काउंसिलिंग होगी, इसमें अभ्यर्थियों को कॉलेजों की प्राथमिकता देनी होगी, 7 अगस्त को सीट आवंटन के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। यह जानकारी चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा समय सारिणी वेबसाइटपर जारी कर दी गई है।

# विधायकों के क्षेत्र के विकास के लिए बनेगी नई कार्ययोजना

## मुख्यमंत्री ने मंडलवार समीक्षा बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश



सरकारी आवास पर लखनऊ के विधायक व जनप्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 20 दिनों तक चलीं मंडलवार बैठकों में सांसदों, विधायकों ने क्षेत्रों की समस्याओं को बताया

**अमृत विचार:** विधायकों के क्षेत्र के विकास के लिए नई कार्ययोजना बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंडलवार समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी 18 मंडलों के जनप्रतिनिधियों संग लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों को लेकर विस्तार से समीक्षा बैठक पूरी कर ली। लगभग 20 दिन तक चली मंडलवार बैठकों में सांसदों व विधायकों ने अपने क्षेत्रों की समस्याएं गिनाईं और शिकायतों का निस्तारण न होने का दर्द बयां किया। मंडलवार बैठक में पहुंचने वाले जनप्रतिनिधिगणों ने खुलकर अपनी बात कही है, वहीं मुख्यमंत्री ने भी विस्तार से भी की बातों को सुनने के बाद आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर जीत का मंत्र भी दिया। मुख्यमंत्री ने संवाद, सक्रियता और सोशल मीडिया पर सर्वाधिक फोकस करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को जनता तक जरूर पहुंचाएं।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि विधायकों के क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमत्री ने क्षेत्रवार नई कार्ययोजना बनाने को कहा है, ताकि समयबद्ध तरीके से क्षेत्र का विकास किया जा सके। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना बनाने को कहा है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री ने सात जुलाई को देवीपाटन और अयोध्या मंडल से मंडलवार समीक्षा बैठक शुरू की थी, जो शुक्रवार को लखनऊ मंडल के समीक्षा बैठक साथ समाप्त हो गई।

### विपक्ष के झूठ को करें बेनकाब

मुख्यमंत्री ने कहा है कि विपक्ष की ओर से सोशल मीडिया के जरिए फैलाए जा रहे अफवाहों और सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करने के प्रयास का मुखर होकर विरोध करें। सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए विपक्ष के हर झूठ को बेनकाब करें और जनता के बीच सच लेकर जाएं। जिससे की आगामी चुनाव में बेहतर परिणाम आएं।

### आखिरी दिन लखनऊ मंडल के विधायकों से मिले ब्रजेश पाठक रहे नदारद

मंडलवार बैठक कार्यक्रम के आखिरी दिन मुख्यमंत्री ने सरकारी आवास पर लखनऊ मंडल के सांसदों-विधायकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने विधायकों से लोकसभा चुनाव के नतीजों, विधायकों की समस्याओं आदि पर चर्चा की। कई विधायकों की शिकायत पर मुख्यमंत्री उनका समाधान कराने का भरोसा दिया, पर इस बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद नहीं थे। पाठक के बैठक में न रहने को लेकर कई तरह की चर्चाएं होती रही।

## सत्र से पहले सदन की चुस्त हो सुरक्षा व्यवस्था: महाना

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप्र. विधानसभा में 29 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आलाधिकारियों के साथ बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। शुक्रवार को संपन्न बैठक में उन्होंने सत्र के दौरान वाहनों की जांच समेत विधानभवन सदस्यों के सुरक्षित आवागमन को लेकर निर्देश जारी किए। साथ ही कहा कि निर्धारित स्थानों पर क्यू आरटी टीम आदि की भी व्यवस्था चुस्त हो।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानभवन आने वाले विधायकों के गनर और सुरक्षा कर्मियों के बैठने तथा जलपान लंच आदि की उचित व्यवस्था करने के साथ ही भविष्य में उनके बैठने की स्थाई व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान अग्निशमन उपकरणों एवं दमकल वाहनों की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही बैठक में विधानसभा भवन की वर्तमान सुरक्षा व्यवस्थाओं का आकलन करने, उसको सुदृढ़ करने, विधान सभा में दर्शकों एवं अन्य महानुभावों की प्रवेश प्रक्रिया तथा सुरक्षा आदि संबंधी अन्य बिंदुओं के विषय में विशिष्ट व्यवस्था करने पर विचार किया गया।

बैठक में प्रमुख सचिव, विधान सभा, प्रदीप दुबे, एसीएस (गृह) दीपक कुमार, प्रमुख सचिव के. रविन्द्र नायक, एडीजे (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश, एडीजे (सुरक्षा), रघुवीर लाल, पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र सेंगर, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार समेत अन्य आलाधिकारीगण उपस्थिति थें।

# रोडवेज खरीदेगा 1000 डीजल, 120 इलेक्ट्रिक बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 1000 डीजल बसों का कुंभ मेले में किया जाएगा संचालन
- धार्मिक शहरों में चलेंगी 120 इलेक्ट्रिक बसें
- निगम बोर्ड बैठक में लिया गया निर्णय

**अमृत विचार:** परिवहन यात्रियों को सुविधा, राहत वाली खबर है। राज्य सड़क परिवहन निगम के निदेशक मंडल ने 120 इलेक्ट्रिक बसें और 1000 डीजल बीएस-6 बसें खरीदने की अनुमति दे दी है। जल्द ही खरीदी जायेगी। इन सभी 1000 डीजल बसों का प्रयोग मुख्य रूप से आगामी प्रयागराज कुंभ मेले में किया जाएगा। इसमें प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या व गोरखपुर क्षेत्र शामिल होंगे। धार्मिक स्थलों को जाने वाले पर्यटकों को अब रोडवेज की ओर से आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। लोगों की यात्रा सुगम, सुरक्षित, आरामदायक होगी।

यह जानकारी परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह के निर्देश पर निगम बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि 120 इलेक्ट्रिक बसों को अगले चरण में प्रदेश के धार्मिक शहरों वाराणसी, अयोध्या, मथुरा व वृंदावन को दिया जाएगा। रोडवेज प्रबंध निदेशक ने बताया कि 100 इलेक्ट्रिक बसों को क्रय करने का आदेश परिवहन निगम की ओर से किया जा चुका है।

मेसर्स स्विच मोबिलिटी की 100 इलेक्ट्रिक बसें प्रयागराज, आगरा, गाजियाबाद क्षेत्रों को दी जाएंगी। इनकी रेंज 220 किलोमीटर होगी, इससे आसपास के सभी शहर आवागमन संसाधन से जुड़ सकेंगे।

# मुख्यमंत्री व दोनों उप मुख्यमंत्री नीति आयोग की बैठक में होंगे शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नेताओं की एक साथ मौजूदगी को लेकर होती रहीं चर्चाएं

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व दोनों उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को दिल्ली पहुंच गये। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली नीति आयोग की शासी निकाय की बैठक में शामिल होंगे। तीनों नेताओं के दिल्ली में एक साथ रहने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी रही।

सूत्रों के अनुसार नीति आयोग की शनिवार व रविवार की बैठकों में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के विकास को लेकर रोड मैप पेश करेंगे। बैठक के बाद तीनों नेताओं के प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत मुलाकात किये जाने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश में होने वाले विधानसभा उप चुनाव समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा होने के आसार हैं। तीनों नेताओं के दिल्ली जाने को लेकर शुक्रवार को तमाम तरह की चर्चाएं होती रहीं। केशव प्रसाद मौर्य दिल्ली के पहले रवाना हुए, बाद में दोनों नेता अलग-अलग दिल्ली पहुंचे। मालूम हो कि मुख्यमंत्री की मंडलवार समीक्षा बैठक में केशव प्रसाद मौर्य शामिल नहीं हुए थे, इसको लेकर भी चर्चाएं जारी रहीं। शुक्रवार की समीक्षा बैठक में ब्रजेश पाठक भी उपस्थित नहीं रहे। दोनों नेताओं के मुख्यमंत्री की बैठकों में उपस्थित न रहने पर राजनीतिक गलियारों में सवाल उठाये जाते रहे।

## केंद्र सरकार से दिलवाएं कांशीराम को भारत रत्न



**अमृत विचार, लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि भाजपा नेता मांग करने के बजाय पार्टी संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न दिलाने का कार्य करें। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि भाजपा नेता केंद्र में सत्तारूढ़ अपनी सरकार से भारत रत्न उपाधि तुरंत दिलवाये, जिसका बसपा भी दिल से स्वागत करेगी। अन्यथा इसकी आड़ में दलितों को गुमराह करना बंद करें।

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार की ओर से पेश किया गया बजट देश व आम जनहित से अधिक राजनीतिक स्वार्थ, राज्यों के बीच भेदभाव, पक्षपात, असंतुलन बढ़ाने के विरुद्ध आक्रोश व विरोध स्वाभाविक है।

# सिर्फ 7.30 मिनट में पहुंच रही निशुल्क एंबुलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रिस्पांस टाइम में पूरे देश में उप्र की एंबुलेंस सेवा पहले नंबर पर

**अमृत विचार:** प्रदेश में एंबुलेंस सेवा 108 (इमरजेंसी मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विसेज) का रिस्पांस टाइम मात्र 7.30 मिनट है, यानि जरूरतमंद मरीज की कॉल पर निशुल्क एंबुलेंस 7.30 मिनट में पहुंच रही है, यह रिस्पांस टाइम में पूरे देश में पहले नंबर पर है। वहीं दूसरे स्थान पर 7:57 मिनट के साथ राजस्थान, तीसरे स्थान पर 10:45 मिनट के साथ केरल है। वहीं सबसे खराब रिस्पांस टाइम 16:02 मिनट झारखंड का है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश का रिस्पांस टाइम 15:01 मिनट और दिल्ली का 13:31 मिनट है।

यह जानकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी में मरीज को सही समय में सेवाएं मिलने पर लाखों मरीजों की जान बचायी जा सकती है। इस उददेश्य से एंबुलेंस के रिस्पांस टाइम को रिकार्ड स्तर पर सुधारा गया है। साल 2016-17 में जो एंबुलेंस सेवा 108, 16:52 मिनट में पहुंचती थी, अब यह एंबुलेंस मात्र 7:30 मिनट में पहुंच रही है। एनएचएम के जीएम पराग पांडेय ने बताया कि लगातार मॉनीटरिंग का ही असर है कि एंबुलेंस का यह रिस्पांस टाइम, पिछले कई वर्षों से देश भर में टॉप पर है। इसके लिए 2019 में खटारा हो चुकी 662 एंबुलेंस को हटाकर नई एंबुलेंस खरीदी गईं।

## मेडिकल इंटर्न को मानदेय बढ़ाने का मिला आश्वासन

**अमृत विचार, लखनऊ:** केजीएमयू समेत विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से ज्ञापन सौपने आए आंदोलित मेडिकल इंटर्न छात्रों को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मानदेय बढ़ाने जाने के लिए आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा इस विषय पर गंभीरता से विचार कर मेडिकल विद्यार्थियों के हित में निर्णय लिया जाएगा।

विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर आन्दोलन कर रहें मेडिकल इंटर्न छात्रों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधियों के साथ उप मुख्यमंत्री से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात कर, मानदेय बढ़ाने के लिए ज्ञापन सौपा। अभाविप के अवध प्रांत सहमंत्री रोहित सिंह ने बताया कि प्रदेश में मेडिकल इंटर्न को अपेक्षित मानदेय नहीं दिया जाता है, जिसे बढ़ाने को लेकर विद्यार्थी आंदोलन कर रहे हैं।

# केजीएमयू में 315 करोड़ रुपये से बनेगा अत्याधुनिक सर्जरी विभाग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आगामी 100 वर्षों को ध्यान में रखकर तैयार होगी केजीएमयू में सात मंजिला बिल्डिंग

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य सेवाओं को उत्तम बनाने के लिए चिकित्सा विश्वविद्यालयों व संस्थानों का आधुनिकीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर इसकी योजना की शुरूआत राजधानी के किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) से होगी। केजीएमयू परिसर में ही 9.62 एकड़ क्षेत्र में 315 करोड़ रुपये से अत्याधुनिक सर्जरी विभाग की सात मंजिला नई बिल्डिंग बनाई जाएगी।

इस भवन में पार्किंग के लिए 2 मंजिला अंडर ग्राउंड बेसमेंट तैयार किया जाएगा। इसके साथ बिल्डिंग में एडवांस रोबोटिक सर्जरी सिस्टम, 300 बेड युक्त टीचिंग हॉस्पिटल, 10 ओटी, एक हाइब्रिड ओटी व 12 बेडेड आईसीयू, मॉर्चरी व ऑडिटोरियम समेत अन्य सुविधाएं भी स्थापित की जाएंगी।

### ईपीसी मोड में होगा निर्माण व विकास कार्य

सर्जरी विभाग ने निर्माण व विकास कार्यों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। निजी ऐजेंसी चयन को लेकर आवेदन भी मांगे गए हैं। निर्माण व विकास कार्यों को टर्न-की बेसिस पर इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में किया जाएगा। दो साल में तैयार होने वाली नई बिल्डिंग को अगले 100 वर्षों की जरूरतों के हिसाब से निर्मित व विकसित किया जाएगा।

# केशव मौर्य बने वाईफाई का पासवर्ड : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता करते सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या को दिल्ली का मोहरा बताते हुए कहा कि 'वह दिल्ली का वाईफाई का पासवर्ड बन गए हैं'। मानसून ऑफर विंटर तक डिस्काउंट के साथ चलाना पड़ेगा। साथ ही कहा कि, प्रदेश में व्यापक स्तर पर भ्रस्टाचार व्याप्त है, पुष्टि भाजपा के विधायक ही करते हैं।

सपा मुख्यालय में शुक्रवार को अखिलेश यादव संविधान-मानस्तंभ स्थापना के अवसर पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधान सांसद के क्षेत्र में पुलिस वसूली करती पकड़ी गई, हमने तो ये भी देखा कि पुलिस खुद रेट तय कर रही है कि टांग पर गोली मारने पर कितना रुपया मिलेगा। गोली न चलने पर पुलिस अपने से ही ठांय-ठांय बोल दिया, वीडियो वायरल हुआ था।

### बागी विधायकों की सदस्यता जाएगी

अखिलेश यादव ने कहा कि इन विधायकों की सदस्यता खत्म करने के लिए विधानसभा में लिखकर देंगे, हमको न्याय विधानसभा से मिलेगा, राज्यसभा चुनाव मे तो जो हुआ कैमरे पर हुआ है। हमारी विधानसभा हमको न्याय देगी। साथ ही पल्लवी पटेल की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के विषय में कहा कि मुख्यमंत्री से कोई भी मिल सकता है। लेकिन उनकी सदस्यता कौन बचा सकता है, हम ही बचाएंगे, आधी आबादी है हम उन्हें बचा लेंगे।

### भाजपा को लेकर गलतफहमी न पालें : केशव मौर्य

दिल्ली के पासवर्ड के बयान पर पटलवार करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा कि सपा बहादुर अखिलेश यादव, कांग्रेस का मोहरा बने हैं, भाजपा को लेकर गलतफहमी पालने, अति पिछड़ों को निशाना बनाने, अपमान करने की जगह सपा को समाप्त होने से बचाने पर ध्यान दें।

## गर्भवती के मौत मामले में जांच समिति गठित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकबंधु अस्पताल में गर्भवती की इलाज के दौरान मौत मामले की जांच के लिए अस्पताल प्रशासन ने जांच कमेटी गठित कर दी है। कमेटी डेथ ऑडिट भी करेगी।

अम्बेडकर नगर निवासी संगीता को प्रसव पीड़ा होने पर परिवारीजन 22 जुलाई के रात 10 बजे लोकबंधु अस्पताल लेकर आए थे। पति का आरोप है कि पत्नी लगातार प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी। इसके बावजूद डॉक्टरों ने प्रसव कराने की जहमत नहीं उठाई। 23 जुलाई की सुबह जब हालत गंभीर हो गई तब डॉक्टर उसे लेबर रूम ले गए और इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई। परिवारीजन ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया कि इस मामले की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है।

# कार्यकर्ता समस्याओं को करते हैं हल: निषाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मौजूद निषाद पार्टी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

- निषाद पार्टी में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित
- कार्यकर्ताओं को होनी चाहिए कार्यक्रमों की जानकारी

**अमृत विचार:** कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद के सरकारी आवास पर शुक्रवार को निषाद पार्टी की कोर कमेटी एवं कार्यकर्ताओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव एवं आगामी कार्यक्रमों की आवश्य होनी है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश भर से आये कार्यकर्ता क्षेत्र में प्रचार-प्रसार के दौरान आ रही परेशानियों को भी पार्टी फोरम पर रखते हैं, जिसमे कुछ शासकीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्या भी शामिल होती है। कुछ पार्टी स्तर की भी समस्या आती, जिसमे प्रचार-प्रसार को आ रही समस्याओं को कार्यकर्ता बताते है। ऐसा करने से पार्टी शीर्ष नेतृत्व और कार्यकर्ताओं में समन्वय बना रहता है।

कहा कि जो कार्यकर्ता समस्याओं को मेरे समक्ष रखता है, हम संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को हल करवाने का कार्य भी मरते हैं। समस्याओं को गंभीरता को देखते हुए संबंधित मंत्री और मुख्यमंत्री को अवगत कराते है, जिससे की कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता है।

## प्रोत्साहन योजना के लिए पोर्टल पर करना होगा आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रोत्साहन योजना का लाभ लेने के लिए विवाह करने वाले दिव्यांगजनों को पोर्टल पर आवेदन करना होगा।

दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग की ओर से दिव्यांग लोगों से विवाह करने पर दिए जाने वाले अनुदान के लिए प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। युवक के दिव्यांग होने पर 15 हजार और युवती के दिव्यांग होने पर 20 हजार व पति-पत्नी दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार की धनराशि दी जाती है। पिछले और इस वित्तीय वर्ष में विवाह करने वाले दिव्यांगजन पुरस्कार राशि लेने के लिए विभागीय पोर्टल http://divyangian.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत विवाह के समय युवती की आयु 18 वर्ष से कम और युवक की आयु 21 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# विधायक बेदीराम व विपुल सहित 18 पर आरोप तय

विधि संवाददाता, लखनऊ

- दो अलग अलग मामलों में कोर्ट में चल रही है सुनवाई

**अमृत विचार:** रेलवे विभाग में ग्रुप डी की भर्ती का पर्चा लीक मामले में आरोपी बनाए गए दो अलग अलग मामलों में मौजूदा विधायक बेदी राम एवं विपुल दुबे सहित 18आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने आरोप तय कर दिया है। दोनों मामलों में अभियोजन साक्ष्य पेश करने के लिए आगामी 7 अगस्त की तिथि तय की है। जबकि एक अन्य आरोपी कृष्ण कुमार यादव की मृत्यु हो जाने कारण उसके विरुद्ध चल रही कार्यवाही को समाप्त कर दिया गया है।

पत्रावली के अनुसार ग्रुप डी की भर्ती के मामले में की गई धांधली को लेकर18 आरोपियों के ख़िलाफ़ दो अलग अलग मामलों में कोर्ट में सुनवाई चल रही है। पहला मामला धोखाधड़ी एवं उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अनुचित संसाधनों के निवारण अधिनियम से संबंधित है जबकि दूसरा मामला पुलिस की ओर से गिरोह बंद अधिनियम का है। आरोपियों की ओर से दोनों ही मामलों में आरोप मुक्त किए जाने की अर्जी अदालत में दी गई जिसे अदालत ने खारिज कर दिया है।अदालत में दोनों उन्मोचन प्रार्थना पत्रों का विरोध गिरोह बन्द अधिनियम की पैरवी कर रहे एसपीओ अल्तमस अहमद ने किया था। इसके बाद दोनों मामलों के आरोपियों के विरुद्ध आरोप तय करते हुए अदालत ने गवाही के लिए 7 अगस्त की तिथि नियत की है।

## आयुष चिकित्सालय में चोरी, एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ:** पीजीआई इलाके के कल्ली पश्चिम में स्थित 50 बेड के आयुष चिकित्सालय परिसर में दो डॉक्टरों के कमरे में लगे एसी के आउटडोर और जनरेट चोर उठा ले गए। सीएमएस ने थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है।

सीएमएस डॉ. संदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि 50 बेड के आयुष चिकित्सालय में चोरी हुई है। इसकी जानकारी उस समय हुई जब बुधवार सुबह डॉक्टरों ने कमरे में पहुंचकर एसी ऑन किया। बाहर जाकर देखा तो एसी का आउटडोर और जनरेटर गायब था। आशंका है कि चोर पीछे की बाउंड्री वॉल से अंदर घुसे और चोरी की वारदात कर भाग निकले। इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश चन्द्र तिवारी ने बताया कि अस्पताल के सीएमएस की तहरीर पर चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

### मौसम

बादल छाए रहेंगे। उमस बढेगी। कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

| 35.9° | 26.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### शहर में आज



- भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में कजरी पर आधारित कार्यशाला 11:00 बजे।
- विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में भोजपुरी महोत्सव 3:00 बजे।
- चौक स्टेडियम में जिला फुटबॉल लीग के मुकाबले 3:00 बजे।
- वरदान खण्ड, गोमती नगर नगर क्षेत्र जोन 2 में आउट आफ स्कूल बच्चों को चिन्हित करने और आयु संगत कक्षा में प्रवेश दिलाए जाने का अभियान 04:00 बजे
- होटल ताज में रूमी फाउंडेशन की ओर से वाजिद अली शाह फेस्टिवल 6.00 बजे।

### एक नजर

#### 5 दिन और मिलेगी गृहकर में 10 प्रतिशत की छूट

**अमृत विचार, लखनऊ :** गृहकर पर पांच दिन और 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 31 जुलाई को यह सुविधा समाप्त हो रही है। इसके बाद नगर निगम गृहकर पर कोई छूट नहीं देगा। यह जानकारी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने दी। उन्होंने भवन स्वामियों से वित्तीय वर्ष 2024-25 का गृहकर अधिक से अधिक संख्या में जमा करके छूट का फायदा उठाने की अपील की है।

#### 4.4145 हेक्टेयर भूमि को कराया कब्जामुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** तहसील सरोजनीनगर, मलिहाबाद, बीकेटी, सदर और मोहनलालगंज में शुक्रवार को उपजिलाधिकारियों के नेतृत्व में अभियान चलाकर 4.4145 हेक्टेयर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। सरोजनीनगर के ग्राम कल्ली पश्चिम में ऊसर के रूप में दर्ज 3.749हेक्टेयर, मलिहाबाद के ग्राम गोखौरा के 0.0845 हेक्टेयर चकमार्ग, मोहनलालगंज के ग्राम पूरनपुर में 0.0890 हेक्टेयर, बीकेटी के ग्राम पैकरा मऊ की बंजर में दर्ज 0.379 हेक्टेय भूमि कुल से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। तहसील सदर के ग्राम सैथा में ग्राम समाज की 0.068 हेक्टेयर भूमि से भी अतिक्रमण हटाया गया।

# तकरोही में एक और मौत, 50 बीमार सीएमओ कर रहे डायरिया से इनकार

## शिविर लगाकर कराई 174 लोगों की जांच, पेट दर्द व दस्त से पीड़ित मिले कई लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** तकरोही में शुक्रवार को डायरिया से पीड़ित एक अधेड़ की मौत हो गई। उसका अंतिम संस्कार स्थानीय लोगों ने चंदा लगाकर करवाया। वहीं सीएमओ ने डायरिया से मौत होने से इनकार किया है। इस क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए शिविर में पहुंचे 174 मरीजों में से करीब 50 में डायरिया के लक्षण मिले।

तकरोही के मायावती और डूडा कॉलोनी में दूषित जलापूर्ति के कारण करीब एक सप्ताह से डायरिया का प्रकोप है। गत बुधवार को 12 वर्षीय किशोरी कायनात की मौत हो गई। एक अन्य बुजुर्ग की भी मौत हुई थी, लेकिन उसकी मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई थी। शुक्रवार तड़के करीब चार बजे डूडा कॉलोनी के रहने वाले विश्राम उर्फ विश्वराम (51) की मौत हो गई। पत्नी मंजू देवी ने बताया कि उनके घर मे सप्लाई का पानी आता है। जिसे पीने से सभी सदस्य पेट दर्द और दस्त से पीड़ित हैं। विश्राम को भी पेट दर्द और दस्त की शिकायत थी। दवा से आराम नहीं मिल रहा था। गुरुवार रात विश्राम की तबियत बिगड़ गई। परिजन अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि सुबह करीब चार बजे मौत हो गई।

विश्राम मजदूरी कर पत्नी मंजू देवी व चार बच्चे बेटा अंशू (17), हिंमांशु (13), किसन लाल (7), लड़की लक्ष्मी (11) का भरण-पोषण करता था। इसके अंतिम संस्कार के लिए भी घर में जमा पूंजी नहीं थी। हंसराम, महेंद्र, नसीम, यार मोहम्मद ने बताया कि कॉलोनी के लोगों ने चंदा जुटाकर मृतक का अंतिम संस्कार कराया।



मृतक विश्राम

▶▶ **चंदा जुटाकर करवाया गया अंतिम संस्कार**



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### ये मरीज पहुंचे शिविर

सोनी, अमायरा, दिनेश, विनय, मुन्नीदेवी, राहुल गोस्वामी, आरती, खुशबू, अमृत, विद्धि, सिद्धि, पूनम, अनामिका, शुभ, राजाराम, रमा, दीपिका, किसन अवस्थी, रोली रोहानिका, गणेश, ममता, मोनिका, नरेश।

### स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड में महज 4 मरीज

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को तकरोही में लगे शिविर में 174 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इनमें से सिर्फ 4 लोगों को हल्के पेट दर्द और दस्त की शिकायत थी। क्षेत्र में एम्बुलेंस और स्वास्थ्य शिविर की 24 घंटे की सेवा दी जा रही है। वहीं एसीएमओ डॉ. गोपीलाल, डॉ. निशांत निर्वाण ने स्वास्थ्य टीम के साथ 345 घरों का सर्वेक्षण कर 1580 लोगों की स्क्रीनिंग करवाई। दूसरी ओर जलकल विभाग की ओर से क्षेत्र में पानी के टैंकर लगाए गए हैं। नगर निगम की ओर से भी वृहद स्तर पर साफ-सफाई कराई गई।



स्वास्थ्य शिविर में दवा लेते लोग। अमृत विचार

### नौबस्ता में 65 मरीज मिले 16 को डायरिया के लक्षण



एंबुलेंस वैन में लोगों की जांच व दवा देते स्वास्थ्य कर्मी।

**अमृत विचार :** फैजुल्लागंज के नौबस्ता में अब डायरिया का प्रकोप कम होने लगा है। शुक्रवार दोपहर तक एम्बुलेंस यूनिट में महज 65 मरीज दवा लेने के लिए आए। इनमें से 16 मरीजों में हल्के डायरिया के लक्षण थे। एम्बुलेंस यूनिट में डॉ. सूर्यकांत मिश्रा, दिव्यानी पण्डेय, श्याम प्रकाश और उर्मिला देवी ने लोगों को दवा वितरित की। नौबस्ता में भी करीब एक सप्ताह से दूषित जलापूर्ति के कारण बीमारी फैली हुई है। क्षेत्र में पानी के टैंकर लगाए गए हैं।

### पत्नी के मौत के बाद पति ने जताई डायरिया की आशंका

मायावती कॉलोनी की रहने वाली कलावती (50) की भी बुधवार को मौत हो गई थी। पति हनुमान प्रसाद ने बताया कि वह कई दिनों से बीमार थी। डायरिया के भी लक्षण थे। बुधवार को हालात गंभीर होने पर पहले नजदीक के निजी अस्पताल ले जाया गया। सुधार न होने पर शाम को महानगर स्थित फातिमा अस्पताल ले गए। अस्पताल के गेट पर पहुंचते ही दम तोड़ दिया।

### विधायक ने अधिकारियों को दिए निर्देश

तकरोही में डायरिया के प्रकोप का संज्ञान लेते हुए पूर्वी विधानसभा के विधायक ओपी श्रीवास्तव ने सीएमओ को फोन कर स्थिति से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर नगर आयुक्त को भी निर्देशित किया है।

# दोगुनी की जाएगी कैंसर संस्थान में इमरजेंसी की क्षमता

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैंसर संस्थान मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए संस्थान प्रशासन ने इमरजेंसी की क्षमता दोगुनी की जाएगी। अभी तक इमरजेंसी की क्षमता 20 बेडों की है।

संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने बताया कि एक से दो माह में बेड बढ़ाने की प्रक्रिया पूरी करा ली जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्थान में 264 नर्सों की भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इनमें से 95 प्रतिशत नर्सों ने ज्वाइन भी कर लिया है। उनकी ड्यूटी लगा दी गई है। इसके अलावा 19 ओटी सहायक व अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती भी की जा चुकी है।

# बसों में 36 का शुल्क देकर बनवाएं 60 फेरों की एमएसटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **केवल 100 किलोमीटर तक के दायरे में बस से सफर के लिए जारी की जाती है एमएसटी**

**अमृत विचार :** रोडवेज की साधारण बसों में रोजाना सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी व राहत की खबर है। राज्य सड़क परिवहन निगम ने एक बार फिर से एमएसटी मंथली सीजन टिकट में भारी स्तर पर बंपर छूट दे रहा है।

यह जानकारी देते हुये रोडवेज लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आर के त्रिपाठी ने बताया कि रोडवेज की साधारण बसों में रोजाना यात्रा करने वाले छात्र-छात्रायें, राज्य कर्मचारी, महिलाएं 100 किमी यात्रा के लिए 36 ट्रिप के पैसे देकर 60 फेरों के लिए एसएसटी बनवाकर यात्रा का लाभ ले सकते हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम यात्रियों के लिए यह खास स्कीम समय-समय पर चलाता है। सामान्य यात्री यूपीएसआरटीसी की बसों में रोजाना सफर करते हैं तो एमएसटी बनवा सकते हैं इसमें साधारण बसों में 60 ट्रिप यानी फेरों के लिए पास बनाया जाता है हालांकि निगम आपसे सिर्फ 36 ट्रिप के एमएसटी का ही पैसा लेगा। एमएसटी पास केवल 100 किलोमीटर तक के दायरे में जारी किए जाते हैं।

# आधार और पैन एडिट कर वाहन फाइनेंस कराने वाले गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार

## हीरो फाइनेंस का कर्मी और चोला मंडलम बैंक का एक्जीक्यूटिव भी शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने फर्जी आधार और पैन कार्ड से शोरूम से फाइनेंस कराकर अलग-अलग जिलों में कम दाम पर वाहन बेचने वाले गिरोह का फंडा फोड़ किया है। गिरोह के छह सदस्यों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर कब्जे से विभिन्न कंपनियों की 20 बाइकें बरामद की गई हैं। गिरोह में हीरो फाइनेंस का कर्मी और चोला मंडलम बैंक का एक्जीक्यूटिव भी मिला है।

एसटीएफ पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार सिंह के मुताबिक, उनके संज्ञान में आया था कि लखनऊ समेत आसपास के जिलों में बैंकों, बीमा कंपनियों व सर्वेयरों की सांठ-गांठ से फर्जी आधार कार्ड पर शोरूम से फाइनेंस करा दो पहिया वाहनों को नियम विरुद्ध बेचकर करोड़ों की ठगी करने वाला गिरोह सक्रिय है। बताया गिरोह के भंडाफोड़ के लिये निरीक्षक हेमन्त भूषण सिंह के नेतृत्व टीम लगाई गई। शुक्रवार को इंदिरानगर क्षेत्र में पिकनिक स्पॉट के पास गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी लखनऊ के अलग-अलग थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। आरोपियों के कब्जे से 20 बाइक, मोबाइल और नगदी बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ इंदिरानगर थाने में धोखाधड़ी व फर्जीवाड़ा समेत बीएनएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसपी ने बताया गिरोह के सदस्य अलग-अलग जिलों में वाहन कम दामों पर बेचते थे। गिरोह का सदस्य अभिषेक ने बताया कि वह हीरो फाइनेंस और शशांक श्रीवास्तव चोला मण्डलम बैंक में एक्जीक्यूटिव है। दोनों साथ मिलकर यह काम करते हैं। इसमें इब्राहिम किसी व्यक्ति को झांसे में लेकर आधार कार्ड की व्यवस्था कर आकिब खान को देता है।



जुनैद



इब्राहिम



अभिषेक



आकिब



दानिश



उस्मान

**20** बाइकें बरामद

**06** फोन भी मिले

### गिरफ्तार आरोपी

आकिब खान निवासी, नजरबाग, वर्तमान पता सेक्टर 13 राजाजीपुरम, अभिषेक सिंह, निवासी 10 बी, कृष्ण लोकनगर, फैजुल्लागंज, मो. इब्राहिम, निवासी दुबग्गा बाजार, जुनैद खान निवासी, नन्दाखेडा दरियापुर कालोनी, थाना खाला बाजार, अब्दुल दानिश खान, निवासी मौलवीगंज, अमीनाबाद थाना नाका, और मो. उस्मान उर्फ बाबू निवासी दरियापुर कॉलोनी, थाना बाजार खाला

### बरामदगी

कुल 20 दो पहिया वाहन बरामद। इनमें 10 बुलेट, 7 स्कूटी, 3 बाइक, छह मोबाइल फोन और 9570 रुपये नगद बरामद किये गये हैं।

### साइबर कैफे से आधार कार्ड एडिट करता था आकिब

आकिब उसी आधार कार्ड को एडिट कर फर्जी पता दर्ज कर देता है। बैंक वाले उस पते को खोज न पायें। इसलिये आकिब खान अलग-अलग साइबर कैफे से आधार कार्ड की एडिटिंग करता था। एडिट आधार अभिषेक के पास जाता था। शोरूम में अभिषेक व शशांक के कारण आसानी से फाइनेंस हो जाता था। इससे वाहन आसानी से मिल जाता था।

### बेरोजगारों को लालच देकर हासिल करते थे आधार व पैन

पश्चिमी एवं मध्य लखनऊ में सक्रिय गैंग ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार को रुपयों का लालच देकर उनका मोबाइल नंबर, आधार व पैनकार्ड आदि दस्तावेज हासिल करते हैं। इसके बाद पैन व आधार का पता बदल देते हैं। इसके बाद ऐसे व्यक्ति की तलाश करते हैं, जो कम पैसे में वाहन खरीदना चाहता है। वे उसे भी झांसा देते थे।

### नाम-पते का बिना वेरीफिकेशन कर देते थे सत्यापन

पहले से तैयार फर्जी कागजात से संबंधित बैंक में अप्लाई करते हैं। जहां गिरोह से सांठ-गांठ करने वाले फाइनेन्सर व सर्वेयर नाम पते का वेरिफिकेशन किए बिना ही सत्यापित कर देते हैं। इससे आसानी से वाहन का लोन पास हो जाता था। इसके बाद यह लोग वाहन को उस व्यक्ति को सौंप देते थे।

### किस्ते डिफाल्ट होने से पूरी धनराशि एनपीए हो जाती

फाइनेंस में लगाए गये कागजात में फर्जी नाम पता होने से बैंक में किस्तों का पैसा जमा नहीं होता है। इसके चतले बैंक की सभी किश्तें डिफाल्ट हो जाती हैं। इसके चलते पूरी धनराशि एनपीए हो जाती है। नाम पते फर्जी होते और वाहन किसी और के पास होने के कारण बैंक रिकवरी आदि भी नहीं करा पाते हैं।

# दर्जनों गांवों में घंटों गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **करीब 10 हजार की आबादी को 4 घंटे से ज्यादा समय तक करना पड़ा बिजली संकट का सामना**

**अमृत विचार :** बिजनौर उपकेंद्र के चंद्रावल फीडर से पोषित दर्जनों गांवों में केबल फॉल्ट के चलते बीती गुरुवार रात सप्लाई बाधित रही। इससे करीब 10 हजार की आबादी को 4 घंटे से ज्यादा समय तक बिजली संकट का सामना करना पड़ा।

चंद्रावल फीडर के अंतर्गत चंद्रावल, लक्ष्मण खेड़ा, सहदुल्ला खेड़ा, नटुकर, सैनिक विहार कॉलोनी, सीआरपीएफ गेट नंबर 3 सहित दर्जनों गांवों में गुरुवार रात 10 बजे 200 घरों से ज्यादा की बिजली सप्लाई ठप हो गई। एसडीओ अजय यादव ने बताया कि रात में हुई बारिश के बाद फाल्ट हुआ। जिसके बाद कई गांवों की बिजली सप्लाई बाधित हो गई। देर रात 2 बजे के बाद सप्लाई को सामान्य कर दिया गया।

दूसरी ओर 11 केवी लाइन के तार टूटने से बीती गुरुवार रात मोहनलालगंज के पूरनपुर सब स्टेशन के कालूबीरन खेड़ा, सेंवई और दहियर की बिजली सप्लाई बाधित हो गई। तीन दर्जन गांवों के पांच हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं को करीब 6 घंटे तक बिजली संकट से जूझना पड़ा। रात 2 बजे इसकी जानकारी अधिशासी अभियंता एसके अग्रवाल को दी गई। सुबह लगभग 5 बजे तक कालूबीरन खेड़ा और सेंवई फीडर से पोषित 28 गांव के लोगों को बिजली सप्लाई मिल सकी। दहियर फीडर में टूटे तारों को जोड़कर आधा दर्जन गांवों की बिजली आपूर्ति को सुबह 8 बजे चालू किया जा सका।

### कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के कई इलाकों में एलटी केबल, एसएमसी बॉक्स इंस्टालेशन, जर्जर तार सहित खंभों को बदलने का कार्य किया जाएगा। जीएसआई उपकेंद्र के श्रीनगर फीडर के अंतर्गत 400 केवीए ट्रांसफार्मर से पोषित इलाके में एलटी केबल सहित अन्य कार्य किया जाएगा। इसकी वजह से कई इलाकों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। वहीं मुंशी पुलिया खंड के 33 केवी उपकेंद्र के सेक्टर-14 न्यू गायत्री मार्केट फीडर से पोषित शिवाजीपुरम और पंडितपुरवा क्षेत्र में पोल लगाने, एसएमसी बॉक्स और एबीसी केबल के डालने का कार्य किया जायेगा। इससे गायत्री मार्केट सहित आरएलबी और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।

# बिलिंग में लापरवाही बरतने पर कार्यकारी सहायक निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत वितरण खंड मलिहाबाद के क्षेत्र में बिलिंग कार्य में बड़ी लापरवाही बरती गई। इस पर अधीक्षण अभियंता योगेंद्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को कार्यकारी सहायक संजीव कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उन्हें कार्यालय अधिशाषी अभियंता विद्युत परीक्षण खंड लखनऊ ग्रामीण अमौसी क्षेत्र से अटैच किया गया है।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि संजीव की लापरवाही के कारण कई उपभोक्ताओं के बिलों का डाटा पेश नहीं किया गया। इसके चलते कई उपभोक्ताओं के बिल नहीं बन सके। इसकी शिकायतें भी अफसरों से कई बार की गई।

# एयरपोर्ट पर एप से टैक्सी की बुकिंग कुछ ही देर में हो जाती है कैंसिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से शहर में आने के लिए एप से टैक्सी की बुकिंग कुछ ही देर में कैंसिल हो रही है। इससे यात्री काफी परेशान हैं।

एयरपोर्ट पर रोजाना 20 से 22 हजार यात्रियों की आवाजाही होती है। सुबह से रात तक 125 से अधिक घरेलू और अन्तरराष्ट्रीय उड़ानें हैं। यात्रियों के मुताबिक बीते एक सप्ताह से एयरपोर्ट पर आसानी से कैब नहीं मिल रही। एक यात्री ने बताया कि दिल्ली से लौटने के बाद उनकी बुकिंग चार बार निरस्त हुई। इसमें डेढ़-पौने दो घंटे बर्बाद हुए। इसके बाद बुकिंग मिली लेकिन वृंदावन योजना तक के 800 रुपये चुकाने पड़े। एयरपोर्ट परिसर से यात्रियों को पैदल चलकर बाहर निकलना पड़ रहा है। ऐसे में बड़ी संख्या में यात्री कृष्णानगर या ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन तक जाते हैं। इसके बाद जो कैब एयरपोर्ट से 800 से 900 रुपये की पड़ती है, वहीं मेट्रो स्टेशनों से कैब 300 से 350 रुपये में मिल जाती है।

### 150 रुपये देने के बावजूद एयरपोर्ट परिसर का पास जरूरी

कैब ओनर चालक एसोसिएशन वेलफेयर समिति महासचिव कौशल सिंह के मुताबिक एयरपोर्ट ने कैब के लिए 500 रुपये महीना और 6000 सालाना पार्किंग शुल्क तय किया है। वर्ष में दो-तीन महीने एयरपोर्ट नहीं जाने वाली टैक्सियों का पास नहीं बनता। जितनी बार वे एयरपोर्ट परिसर में जाएंगीं, उन्हें हर बार 150 रुपये देने होंगे। यह पैसा यात्रियों से वसूलना पड़ता है।

> यह मामला ऐप आधारित टैक्सी सेवा से जुड़ा है। लखनऊ एयरपोर्ट अथारिटी यात्रियों की बेहतर यात्रा सुनिश्चित कराने की दिशा में कार्य कर रहा है।
> – एयरपोर्ट प्रवक्ता

दिक्कत | कस्टमर की केयर नहीं कर रहा बिजली विभाग का 'कस्टमर केयर'

# मिलाते रहिए 1912, बजती रहेगी घंटी या फिर सुनाई देगी बिजी टोन

नीरज अभिषेक, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोगों की सुविधा के लिए बिजली विभाग की ओर से शुरू की गई कस्टमर केयर (1912) सेवा का बुरा हाल है। लोगों को राहत देने वाली यह सेवा अब कस्टमर की ही केयर नहीं कर पा रही है। उपभोक्ताओं के फोन का स्वागत या तो इंगेज रिंग करती है या फिर घंटी बजा करती है और समस्या को लेकर जवाब देने वाले जिम्मेदार संज्ञान नहीं लेते हैं।

बता दें कि कस्टमर केयर पर उपभोक्ताओं की 1500 से ज्यादा शिकायतें रोजाना आती हैं। ऐसे में उपभोक्ता सिर्फ उपकेंद्रों के ही चक्कर लगाने को मजबूर हैं। पावर कॉरपोरेशन और ऊर्जा मंत्री के तमाम दावों के बाद भी राजधानी की बिजली व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है। वर्तमान में राजधानी के गोमती नगर विस्तार, चिनहट, शिवाजीपुरम कॉलोनी, जानकीपुरम विस्तार, कानपुर रोड, तेलीबाग, एलडीए कॉलोनी, इंदिरा नगर, ठाकुरगंज, उतरेटिया, चौपटिया, बांसमंडी, बीकेटी, राजाजीपुरम समेत कई इलाकों में कस्टमर केयर पर सर्वाधिक शिकायतें दर्ज की जाती हैं।

▶▶ **समस्या को लेकर जवाब देने वाले जिम्मेदार नहीं लेते संज्ञान**

**उपकेंद्र पर नाराज लोगों का फूट चुका है गुस्सा :** पिछले तीन दिनों में जानकीपुरम, बालागंज और बासमंडी के बिजली उपभोक्ताओं ने सब स्टेशन, विभाग के अधिकारियों और कस्टमर केयर पर फोन मिलाने के बाद उपकेंद्र पर धावा बोल दिया। इसकी वजह से कर्मचारी उपकेंद्र छोड़कर भाग गए।

**7 दिनों में 130 से ज्यादा ट्रांसफॉर्मर हुए ध्वस्त :** उमस और गर्मी के चलते बीते 7 दिनों में 130 से ज्यादा ट्रांसफॉर्मर खराब हो चुके हैं। 4,000 से ज्यादा ट्रांसफॉर्मर पर लोड बढ़ाने की जरूरत है। लेसा अधिकारियों की मानें तो हर दिन 20 से ज्यादा छोटे-बड़े ट्रांसफॉर्मर खराब होते हैं।

**केस 1** कानपुर रोड स्थित एलडीए कॉलोनी निवासी ज्ञानेश्वर के यहां बुधवार रात को बिजली चली गई। जेई, एसडीओ और अधिशासी अभियंता को फोन मिलाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कस्टमर केयर के नंबर पर 20 मिनट तक लगातार फोन मिलाया, लेकिन फोन व्यस्त ही रहा।

**केस 2** बिजली बाधित होने पर गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-6 निवासी राकेश सिंह ने विभाग के कस्टमर केयर नंबर-1912 पर फोन किया। रिंग गई, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला।

**केस 3** 20 दिनों से हर 2 घंटे में बाधित हो रही विद्युत आपूर्ति और लो-वोल्टेज पर बालागंज निवासी ज्योति सिंह ने उपकेंद्र को फोन किया तो किसी ने नहीं उठाया। कस्टमर केयर के नंबर पर फोन मिलाते रहे, लेकिन फोन नहीं उठा।

> जब अलग-अलग इलाकों में आपूर्ति बाधित हो जाती है तो हर क्षेत्र से फोन आने लगते हैं। इससे नंबर इंगेज मिलता है। वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर समस्या को दूर किया जाएगा। –**वीके सिंह**, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

## सार-संक्षेप



चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के चुनाव के दौरान उपस्थित निर्वाचित पदाधिकारी।

### रवि कुमार अध्यक्ष, दिनेश बने महामंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** रवि कुमार कनौजिया को चकबंदी विभाग मुख्यालय में हुए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के चुनाव में अध्यक्ष चुना गया। दिनेश कुमार शुक्ला महामंत्री, चंदन सिंह उपाध्यक्ष, बंसीलाल सयुक्त मंत्री, हेमलता संगठन मंत्री, कन्हैया लाल प्रचार मंत्री, संतोष कुमार ऑडिटर निर्वाचित हुए व विश्राम को संरक्षक के रूप में मनोनीत किया। चुनाव अधिकारी राजकुमार सिंह अध्यक्ष चकबंदी निदेशालय मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ ने बताया की निर्वाचित पदाधिकारी का कार्यकाल दो वर्षों का होगा।

### करंट की चपेट मे आकर हुई गायों की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजली विभाग की लापरवाही के चलते सरोजनीनगर में शुक्रवार को करंट की चपेट में आकर दो गायों की मौत हो गई। नादरगंज पावर हाउस से पोषित 11 हजार वोल्टज लाइन स्कूटर इंडिया चौराहे के पास पुलिस बूथ के पीछे ट्रांसफार्मर रखा है। बीते दिनों इस ट्रांसफार्मर में आई खराबी को बिजली कर्मचारियों ने ठीक किया था। लेकिन लापरवाही के चलते ट्रांसफार्मर में लगे केबिल के अगल-बगल लगी लोहे की जाली में करंट उतर आया। ग्रामीणों के अनुसार सुबह करीब 5 :30 बजे दो गाय करंट की चपेट में आ गईं। इसकी सूचना देने के लिए लोगों ने कई बार नादरगंज पावर हाउस पर फोन किया लेकिन 2 घंटे बाद बिजलीकर्मियों ने फोन रिसीव किया। इसके बाद सप्लाई बंद करके गायों के शव को अलग किया गया। उधर सूचना पाकर पहुंची नगर निगम की टीम दोनों गायों के मौके से उठा ले गई।

### महापौर ने बुलाई प्रमुख विभागों की बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार और अतिक्रमण को लेकर महापौर सुषमा खर्कवाल ने शनिवार को सुबह 11 बजे लालबाग स्थित स्मार्ट सिटी सभागार में सभी प्रमुख विभागों की बैठक बुलाई है। जिसमें पुलिस आयुक्त, कमिश्नर, डीएम, एलडीए उपाध्यक्ष, नगर आयुक्त, सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी, क्षेत्रीय प्रबंधक, एनएचएआई के परियोजना निदेशक, चीफ इंजीनियर लेसा और लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता उपस्थित रहेंगे। बैठक में यातायात व्यवस्था में सुधार और शहर में अतिक्रमण मुक्त करने पर प्रभावी रणनीति बनाई जाएगी। महापौर ने बताया कि लखनऊ को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमणमुक्त बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

# जीआईएस सर्वे में बढ़ा गृहकर हुआ एक चौथाई से भी कम

## जीआईएस समाधान दिवस में सभी 163 आपत्तियों का हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** जीआईएस सर्वे में एमआईजी मकान का पांच गुना बढ़ा गृहकर जीआईएस समाधान दिवस में एक चौथाई से भी कम हो गया। भवन स्वामी महिला जोनल कार्यालय का एक साल से चक्कर लगा रही थी।

लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में शुक्रवार को आयोजित जीआईएस समाधान दिवस में महापौर सुषमा खर्कवाल ने आपत्तिकर्ताओं की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इसके अलावा बकाया गृहकर पर लगे ब्याज पर भी छूट दी गयी। समाधान दिवस में सभी 163 भवन स्वामियों की आपत्तियों का निस्तारण हो गया।

जीआईएस समाधान दिवस में सभी अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, सभी जोनल अधिकारी, कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक व कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ जीआईएस सर्वे की टीम उपस्थित रही।



नगर निगम के त्रिलोकी नाथ हाल में गृह कर समाधान दिवस में जनता की समस्या सुनते नगर निगम अधिकारी।

**केस 1**

अमीनाबाद रोड के बशीरतगंज-गनेशगंज वार्ड में भवन संख्या 133/252क आमना खातून के नाम है। जीआईएस सर्वे में भवन का वार्षिक मूल्य बढ़ाकर 46,552 रुपये कर दिया गया, जिससे गृहकर बढ़कर 6982 रुपये हो गया। जीआईएस समाधान दिवस में जांच के बाद भवन का वार्षिक मूल्य घटकर 9652 रुपये और गृहकर घटकर 1447 रुपये हो गया।

**केस 2**

जोन सात के इन्दिरा नगर सेक्टर 15 में भवन संख्या 12/385 नगर निगम में कुसुम तिवारी के नाम दर्ज है। जिसकी आईडी 9157ई20310 है। जीआईएस सर्वे में भवन का वार्षिक मूल्य 41328 रुपये कर दिया, जिससे गृहकर बढ़कर 6200 रुपये हो गया। आपत्ति पर सुनवाई के बाद वार्षिक मूल्य घटकर 12,600 रुपये और गृहकर कम होकर 1890 हो गया।

| जोन | आपत्तियां | निस्तारित |
|---|---|---|
| जोन-1 | 14 | 14 |
| जोन-2 | 10 | 10 |
| जोन-3 | 27 | 27 |
| जोन-4 | 8 | 8 |
| जोन-5 | 18 | 18 |
| जोन-6 | 36 | 36 |
| जोन-7 | 35 | 35 |
| जोन-8 | 15 | 15 |
| योग | 163 | 163 |

## शहंशाह बिल्डिंग में तरही मुसालमा आज

**अमृत विचार :** नक्खास स्थित शहंशाह बिल्डिंग में शनिवार 20 मोहर्रम की रात को तरही मुसालमे का आयोजन किया जाएगा। शुमूम आरफी ने बताया कि इस वर्ष का मुसालमा डॉ. आरिफ रजा और जाकिरा कनीज सकीना की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं:-

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| GEM/2024/ B/5204190 | Battery operated Mobile Lifting Platforms (Scissor Lift) as per attached annexure. | 02 Nos. | 16.08.2024 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी GEM वेबसाइट यानि **https://gem.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

सं.: GEM/2024/B/5204190 दिनांक: 25.07.2024 2278/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **16.08.2024 को 15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नही किये जायेगे।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 07402024 दिनांक 25.07.2024 |
| निविदा संख्या | 1. 22-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 2. 23-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 3. 19-Sr-DEN-III-LKO-2024-25 |
| कार्य का नाम | 1. वरि. मण्डल इंजीनियर-पष्ठम, लखनऊ के कार्यक्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर - उन्नाव के अधीन रेलवे कॉलोनी, डलमऊ में जलापूर्ति प्रणाली के संवर्धन के साथ-साथ पुराने स्टील पानी की टंकी और ट्यूबवेल (खुले कुएं) के स्थान पर नए ओवर हेड आरसीसी पानी की टंकी और पंप हाउस का प्रावधान एवं सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग के अधीन फाफामऊ स्टेशन की कॉलोनी में अन्य सहायक कार्यों के साथ-साथ पुराने स्टील ओवर हेड टैंक के स्थान पर आरसीसी ओवर हेड टैंक के निर्माण के प्रावधान का कार्य। |
| | 2. वरि. मण्डल इंजीनियर-पष्ठम, लखनऊ के कार्य क्षेत्र में PBH-PFM सेक्शन में पुल संख्या 132 के लिए जल स्तर निगरानी प्रणाली, स्कॉर मॉनिटरिंग, आरओवी द्वारा जल सर्वेक्षण एवं नदी तल की 3D स्कैनिंग आदि का कार्य। |
| | 3. वरि0 मण्डल इंजीनियर-तृतीय लखनऊ के कार्यक्षेत्र में पुल संख्या 66 (BSB-ZBD) के लिए स्कॉर मॉनिटरिंग, आरओवी द्वारा पानी के नीचे सर्वेक्षण, नदी तल की 3D स्कैनिंग आदि का कार्य एवं पुल संख्या 16 (JNH-ZBD) पुल संख्या 66 (BSB-DDU) के लिए पोर्टेबल ट्रेन डिटेक्टिंग सिस्टम का कार्य। |
| अनुमानित लागत | 1. Rs.2,33,44,906.70 2. Rs.29,81,338.08 3. Rs.38,02,206.64 |
| धरोहर राशि | 1. Rs.2,66,700.00 2. Rs.59,600.00 3. Rs.76,100.00 |
| कार्य की समापन अवधि | 1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दस माह। क्रम सं. 2 से 3 के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से साठ माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं. 1 से 3 के लिए: 02.08.2024 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं. 1 से 3 के लिए: 16.08.2024 |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2279/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# निर्माण व आय में एलडीए प्रदेश में प्रथम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आवास विकास मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित विभिन्न प्राधिकरणों की समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग नितिन रमेश गोकर्ण ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र जारी किया है। एलडीए को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 'निर्माण एवं विकास व अर्जित आय' के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रदेश में पहला स्थान मिला है। एलडीए की ओर से प्रभारी मुख्य अभियंता केके गौतम ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया, शासन की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित आय के लिए 1317.04 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके सापेक्ष एलडीए ने रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए 1709.15 करोड़ रुपये की आय अर्जित की, जो पूरे प्रदेश में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि एलडीए को सबसे ज्यादा आय ई-नीलामी से बेची गयीं उन व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्तियों से हुई है, जिन पर कई वर्षों से भू-माफिया का अवैध कब्जा था। एलडीए ने अभियान चलाकर प्राधिकरण की बेशकीमती सम्पत्तियों से अवैध कब्जा हटवाया। जिसके बाद इन सम्पत्तियों का साइट प्लान तैयार कराके इन्हें ई-नीलामी में लगाया गया। इन भूखण्डों पर दो से तीन गुना अधिक कीमत तक बोली लगी और एलडीए को निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक सफलता प्राप्त हुई।



अपर मुख्य सचिव के हाथों प्रमाणपत्र प्राप्त करते एलडीए की ओर से प्रभारी मुख्य अभियंता

- **प्रभारी मुख्य अभियंता ने अपर मुख्य सचिव के हाथों लिया प्रशस्ति पत्र**
- **1317.04 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष कमाए 1709.15 करोड़**

# देश में एमडीआर टीबी का हर चौथा रोगी यूपी में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार देश में लगभग 1 लाख 10 हजार ड्रग रेसिस्टेन्ट टीबी (एमडीआर) के रोगी हैं। इनमें से उत्तर प्रदेश में ही 27500 रोगी है। यानि देश के ऐसे टीबी रोगियों में हर चौथा रोगी उत्तर प्रदेश का है। यह जानकारी किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग प्रमुख डॉ. सूर्यकांत ने शुक्रवार को आयोजित नेशनल अपडेट कार्यक्रम में दी।

डॉ. अंकित कुमार ने बताया कि रोगियों की संख्या बढ़ने की मुख्य वजह दवाएं बीच में छोड़ना, अप्रशिक्षित चिकित्सकों से उपचार कराना, कुपोषण, डायबटीज और धूम्रपान करना है। उन्होंने कहा कि दवाओं से रोगी चिकित्सकीय रूप से ठीक तो हो जाता है मगर एक लम्बे समय तक काम न कर पाने की वजह से हताशा व निराशा के कारण अक्षम महसूस करता है। ऐसे में पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन की सेवाएं न केवल उसमें एक नई ऊर्जा प्रदान करता है बल्कि उसे शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ होने में भी मदद करता है। इस मौके पर डॉ. ऋषि सक्सेना, डॉ.अतुल कुमार सिंह, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. राजीव गर्ग, डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. आनन्द श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति बाजपेई और डॉ. दर्शन बजाज मौजूद रहे।



- **केजीएमयू में आयोजित कार्यक्रम में रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने दी जानकारी**


**आवश्यकता है**

**डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय** से प्राप्त सम्बद्धता सं. 2351/2024 दि. 20.07.24 व शासन के आदेश के क्रम में स्नातक स्तर पर बीए व बीएससी पाठ्यक्रम संचालित है। महाविद्यालय में निम्नवत पद रिक्त हैं। **प्राचार्य एक पद** तथा हिन्दी अंग्रेजी, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान, भूगोल, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान तथा गणित विषयों में **प्रवक्ता एक-एक पद** हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त आवश्यक प्रपत्रों को महाविद्यालय में **दि. 05.08.24 तक** जमा करें। योग्यता समस्त पद हेतु विश्वविद्यालय/ शासन व यूजीसी की मानक्तसनुसार होगी।

**प्रबन्धक डॉ. रीना मिश्रा**
**मो. 9451564982**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै./ओटी/13/2024 दिनांक 24.07.2024**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती हैः- **क्र.सं.-1, कार्य का नामः** इज्जतनगर मंडल में काठगोदाम, काशीपुर, हाथरा सिटी में आर.पी.एफ. पोस्ट का प्रावधान एवं इज्जतनगर मण्डल के विभिन्न सेक्शन में प्रतिबन्धित विजिबिलिटी के 11 नग एल.सी. गेट की इन्टरलोकिंग तथा इज्जतनगर मण्डल के विभिन्न सेक्शन में 12 नग एल.सी. गेट की इन्टरलोकिंग थ्रू एफएसी और ईएलडी, आरटीयू डाटालोगर, आई.पी.एस. 11 नग एल.सी. गेट की इन्टरलोकिंग कार्य से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **विवरणः अनुमानित लागत (₹में):** ₹ 32,02,380.61, **धरोहर राशि (₹में):** ₹ 64,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹में):** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः** 19.08.2024, 11:00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** चार माह, **क्र.सं.-2, कार्य का नामः** इज्जतनगर मंडल में कानपुर-फर्रूखाबाद सेक्शन में मनीमऊ स्टेशन पर हाल्ट को क्रासिंग स्टेशन में बदलने के द्वारा नये गुड्स शेड का प्रावधान कार्य से सम्बंधित विद्युतीय कार्य तथा कासगंज स्टेशन की एनएमजी के लिये स्फर लाईन एण्ड 01 स्टेबलाईजिंग लाईन, कोचिंग डिपो की सर्विस बिल्डिंग का आगमेन्टेशन, एम एण्ड पी परोक्योरमेन्ट से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य, **विवरणः अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 35,50,050.45, **धरोहर राशि (₹में):** ₹ 71,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹में):** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः** 19.08.2024, 11:00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** चार माह, **नोटः** • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई-टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर**
**मुजाधि/विद्युत-94**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"


# ई-कॉमर्स से आर-पार के लिए हो जाएं तैयार व्यापारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- **आदर्श व्यापार मंडल के सम्मेलन में कारोबारियों को सोशल मीडिया का उपयोग करने की सलाह**
- **व्यापारियों को दिलाई सदस्यता किया संगठन का विस्तार**

**अमृत विचार :** "उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, उतरेठिया इकाई" के तत्वावधान में शुक्रवार को साईं गेस्ट हाउस, रायबरेली रोड पर "क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन" का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि ई-कॉमर्स व्यापार करने की आधुनिक विधा है, देश की जनता एवं युवाओं ने इसे अपना लिया है।

परंपरागत व्यापारियों को भी ई-कॉमर्स पर अपने व्यापार को लाना होगा उन्होंने कहा अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए सोशलमीडिया व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं अपनी वेबसाइट बनाकर प्रतिष्ठान एवं उत्पाद को प्रदर्शित करें। संजय गुप्ता ने कहा कि वर्तमान युग डाटा का युग है। व्यापार बढ़ाने के लिए अपने ग्राहकों का एक डाटा बैंक तैयार करके प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि बैंकों से लोन लेने के लिए अपना सिबिल स्कोर ठीक रखें तथा क्रेडिट कार्ड का उपयोग सावधानी से करें।

नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। सम्मेलन में 25 नए व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों को सदस्यता दिलाई तथा उतरेठिया इकाई का विस्तार भी किया। सदस्यता लेने वाले व्यापारियों में प्रमुख रूप से ऋषि मिश्रा ,पवन पाठक, प्रेम प्रकाश खरे,संतोष सिंह, विनय जायसवाल, अरविंदर कौर, आयुष मिश्रा, ऋषभ यादव, पूनम मिश्रा मुकुल सिंह आदि शामिल थे

व्यापारियों ने अपनी बाजारों की अतिक्रमण, विद्युत विभाग, शौचालय पार्किंग से संबंधित विषय प्रमुखता से उठाएं तथा ई-कॉमर्स से व्यापार प्रभावित होने का मुद्दा गर्म जोशी से उठाया।

सम्मेलन में हाईवे प्लाजा उतरेठिया, पीजीआई मार्केट एवं तेलीबाग बाजार के व्यापारी मौजूद रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता उतरेठिया बाजार के अध्यक्ष क्षितिज अवस्थी ने की। उन्होंने हाईवे प्लाजा परिसर में पार्किंग, सीवर एवं शौचालय का मुद्दा उठाया।



रायबरेली रोड पर आयोजित आदर्श व्यापार मंडल के सम्मेलन में व्यापारियों को शपथ दिलाते संगठन प्रमुख संजय गुप्ता।

# निशुल्क नारायण लिंब शिविर कल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नारायण सेवा संस्थान की ओर से दिव्यांगों के लिए रविवार को निशुल्क नारायण शिविर का आयोजन विभूतिखंड, गोमतीनगर स्थित दयाल गेटवे होटल में किया जाएगा। संस्थान के जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने शुक्रवार को बताया कि शिविर में दिव्यांगों का परीक्षण ओर्थोटिस्ट एवं प्रॉस्थेटिक विशेषज्ञ करेंगे।

गुणवत्तायुक्त हल्के व टिकाऊ कृत्रिम अंगों की नाप ली जाएगी। कृतिम अंग बनने के बाद उन्हें वितरित कर दिया जाएगा। अभी तक 913 से ज्यादा लोग पंजीकरण करवा चुके हैं। संस्थान निदेशक ट्रस्ट्री देवेंद्र चौबीसा ने बताया कि पदमश्री अलंकृत संस्थापक कैलाश मानव की प्रेरणा से संस्थान विगत 39 वर्षों से संस्थान मानवता और दिव्यांगता के क्षेत्र में सेवारत है। संस्थान अब तक 45200 से अधिक कृत्रिम अंग लगा चुका है।

शिविर में स्थानीय संगठन इनरव्हील क्लब ऑफ लखनऊ, भारतीय दोसर वैश्य महासमिति उत्तर प्रदेश, लखनऊ जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, मारवाड़ी युवा मंच श्रद्धा शाखा, मारवाड़ी युवा मंच मुस्कान शाखा, हेल्प यू एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट, ब्राह्मण परिवार लखनऊ, विश्वगुरु भारत परिषद् ,भारत विकास परिषद् मानसरोवर, पुरवार पोरवाल समाज, हेल्पिंग यूथ फाउंडेशन, बिजनेस कनेक्ट लखनऊ, सर्वेभ्यो फाउंडेशन आदि जुड़े हुए हैं।




शिविर के बारे में प्रेस को अवगत कराते नारायण सेवा संस्थान के ट्रस्टी देवेन्द्र चौबीसा, भगवान प्रसाद गौड व अन्य।


**कार्यालय नगर पंचायत शिवगढ़, रायबरेली**

पत्रांक :691/ अधि0अधि0 / न0पं0 शिव0 / ई-टेण्डरिंग / सू0प्रका0/2024-25 दिनांक - 26/07/2024

**पुनः ई-निविदा - सूचना**

नवसृजित नगर पंचायत शिवगढ़, जनपद रायबरेली में मुख्य मंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्य को कराये जाने हेतु शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आई टी/2017 अनुभाग-2 दिनांक 12-05-2017 के क्रम में यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड विडर्स/कान्ट्रैक्टर्स / वेल्डर्स को सूचित किया जाता है, कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नलिखित सारणी में प्रदर्शित है:-

**टेण्डर शेड्यूल** (www.e-tender.up.nic.in **पर**)

| क्र0 सं0 | नगर पालिका परिषद रायबरेली | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 27-07-2024 11:00 AM | |
| 2 | Tender Download | 27-07-2024 11:00 AM | 03-08-2024 3:00 PM |
| 3 | Bid Submission | 27-07-2024 11:00 AM | 03-08-2024 3:00 PM |
| 4 | Bid Opening | 03-08-2024 04:00 PM | |
| | Bid Opening Place | Office Nagar Panchayat Shivgarh Raebareili | |

किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा मूल्य खाता संख्याः 41873080136 व IFSC CODE- SBIN0018415 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा शिवगढ रायबरेली में जमा किया जा सकता है। नियम, शर्ते एवं अन्य जानकारी सम्बंधित वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in अथवा कार्यालय नगर पंचायत शिवगढ़, जिला रायबरेली में किसी भी दिन कार्यालय समय में देखा जा सकता है।

**राजभान शुक्ल (अधिशासी अधिकारी)**
**नगर पंचायत शिवगढ़**
**रायबरेली**

**सुमन (अध्यक्ष)**
**नगर पालिका शिवगढ़**
**रायबरेली**



**अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार**

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मै माता प्रसाद यादव पुत्र श्री खुशीराम यादव निवासी 587ए/ 156, गाँधी नगर,तेलीबाग लखनऊ शपथ पूर्वक यह सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार योजित सिंह यादव जन्म तिथि 29 नवम्बर 2009 है। कतिपय जगह पर मेरे पुत्र का नाम योजित यादव अंकित है। मेरे पुत्र को भविष्य में योजित सिंह यादव के नाम से ही जाना पहचाना जाए। माता प्रसाद यादव

**Notice**

I Nancy Abrol D/o Mr. Pradeep Abrol unfortunately I lost my pass certificate of I. C. S. E. Board class 10th. Whose particulars are as index No. 1196248/019year of passing March -2019and my paas certificate of I. C. S. E Board class 12th. Whose particulars are as index No. 2213900/038year of passing March -2021 School's Lakhimpur kheri Name Saint Ann college Palia Kalan district - Lakhimpur kheri. R/o village & post & police station Bhira kheri, palia District Lakhimpur kheri (U.P)

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल अनुक्रमांक 23139048 वर्ष 2020 और इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 23630966 वर्ष 2022, आधार कार्ड नंबर 698461152862, पेन कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र के मूल प्रमाण पत्र 16 जुलाई 2024 को सैफई तहसील आते समय कहीं गिर गये हैं। कोई दुरुपयोग न हो इसके लिए सूचना दी जा रही है। **पारस यादव पुत्र सुशील कुमार निवासी नगला नेता पोस्ट हरदोई जिला इटावा।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने अपने पुत्र अभिषेक कश्यप व बहू मंजू कश्यप को उनके समाज विरोधी गतिविधियों, गलत व्यवहार व क्रियाकलापों के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किसी भी प्रकार के लेनदेन का वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **हरि किशन कश्यप पुत्र टेढ़े नि0 ग्राम गुरुडवा देवरिया जिला सीतापुर, वर्तमान पता B-146, आजाद नगर बालागंज कैंपवेल रोड, लखनऊ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विनोद कुमार पुत्र भगौती प्रसाद अपनी मर्जी से अपने पुत्र अनिकेत व बहू मान्सी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। इनके द्वारा किसी भी प्रकार के कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **विनोद कुमार पुत्र श्री भगौती प्रसाद नि0 ग्राम रेवाली मजरा, भगवंतपुर थाना रामपुर कलां तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने बड़े पुत्र हरशीद राठौर को उसके चाल-चलन व आचरण व मेरे परिवार से हमेशा दुर्व्यवहार अथवा मारपीट करने के कारण उसको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज से मेरा व मेरे परिवार से उसका कोई रिश्ता नाता नहीं रहा। उसके द्वारा कोई भी अपकृत्य या अपराध के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **कामता प्रसाद राठौर पुत्र बिहारी राठौर निवासी काकोरी रेलवे स्टेशन दुर्गागंज, अमेठिया, सलेमपुर, काकोरी, जिला लखनऊ।**

**सूचना**

सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल सन 2012 व इंटरमीडिएट सन 2014का अनुक्रमांक /प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। जिसका हाई स्कूल अनुक्रमांक 2428700 व इंटरमीडिएट का अनुक्रमांक 1773 115 है । सौरभ कुमार कुशमेश पुत्र स्व चंद्रिका प्रसाद निवासी ग्राम रानी कटरा कोतवाली टिकैत नगर तहसील सिरौली गौसपुर जिला बाराबंकी

**सूचना**

मैंने, अपनी पुत्री वंशिका सिंह का नाम बदलकर तेजस्वी सोनी रख दिया है। भविष्य में इसे तेजस्वी सोनी के नाम से जाना पहचाना जाये एवं सभी अभिलेखों में सही नाम दर्ज किया जाये- प्रियंका वर्मा पुत्री बृज किशोर वर्मा नि.- म. न. 537/घ 150, श्रीनगर कॉलोनी, सीतापुर रोड, मोहिबूल्लापुर लखनऊ

**सूचना**

मेरी दुकान सं - S96 और S97 ई ब्लॉक मार्केट राजाजीपुरम लखनऊ के आवंटन पत्र और कब्ज़ा पत्र की मूल प्रति खो गयी है जिसका प्रयोग अवैध है - संतोष कुमार पुत्र कनहिया लाल गुप्ता निवासी - D-1/142, विराजखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र सुरेश जुयाल को उसके गलत आचरण व कार्य व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। उसके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **गायत्री देवी जुयाल पत्नी स्व0 महीधर प्रसाद जुयाल निवासिनी डी-193, फेस-2, टिकैतराय तालाब, एल.डी.ए. कालोनी, थाना- बाजार खाला, लखनऊ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम राज कुमार बंसल अंकित है। परन्तु मैंने अपना नाम बदलकर हरी जी बंसल HARI G BANSAL रख लिया है। तथा मैं अब हरी जी बंसल HARI G BANSAL के नाम से जाना व पहचाना जाता हूं। **हरी जी बंसल HARI G BANSAL पुत्र गौरी शंकर अग्रवाल निवासी 6/1050, जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर-6, निकट भवानी चौराहा, थाना जानकीपुरम, लखनऊ।**

**सूचना**

Pramod Sukla, son of Jagdish Chandra, resident of village Chaudhariyapur police station Sandi tehsil Bilgram district Hardoi, Army No. 14445011H RANK Hav pramod sukla That my wife's correct name is Sneh Shukla and date of birth is 15.06.1983, whereas in the service record, Sneh Lata and date of birth is 28.02.1984 and father's correct name is Jagdish Chandra and date of birth is 05.06.1951, whereas in the service record, Jagdish Sukla and date of birth is 01.07.1952 and mother. Her real name is Rajeshvri and date of birth is 01.01.1950 whereas in the service records, Geeta Sukla and date of birth is 01.07.1957 and instead of sons' names Ashish Shukla S/O Pramod Shukla and Manish Shukla s/o Pramod Shukla has been written in to Army Record as Ashish Sukla s/o Pramod Sukla, Manish Sukla s/o Pramod Sukla .

# अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरने में सहायक होगी एनईपी

## बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन व प्रत्यायन परिषद की बैठक का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


कार्यशाला के दौरान नैक चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे को मोमेंटो देते बीबीएयू के कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) उच्च शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतारने में मददगार रहेगी। यह बात नैक चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की क्षेत्रीय कार्यशाला में कही।

उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रक्रिया में इन मूल्यों की मदद से मजबूत शिक्षा प्रणाली का विकास किया जा सकता है। कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र में नैक डायरेक्टर प्रो. गणेशन कन्नाबिरन ने बाइनरी प्रत्यायन ढांचा विषय पर विस्तृत चर्चा की। द्वितीय तकनीकी सत्र में नैक एडवाइजर डॉ. बीएस पोनमुदिराज ने नैक मूल्यांकन से संबंधित मीट्रिक और माप विषय के बारे में बताया। तृतीय तकनीकी सत्र में पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। नैक डायरेक्टर प्रो. गणेशन कन्नाबिरन ने कहा कि मूल्यांकन का नया ढांचा व्यवसाय करने में आसानी और सिस्टम में मजबूती लाएगा। नैक के डिप्टी एडवाइजर डॉ. प्रशांत पी. परहाद ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य कुलपति और प्रधानाचार्यों को नैक की जानकारी देना है। बीबीएयू के कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा ने कहा कि आंकड़ों को एकत्रित एवं व्यवस्थित करते रहना चाहिए, जिससे मूल्यांकन के समय आने वाली चुनौतियों को दूर किया जा सके। इस अवसर पर नैक एडवाइजर डॉ. बी.एस. पोनमुदिराज, आईक्यूएसी डायरेक्टर बीबीएयू प्रो. रामचन्द्रा, डॉ. विनीता साहू सहित चण्डीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, हिमांचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, उत्तराखंड और प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपति, आईक्यूएसी डायरेक्टर, प्रधानाचार्य एवं शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

### 5 वर्षों में 90% संस्थान नैक मूल्यांकन में होंगे शामिल

नैक सदस्य प्रो. शुचिता पाण्डेय ने बताया कि शिक्षा प्रणाली में मूल्यांकन के लिए बदलाव की आवश्यकता है। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय एवं संस्थान आगे आएं। आगामी 5 वर्षों में देश के 90% शिक्षण संस्थानों को नैक मूल्यांकन प्रक्रिया में शामिल करना ही उद्देश्य है।

# इंजीनियरिंग कॉलेजों में नैक ग्रेडिंग के साथ एनबीए की मान्यता भी कराई जाए : प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल (नैक) की कार्यकारी परिषद और नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन के चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे ने कहा है कि देश के सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में नैक ग्रेडिंग के साथ एनबीए की मान्यता भी कराई जाए। ताकि इसकी मदद से छात्रों को विदेशों में भी आसानी से पढ़ाई और रोजगार के अवसर मिल सकें।


प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे

नैक चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे ने कहा कि विदेशी मान्यता वाशिंगटन एकॉर्ड के तहत यदि भारतीय छात्र नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिटेशन (एनबीए) से मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग संस्थान में स्नातक की शिक्षा पूरी कर उच्च शिक्षा अथवा रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता है तो उसे आसानी होगी। इसलिए संस्थानों को डरने की जरूरत नहीं है। सभी संस्थान अपना मूल्यांकन कराएं, इसके बाद संस्थान एक्रिडिएटेड की श्रेणी में आ जाएगा। इससे छात्रों को विदेश में जाकर अध्ययन और रोजगार पाने में मदद मिलेगी।

**मेडिकल - एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के लिए इंटर्नशिप रहेगी कारगर :** नैक चेयरमैन ने कहा कि अक्सर देखा गया है कि मेडिकल-एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी छात्रों को डिग्रियां और शोधपत्र तो जारी कर देती है लेकिन अभ्यास के रूप में उनके हाथ कुछ नहीं लगता। इंटर्नशिप योजना युवाओं को हुनरमंद और रोजगार के अवसर देगी।

**लाइफलॉग लर्निंग के लिए बने वेल्यूबेस्ड सिस्टम :** प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे ने बताया कि उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि लाइफलॉग लर्निंग के लिए वेल्यूबेस्ड सिस्टम बनाए जाएं। ताकि नए सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र आधुनिक सुविधाओं के आधार पर अध्ययन पूरा कर सकें।

## एक नजर

### लविवि : काउंसिलिंग के लिए 29 तक मौका

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में डीफार्मा की काउंसिलिंग के लिए 29 तक मौका दिया गया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि ऑनलाइन काउंसिलिंग की अंतिम तिथि 25 जुलाई से बढ़ाकर 29 जुलाई कर दी गई है। लॉगिन आईडी के माध्यम से फीस जमा करनी अनिवार्य है।

### छात्रवृत्ति आवेदन के लिए खुला पोर्टल

अमृत विचार, लखनऊ : समाज कल्याण विभाग में छात्रवृत्ति आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्रवृत्ति योजना में आवेदन करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया गया है। सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राएं 31 दिसंबर 2024 तक और अनुसूचित जाति/जनजाति के 31 मार्च 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। समाज कल्याण विभाग की ओर से पूर्व दशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना संचालित की जाती है। वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। सितंबर माह तक नए कॉलेज भी इससे जुड़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं। यूडाइस और आइस वाले कॉलेज ही पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे।

### सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम संभव : डॉ. सौम्या

अमृत विचार, लखनऊ : गुरुनानक विद्यालय गर्ल्स इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के रोकथाम और उसके लिए लगाई जाने वाली वैक्सीन के बारे में समस्त छात्राओं से जानकारी साझा की गई। अजंता हॉस्पिटल की स्त्री रोग कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सौम्या गुप्ता ने सर्वाइकल कैंसर के रोकथाम के मूलमंत्र बताए। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉक्टर ने छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर दिए। संचालन अजंता हॉस्पिटल के चीफ जनरल मैनेजर केएस ऐबॉट ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज की प्रधानाचार्य मंजीत कौर ने प्रस्तुत किया।

### विधि विश्वविद्यालय में काव्य प्रतियोगिता आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रोफेसर अमरपाल सिंह उपस्थित रहे। समिति द्वारा घोषित किये गए परिणामों में प्रथम स्थान तन्वी राय को मिला। दूसरे स्थान पर अर्चिता गर्ग और तीसरे स्थान पर वनीषा भंडारी रहीं।

# तीन नए पाठ्यक्रमों को मिली मंजूरी

## नए सत्र में शुरू होंगे एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स), ऑनलाइन एमबीए-बीबीए पाठ्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय अब एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) और ऑनलाइन एमबीए - बीबीए पाठ्यक्रमों को नए सत्र में लाने जा रहा है। विश्वविद्यालय में गवर्निंग बोर्ड सदस्यों की बैठक में तीन पाठ्यक्रमों को मंजूरी मिल गई है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि गर्वनिंग बोर्ड के अध्यक्ष व विवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में गवर्निंग बोर्ड समिति की बैठक हुई। इसमें बीबीए (विशेषज्ञता के बिना कोर) यूजी कार्यक्रम की सिफारिश की गई। कई सारे तथ्य बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत हुए। उसी के आधार पर तीन नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी मिली। बीबीए के पाठ्यक्रम को एआईसीटीई नोडल पाठ्यक्रम और 2023 के लखनऊ विश्वविद्यालय यूजी अध्यादेश के साथ संगत बनाने के लिए संशोधित किया गया। एमबीए ऑनलाइन पाठ्यक्रम शुरू करने की मंजूरी दी गई। इसमें एमबीए (नियमित वित्त एवं नियंत्रण/मानव संसाधन/विपणन/अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय) और एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) कार्यक्रम को सम्मिलित किया। बताया कि तीनों पाठ्यक्रम सत्र 2024-25 से शुरू किये जाएंगे।


लविवि के गवर्निंग बोर्ड की बैठक करते अध्यक्ष व कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय।

### दो पाठ्यक्रमों की सीटों का होगा आवंटन

लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश सत्र 2024-25 के अन्तर्गत शनिवार को आवंटन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर कुल विवरण उपलब्ध कराया गया है। सीट आवंटन प्रक्रिया के बाद फीस भी जमा कराई जाएगी।

### प्रबंध अध्ययन संकाय बनने के लिए अनापत्ति पत्र जारी

शासन द्वारा व्यापार प्रशासन विभाग को प्रबंध अध्ययन संकाय बनने के लिए अनापत्ति पत्र जारी कर दिया गया। इसी के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय का 12वां संकाय बन गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि व्यापार प्रशासन विभाग में उत्कृष्ट और अपने विद्या में अग्रणी शिक्षक रहे हैं और यह विभाग अपने पूर्व छात्रों के रूप में उत्कृष्ट पेशेवरों वाला एक पुराना विभाग रहा है। बता दें कि एलयू में कुल 22000 छात्रों में से 2200 से अधिक छात्र विभिन्न प्रबंधन कार्यक्रमों में अध्ययन कर रहे हैं, जो विश्वविद्यालय के कुल छात्र संख्या का 10 प्रतिशत है।

**विधि संकाय में विभागीय प्लेसमेंट सेल का उद्घाटन :** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में विभागीय प्लेसमेंट सेल का उद्घाटन विधि संकाय के हेड और डीन प्रो. बीडी सिंह और न्यू कैंपस के निदेशक प्रो. आरके सिंह के मौजूदगी में हुआ। प्रो. बीडी सिंह ने प्लेसमेंट सेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सेल छात्रों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा। सेल के समन्वयक डॉ. भानु प्रताप ने भी सेल के छात्रों को आगामी दिनों में काम करने के दिशा- निर्देश दिए। इस मौके पर प्लेसमेंट सेल के छात्र समन्वयक सुमित सिंह, उत्कर्ष, ध्रुव, आर्ची, आदित्य, सिद्धांत और अन्य छात्र मौजूद रहे।

# लखनऊ विवि में नवसृजित हुआ प्रबंध विभाग



**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से प्रबंध विभाग नवसृजित किया गया है। विश्वविद्यालय प्रवक्ता का कहना है कि वाणिज्य संकाय के व्यापार प्रशासन विभाग को वाणिज्य संकाय से पृथक कर नया विभाग बनाया गया है। नव सृजित प्रबंध अध्ययन संकाय में समाहित किये जाने के प्रस्ताव को लेकर उच्च शिक्षा विभाग की ओर से अनापत्ति दी गई है। विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रबंध अध्ययन संकाय सृजित कर वाणिज्य संकाय के व्यापार प्रशासन विभाग का नाम परिवर्तित किया गया है। प्रबंध विभाग के नाम से प्रबंध अध्ययन संकाय के अन्तर्गत समाहित किये जाने विषयक प्रस्ताव पर शासन की ओर से आदेश मिल चुका है।

# राजकीय व निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह आवेदन आईटीआई में नियमित चलने वाले कोर्स तथा टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से संचालित 149 राजकीय संस्थानों में 11 दीर्घकालीन व्यवसायों के प्रशिक्षण सत्र के लिए किया जा सकता है, जो अगस्त 2024 से शुरू होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी एससीवीटी की वेबसाइट http://www.scvtup.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

इस बारे में जानकारी देते हुए व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्रायें आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन में त्रुटि सुधार के लिए दो दिन मौका :** अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टियों में किसी भी प्रकार की त्रुटियों के संशोधन हेतु अभ्यर्थियों को 2 दिन (48 घंटे) का समय दिया जाएगा। प्रवेश से संबंधित जानकारी हेतु अभ्यर्थी विवरणी को पूर्ण रूप से या आवश्यकता अनुसार किसी भी भाग को प्रिंट कर सकते हैं या डाउनलोड कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 04 अगस्त 2024 की रात्रि 12 बजे तक है।

▸▸ ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 4 अगस्त




### पंजीकरण शुल्क

- सामान्य और पिछड़ा वर्ग : 250 रुपये
- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति : 150 रुपये



पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद सड़क पर बैठ कर नारे बाजी करते तदर्थ शिक्षक। अमृत विचार

# मानदेय को लेकर तदर्थ शिक्षकों ने निकाला मार्च

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** तदर्थ शिक्षकों ने शुक्रवार को शिक्षा निदेशालय से मार्च निकाला। तदर्थ शिक्षक भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा देने के लिए भाजपा कार्यालय की ओर जैसे बढ़े, पुलिस प्रशासन ने उन्हें वहीं रोक लिया और आगे नहीं बढ़ने दिया। तदर्थ शिक्षकों ने भाजपा की टोपी और गमछा उतार कर विरोध व्यक्त किया। तदर्थ शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल को पुलिस प्रशासन भाजपा कार्यालय लेकर गए और कार्यालय प्रभारी को ज्ञापन दिया। भाजपा कार्यालय प्रभारी ने आश्वासन दिया की बहुत ही जल्द प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात कराकर मुख्यमंत्री से आपकी वार्ता कराई जाएगी।

प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह का कहना है कि प्रदेश सरकार ने एक ही झटके में 2254 तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दीं। प्रदेश संगठन मंत्री प्रभात त्रिपाठी का कहना है प्रदेश के समस्त तदर्थ शिक्षक जिनकी सेवाएं शासनादेश से समाप्त हुई हैं उन से अपील है कि एक भी तदर्थ शिक्षक मानदेय की नियुक्ति न ले, जब तक सरकार हमें हमारे पदों के सापेक्ष समायोजित नहीं करती है।

# बच्चों ने किया मिट्टी की कला का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


मिट्टी के खिलौने और मूर्तियों के साथ प्राथमिक विद्यालय बौरोमऊ के बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरकारी स्कूलों में आयोजित हो रहे शिक्षा सप्ताह के क्रम में पांचवें दिन बच्चों ने मिट्टी की कला का प्रदर्शन किया। प्राथमिक विद्यालय बौरोमऊ में बच्चों ने खिलौने और मूर्तियां के साथ क्राफ्ट बनाए तो वहीं प्राथमिक विद्यालय भिठौली खुर्द चिनहट में छात्रा ने फर्श पर कंप्यूटर बना दिया।

मोहनलालगंज के प्राथमिक विद्यालय विश्रामखेड़ा में बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से प्राकृतिक चित्रों का प्रदर्शन किया। खरगापुर जागीर प्राथमिक विद्यालय में बच्चों ने कागज के खिलौने बनाये और यहां बागवानी भी की। जोन चार में प्राथमिक विद्यालय नया ऐशबाग में बच्चों ने कागज के थैले बनाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। वहीं बेसिक स्कूल रायपुर में मीडिया कर्मियों की भूमिका भी बच्चे नजर आये। बता दें कि मौजूदा समय में राजधानी सहित प्रदेश भर के 1.33 लाख सरकारी विद्यालयों में न्यू एजुकेशन पॉलिसी के 4 वर्ष पूरे होने पर शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा के दिशा निर्देशन में हो रहा है। इसका समापन 28 को होगा।

**बनाया मिट्टी से गैस चूल्हा, सिलेंडर और बेड व सोफा :** प्राथमिक विद्यालय गौरा मोहनलालगंज में बच्चों ने मिट्टी से किचेन के सामान के साथ साथ गैस चूल्हा सिलेंडर बनाया। इसके अलावा मिट्टी से ही बेट और सोफा के साथ-साथ केक भी बनाया। यहां भी बच्चों ने बागबानी की और पेपर बैग बनाया।

**खेल-खेल में पढ़ाई :** प्राथमिक स्कूल पपना मऊ में बच्चों ने मोबाइल के माध्यम से रीड एलांग ऐप के माध्यम से खेल-खेल में पढ़ाई की वहीं डिजिटल व्यवस्था को समझा। इसमें कक्षा एक और दो बच्चे शमिल रहे।

### इसलिए हो रहा आयोजन

नई शिक्षा नीति के तहत केंद्र की ओर से प्रत्येक राज्य में प्रयोग के तौर पर शिक्षा सप्ताह का आयोजन हो रहा है। सरकारी स्कूलों में 28 जुलाई तक शिक्षक किस्से-कहानी सुना रहे हैं। बच्चे मिट्टी के खिलौने बना रहे हैं। इसके अलावा अन्य कई रोचक गतिविधियां भी हो रही हैं। आखिरी दिन 28 जुलाई को कम्युनिटी इन्वाल्वमेंट-डे पर रैली निकाली जाएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने की ओर से ये निर्देश जारी किया गया था।

### बनाया छोटा अ और बड़ा आ


प्राथमिक विद्यालय भिठौलीखुर्द चिनहट में बच्चों ने फर्श पर मिट्टी के माध्यम से छोटा अ और बड़ा आ लिखकर मिट्टी की कला का प्रदर्शन किया।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय–
सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय–
सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

# पूर्व विधायक के गनर ने सेक्शन ऑफिसर के चालक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ खाली प्लॉट के बाहर लघु शंका करने पर हुआ विवाद

**अमृत विचार :** गोमतीनगर विपुलखंड में खाली प्लॉट के बाहर लघु शंका करने पर पूर्व विधायक के गनर ने राजस्व विभाग की सेक्शन ऑफिसर के चालक को पीट दिया। पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। मामला थाने पहुंचा। जहां चालक ने अपनी गलती मानते हुए माफी मांगी।

गोमती नगर विस्तार निवासी दीपू विपुल खंड निवासी राजस्व विभाग की सेक्शन ऑफिसर नीतू सिंह की कार चलाता है। गुरुवार को सेक्शन ऑफिसर नीतू सिंह चालक दीपू के साथ बच्ची को स्कूल लेने गई थी। वहां से वापस आने के बाद उन्हें ऑफिस के लिए निकलना था। चालक घर के बाहर ही इंतजार कर रहा था। इस दौरान उसे लघु शंका महसूस हुई। वह पास के खाली प्लॉट के बाहर नाली में निवृत्त होने लगा। इसी बीच बीकेटी से भाजपा के पूर्व विधायक अविनाश त्रिवेदी का गनर आ गया। उसने चालक से आपत्ति की। इस पर दोनों के बीच कहासुनी हुई, नाराज गनर ने चालक दीपू को पीट दिया। नीतू ने जब गनर को रोकने का प्रयास किया तो गनर चालक को अपनी कार में बैठाकर गोमतीनगर थाने लेकर चला गया। प्रभारी निरीक्षक गोमतीनगर दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया।

## डॉक्टर पर हमला करने वाले दो गिरफ्तार

**अमृत विचार :** एग्निस अस्पताल के डॉ. रवि देव पर हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को गोमतीनगर विस्तार इलाके में स्थित एग्निस अस्पताल में मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसी बात से नाराज परिजन और रिश्तेदारों ने स्टाफ और डॉ. रवि पर हमला कर दिया। बुधवार सुबह इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। वहीं, डॉक्टरों ने आईएमए के नेतृत्व में डीसीपी पूर्वी कार्यालय तक मार्च निकालकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी।

प्रभारी निरीक्षक गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में बंथरा के पहाड़पुर का अंशु सिंह और रायबरेली के लालगंज स्थित झबरा निवासी प्रदीप सिंह शामिल है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

▸▸ निजी अस्पताल में मरीज के मौत के बाद हुई थी मारपीट

## हेड कांस्टेबल को पीटा, 10 पर एफआईआर

**अमृत विचार :** गौतमपल्ली थाने में तैनात हेड कांस्टेबल अशोक कुमार की पड़ोस में रहने वाले दो भाइयों ने पिटाई कर दी। पीड़ित ने चिनहट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

कमता न्यू पंचवटी कॉलोनी निवासी हेड कांस्टेबल आशोक ने बताया कि उनके मकान से सटा हुआ मल्हौर निवासी मुर्तजा का प्लॉट है। जिसमें बड़ी मात्रा में कबाड़ और प्लॉस्टिक जमा की गई है। कबाड़ में आग लगने के कारण कभी भी हादसा हो सकता है। यह बात उन्होंने मुर्तजा से कही थी। जो मुर्तजा को नगवार गुजरी। 24 जुलाई को अशोक दूध लेकर घर लौट रहे थे। तभी मुर्तजा ने भाई नासिर और राजा के साथ मिल कर हमला कर दिया।

### दो दर्जन लोगों ने घेरा घर बरसाए पत्थर

आरोपियों ने रॉड से अशोक को बुरी तरह से पीटा। झगड़ा होते देख हेड कांस्टेबल को बचाने के लिए बेटा और भतीजा दौड़ पड़े। जिनके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि मुर्तजा, नासिर और राजा के बुलावे पर करीब दो दर्जन लोग आ गए और घर घेर लिया। इसके बाद अशोक के घर पर पथराव भी किया। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पीआरवी वैन को देखकर आरोपी भाग निकले। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## युवक पर बियर की बोतल से किया हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** हसनगंज क्षेत्र में जन्मदिन की पार्टी से लौटते समय हुए विवाद में युवक पर बियर की बोतल व चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, डालीगंज निवासी अभय शुक्ला ने प्रार्थना-पत्र में बताया कि गुरुवार को भाई अमन के बेटे की बर्थ डे पार्टी में दोस्त मोहित और गुंजन आए थे। घर लौटते समय अभय रास्ते में मोहित की स्कूटी से टकरा गया। मोहित व गुंजन नशे में थे। गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने बीयर की बोतल और चाकू से अभय पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस का कहना है कि मोहित की अभय से लेनदेन को लेकर रंजिश है। बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### बुजुर्ग ने बेटे व पौत्री पर लगाया पीटने का आरोप

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा थाने में मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, पुराही खेड़ा निवासी भगौती प्रसाद ने प्रार्थना-पत्र में बताया कि उसका बेटा राजेश आए दिन शराब पीकर उसे पीटता है। इसके अलावा पौत्री भी जान से मराने की धमकी देती है। आरोप है कि राजेश व उसकी बेटी ने शुक्रवार को उसे व बुजुर्ग पत्नी को जमकर पीट दिया। पुलिस ने जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

### गोमती नदी में अधेड़ का शव मिला, शरीर पर गार्ड की वर्दी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गौतमपल्ली में शुक्रवार को गोमती में अज्ञात अधेड़ का शव मिला। पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव मोर्च्युरी में रखवा दिया। इंस्पेक्टर के मुताबिक, शाम करीब 6 बजे पिपरा घाट पर गोमती नदी में अधेड़ का शव देख लोगों ने सूचना दी थी। उम्र तकरीबन 50 वर्ष प्रतीत हो रही है। शरीर पर सिक्योरिटी गार्ड की वर्दी है।

### महिला से छेड़छाड़ करने वाला कारोबारी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूतिखंड थाने में महिला ने रियल एस्टेट कारोबारी पर छेड़छाड़ व पीटने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने दिए प्रार्थना-पत्र में बताया वह चौक निवासी रियल एस्टेट कारोबारी अजमत उल्ला खां के विभूतिखंड स्थित दफ्तर में काम करती है। आरोप है कि अजमत आए दिन उससे छेड़छाड़ करता है। विरोध पर वह पिटाई भी कर चुका है। इससे परेशान होकर उन्होंने शुक्रवार को थाने में शिकायत की। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, चालक गंभीर

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाजारखाला में शुक्रवार रात तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर चालक को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस के मुताबिक, पारा के पिंक सिटी निवासी विजय शंकर गुप्ता बाइक से मिल एरिया चौकी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक ने टक्कर मार दी। विजय बाइक समेत रेलिंग से टकरा गए। आरोपी चालक ट्रक समेत भाग निकला। पुलिस ने बताया घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### गोकशी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा पुलिस ने शुक्रवार को गोकशी के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर भिनव कुमार वर्मा के मुताबिक, आरोपियों की पहचान माल निवासी जलालू, रहीमाबाद निवासी इमारन गाजी और सुरती खोड़ा निवासी आरिफ अली के रूप में हुई। उनके पास से दो चाकू, एक बांका, दो बाइक, एक ऑटो और फर्जी आधार कार्ड बरामद किए हैं। तीनों पर इटौली गांव में एक मवेशी को काटने का आरोप है।

# शाइन सिटी के सीएमडी और उसके भाई ने हड़प लिया स्कूल

## 10 करोड़ रुपये में आरोपियों ने दी आधी रकम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बंथरा इलाके के दरोगाखेड़ा निवासी भानुप्रताप सिंह ने शाइन सिटी के सीएमडी और उसके भाई समेत तीन पर स्कूल हड़पने का आरोप लगाया है। आरोप है कि तीनों ने उसे मिलने वाले 5 करोड़ रुपये भी नहीं दिए। वहीं, छात्रों की फीस भी दबा गए। इस मामले में पीड़ित ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

भानु प्रताप सिंह ने बताया कि उनका कानपुर रोड पर ही हाम कैम्पस नाम से स्कूल है। इसके संचालन के लिए उन्होंने बैंक से लोन लिया था। भानु के स्कूल में ही सदर निवासी मो. सूफी कंटेंट डिजाइनर के पद पर काम करता था। सूफी शाइन सिटी के लिए एजेंट का भी काम करता था। भानु को दिक्कत में फंसे देख सूफी ने शाइन सिटी के सीएमडी राशिद नसीम और एमडी आसिफ नसीम से मुलाकात कराई। जिन्होंने हाम कैम्पस स्कूल के संचालन की हामी भर दी। दोनों के बीच हुए समझौते के आधार पर राशिद और आसिफ को 60 तथा भानु को 40 प्रतिशत का हिस्सा तय किया गया। कागजी कार्रवाई के बाद शाइन सिटी के एमडी आसिफ ने एजेंट सूफी को संचालन का जिम्मा सौंपा। दोनों पक्षों में हुए एग्रीमेंट के तहत करीब 10 करोड़ रुपये में स्कूल का सौदा किया गया। इसमें से आधी रकम ही भानु को दी गई। कुछ दिनों तक स्कूल चलाने के बाद आसिफ ने आगे काम करने से मना कर दिया। वहीं बचे हुए पांच करोड़ रुपये भी नहीं दिए। स्कूल पर कब्जा कर लिया। आरोप है कि आसिफ ने बच्चों से फीस भी ली थी। जिसे स्कूल की जगह अपने निजी बैंक खाते में जमा कर लिया। इंस्पेक्टर बंथरा राम सिंह ने बताया कि पीड़ित की प्रार्थना पत्र पर मामला दर्ज कर लिया गया है।




▸▸ दोनों भाइयों समेत तीन पर छात्रों के फीस का लाखों रुपये दबाने का आरोप

### सीआरपीएफ जवान से प्लॉट के नाम पर ठगी

**अमृत विचार :** सीआरपीएफ के मुख्य आरक्षी ने प्रॉपर्टी डीलर पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। आरोप है कि प्लॉट की रजिस्ट्री तो कर दी लेकिन कब्जा नहीं दिलाया। पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। मूलरूप से भदोही के छतमी निवासी सभाजीत यादव केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में मुख्य आरक्षी के पद पर कार्यरत है। वर्तमान में उनकी तैनाती चंडीगढ़ में है। सभाजीत के मुताबिक, वर्ष 2017 में उन्होंने शक्ति इंफ्राकॉन प्रा. लि. के मालिक घनश्याम यादव से जमीन के लिए संपर्क कर गोसाईगंज के कोरियानी गांव में पत्नी के नाम प्लॉट की रजिस्ट्री करवाई थी। लेकिन कब्जा नहीं दिया। वर्ष 2022 में घनश्याम ने दो महीने बाद प्लॉट पर कब्जा देने की बात कही। आरोप है कि इसके बाद आरोपित ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया।

### साझेदार बनाने का झांसा देकर दंपति ने ठगे 21 लाख

**अमृत विचार :** गोमतीनगर निवासी व्यापारी को दंपति ने कारोबार में साझेदार बनाने का प्रस्ताव दिया। इसके बदले में 21 लाख रुपये लिए। रुपये मिलने के बाद मुकर गए। पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो धमकी देने लगे। पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। आलमबाग मधुबन नगर निवासी अमित चौरसिया हॉट एंड कूल कॉर्नर चलाते हैं। उनकी पहचान कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी निवासी अमित कुमार शर्मा से थी। जो पत्नी के साथ मिल कर अनन्या रेस्टोरेंट चलाता है। वर्ष 2022 में अमित शर्मा ने रेस्टोरेंट का रिनोवेशन कराने की बात कहते हुए मदद मांगी। करीब 21 लाख रुपये का खर्चा भी बताया। अमित चौरसिया के मुताबिक आरोपी और उसकी पत्नी ने रेस्टोरेंट में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी देने की बात भी कही थी। जिसके चलते वह तैयार हो गए। टुकड़ों में करीब 20 लाख रुपये अमित चौरसिया ने दंपति को दिए। एग्रीमेंट के वक्त शर्त थी कि अमित चौरासिया का भतीजा भी रेस्टारेंट पर बैठेगा। लेकिन वहां पहुंचने पर पता चला कि आरोपियों ने रेस्टोरेंट की मरम्मत नहीं कराई। अमित चौरसिया ने रुपये वापस करने के लिए कहा। जिस पर दंपति ने जान से मारने की धमकी दी।

## ग्रीन गैस का बिल भुगतान के नाम पर ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाजों ने ग्रीन गैस ग्राहक से बिल भुगतान के नाम पर 89,661 रुपये ठग लिए। पीड़ित ने आशियाना थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि सेक्टर आई एलडीए कालोनी में बिरेन्द्रनाथ चौबे परिवार के साथ रहते हैं। बिरेंद्र के अनुसार उन्होंने ग्रीन गैस कनेक्शन ले रखा है। 5 जुलाई को ग्रीन गैस का भुगतान करने के नाम पर बैंक खाते की जानकारी लेकर जालसाजों ने 89,661 रुपये पार कर दिया। जानकारी होने पर साइबर क्राइम सेल में शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# पिता की डांट से नाराज नाबालिग ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ स्टेशन मास्टर ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

**अमृत विचार :** स्कूल नहीं जाने से पिता के डांटने से नाबालिग के फंदा लगाने और स्टेशन मास्टर के जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की घटना सामने आई हैं। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए।

तालकटोरा थाना पुलिस के मुताबिक, राजाजीपुरम मिनी एलआइजी निवासी चंद्रशेखर के बेटे विशाल (14) ने फंदा लगाकर जान दे दी। चंद्रशेखर ने बताया कि बेटा निजी स्कूल में कक्षा छह का छात्र था। वह स्कूल जाने से मना कर रहा था, जिस पर पिता ने उसे डांट दिया। इससे नाराज होकर उसने घर में फंदा लगा लिया। पुलिस का कहना है परिजन ने आरोप से इनकार किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

उधर, आलमनगर क्षेत्र में हैदर कॉलोनी निवासी स्टेशन मास्टर शहंशाह आलम (40) ने पिछले शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां गुरुवार देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वह मूलतः उन्नाव के सफीपुर पीखी गांव निवासी थे। हैदर कॉलोनी में पत्नी शाहीना के साथ रहते थे। बहनोई शमीम ने बताया कि शहंशाह आलम बीते कुछ दिनों से किसी बात को लेकर परेशान थे।

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में युवक का शव फंदे पर लटका मिला। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक, मूलत: गाजीपुर जनपद के दिलदार नगर निवासी विष्णुकांत (35) मांढरमऊ में किराए पर रहते थे। दिल्ली में रह रहे पिता उमाकांत चौबे ने गुरुवार को विष्णुकांत को फोन किया। संपर्क नहीं होने पर उन्होंने बेटे के दोस्त को फोन किया। उनके कहने पर दोस्त घर पहुंचा तो विष्णुकांत के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर विष्णुकांत फंदे से लटका मिला। परिवार में पत्नी पूजा व एक बेटी है। पत्नी बेटे के साथ मायके में थी। परिजन ने आत्महत्या का कारण पता होने से मना किया है।

# सपा के पूर्व विधायक इंदल रावत भेजे गए जेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कर ढाई करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गोमतीनगर पुलिस ने सपा के पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता इंदल रावत को गुरुवार को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को पूर्व विधायक को एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश किया गया। विशेष एसीजेएम पीयूष त्रिपाठी ने इंदल को 7 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है।

पूर्व विधायक पर आरोप है कि उसने राज इंफ्रा हाउसिंग प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक राजेश पांडे के पक्ष में फर्जी दस्तावेज बनाकर रजिस्ट्री करा कर 2.52 करोड़ रुपये हड़प लिए। इस मामले में राजेश पांडे के प्रार्थना पत्र पर एमपी/एमएलए कोर्ट के तत्कालीन विशेष एसीजेएम अंबरीश श्रीवास्तव ने मामला दर्ज कर विवेचना करने का आदेश गोमती नगर पुलिस को दिया था।

### ▸▸ तीन घंटे पूछताछ के बाद की गिरफ्तारी

गोमतीनगर पुलिस ने गुरुवार शाम इंदल रावत को थाने बुलाया था। कई साक्ष्यों के साथ पुलिस ने तीन घंटे तक पूछताछ की। कई बिन्दुओं पर संतोषजनक जवाब नहीं दे सके तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गोमती नगर और अन्य थानों में भी पूर्व विधायक पर मामले दर्ज थे।

## सार-संक्षेप

### आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से दहशत में परिजन

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा गांव में बिजली के विवाद में पूर्व सभासद प्रत्याशी के बेटे ऋतिक पांडेय की हत्या के मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परिजन दहशत में हैं। उन्होंने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले में शुक्रवार को ब्राह्मण परिवार के अध्यक्ष शिव शंकर अवस्थी ने पुलिस कमिश्नर को पत्र भेजकर आरोपियों की गिरफ्तारी और उनके नाम से जारी शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की मांग की। वहीं आरोपियों पर गैंगेस्टर व संपत्ति जब्त करने की भी मांग रखी है। पीड़ित परिजन को सुरक्षा देने के लिए भी लिखा है। प्रयागराज से वैदिक सेना के प्रमुख श्याम नारायण भार्गव की अगुवाई में अध्यक्ष गंगा पार नरेंद्र मिश्रा, अध्यक्ष जमुना पार कुलदीप तिवारी, महामंत्री दयाशंकर मिश्र समेत अन्य ने पीड़ित परिजन को सांत्वना दी। इसके अलावा मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह के प्रतिनिधि प्रदीप मिश्रा ने भी परिजनों से मिलकर जल्द हत्यारोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।

### महिला की मौत के मामले में टैंकर चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाने में स्कूटी सवार महिला की मौत के मामले में आरोपी टैंकर चालक पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। बता दे कि कंचनपुरी कॉलोनी निवासी नीरज चौधरी की पत्नी प्रिया (30) 24 जुलाई को पांच वर्षीया बेटी को स्कूल से लेकर लौट रही थी। रास्ते में हज हाउस के सामने पीछे से आए दूध टैंकर के चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी थी। इससे प्रिया की मौत हो गई थी। जबकि बेटी घायल हो गई थी। शुक्रवार को मामले में नीरज चौधरी ने दूध टैंकर चालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने नंबर के आधार पर चालक की पहचान कर कार्रवाई की बात कही है।

### दूल्हा-दुल्हन के पोस्टर फाड़े, दीवार पर लिखे अश्लील शब्द

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडम्बा क्षेत्र में मैरिज लॉन में घुसकर दूल्हा-दुल्हन के पोस्टर फाड़ कर दीवार पर अश्लील शब्द लिखने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर हमलवरों ने तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर नितीश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, चौपटिया कॉलोनी निवासी इमरान मिर्जा ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि गढ़ी चौराहा के पास उनका मैरिज लॉन है। 18 जून को फरीद अहमद, अफजल, छोटू, अब्दुल लॉन में घुसकर तोड़-फोड़ कर सीसीटीवी कैमरे के तार नोच डाले। इसके अलावा दूल्हा-दुल्हन के पोस्टर फाड़ कर उनके बारे में आपत्तिजनक शब्द लिख दिए। विरोध करने पर आरोपी मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### युवती का मोबाइल लूटकर भागे बाइक सवार बदमाश

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश युवती का मोबाइल लूट कर भाग निकले। पीड़िता बाजार से सब्जी लेकर पैदल घर लौट रही थी। पुलिस बदमाशों की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास के कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक, गाजीपुर क्षेत्र के मुलायम नगर निवासी प्रमिला देवी ने शुक्रवार का प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि 13 जुलाई को शाम करीब 7 बजे चिनहट के जानकी विहार स्थित मंडी से सब्जी खरीद कर पैदल घर लौट रहीं थी। इसी दौरान पीछे से एक बाइक पर आए दो बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया।

### छत्तीसगढ़ के मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**अमृत विचार, बीकेटी :** क्षेत्र में मजदूर की तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, छत्तीसगढ़ के बेमेतरा के खिलौरा निवासी अजय (25) बख्शी का तालाब स्थित राज्य ग्राम विकास संस्थान में मजदूरी करता था। गुरुवार देर रात पेट में दर्द शुरू हुआ। शुक्रवार सुबह चाचा दिलीप सीएचसी ले गए। जहां से सौ शैय्या अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर कार्रवाई की जायेगी।

### छात्र और साथी को युवकों ने घर से बुलाकर पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाजार खाला थाना क्षेत्र में मामूली बात को लेकर हुये विवाद में युवकों द्वारा इंटर के छात्र व दोस्त को पीटने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित करेहटा निवासी मनीष जौहरी सरकारी स्कूल में इंटर के छात्र है। आरोप है कि गुरुवार रात करीब नौ बजे अजय रावत ने उन्हें संजय गांधी रोड पर मिलने बुलाया था। मनीष अपने दोस्त अभिषेक के साथ पहुंचा। जहां अजय पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर अजय, अर्जुन, अश्विनी व करन रावत ने मनीष व उनके दोस्त की पिटाई कर दी। इंस्पेक्टर संतोष आर्य ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बाबा साहब की प्रतिमा की अंगुली की कराई मरम्मत

**अमृत विचार, बीकेटी :** थाना अंतर्गत सरसवा गांव में अराजक तत्वों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में दाएं हाथ की अंगुली छतिग्रस्त कर दी थी। ग्रामीण दुर्गा प्रसाद ने शुक्रवार को महिंगवा पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अंगुली की मरम्मत करा दी। इसके साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### उपकरण वितरण के लिए दिव्यांगों का हुआ पंजीकरण

**अमृत विचार, माल :** विकास खंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को एक शिविर का आयोजन कर कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरण करने के लिए दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा 31 लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। शिविर में बीडीओ सर्जना श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी सुमित शंकर उपस्थित रहे।

# आयोग ने बीमा कंपनी को 10 लाख का क्लेम देने का दिया आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ राज्य उपभोक्ता आयोग से मिली राहत

**अमृत विचार :** फैक्ट्री परिसर में आग लगने के बाद बीमित धनराशि न देना बीमा कंपनी को भारी पड़ गया। पीड़ित ने बीमा क्लेम दिलाने के लिए राज्य उपभोक्ता आयोग से गुहार लगाई। आयोग ने 10 लाख रुपये बीमा क्लेम देने और 20 हजार रुपये वाद व्यय देने का आदेश दिया।

मऊ के फतेहपुर तालरतोय तहसील मधुवन निवासी कन्हैया यादव ने स्वः रोजगार के लिए प्रधानमंत्री रोजगार योजना से 20 लाख रुपये लेकर रेडीमेट कपड़े बेचने का काम शुरू किया। पंजाब नेशनल बैंक के दि ओरियन्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड आजमगढ़ से बीमा कराया। बीमा मेसर्स कन्हैया यादव के नाम से था। बीमा 4 फरवरी 2016 से 3 फरवरी 2017 तक प्रभावी था। 21/22 अगस्त 2016 की रात लगभग 1 बजे शॉर्ट सर्किट से यादव के फैक्ट्री परिसर में आग लग गई। फैक्ट्री में रखे कपड़े जलकर नष्ट हो गए। साथ ही मशीन भी उक्त आग में जल गई।

यादव ने राज्य उपभोक्ता आयोग में न्याय की गुहार लगाई। राज्य उपभोक्ता आयोग के अधक्ष न्यायाधीश अशोक कुमार ने बीमा कंपनी को 10 लाख रुपये बीमा धनराशि वाद दाखिल करने की तिथि से छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से देने का आदेश दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बस स्टैंड के गार्ड की मौत

**अमृत विचार, आलमबाग :** बस अड्डे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल गार्ड को लोगों ने लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर एसएस महादेवन ने बताया कि बेटे ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बाजारखाला मेंहदीगंज तिवारी रोड निवासी सुमित ने बताया कि पिता गिरिश चंद्र साहू (67) बस स्टैंड पर गार्ड की नौकरी करते थे। गुरुवार दोपहर वह पूड़ी लेकर बस स्टैंड जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आये तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी और भाग निकला।



बुरा हाल

गौतम बुद्ध मार्ग पर बीच सड़क अस्थायी स्टैंड बनाकर कतार में रोजाना चौपहिया वाहन खड़े किए जाते है, जिसके कारण आए दिन यहां जाम की स्थिति बनी रहती है।

वारदात | पीजीआई के वृंदावन कॉलोनी में हुई घटना, एफआईआर दर्ज

# अशोका लेलैंड कंपनी के एजेंट से डेढ़ लाख की लूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पीजीआई के वृंदावन कॉलोनी में अशोका लेलैंड कंपनी के एजेंट से डेढ़ लाख रुपये की लूट हो गई। पीड़ित ने ट्रक संचालक और उसके साथियों पर एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि ट्रक का सौदा करने के लिए बुलाकर वारदात को अंजाम दिया गया।

एलडीए कॉलोनी निवासी अवधेश कुमार सिंह अशोका लेलैंड में डीएसआई के पद पर है। वह ट्रक मालिकों से संपर्क कर ट्रक बेचने का काम करते हैं। कुछ समय पहले उनकी मुलाकात राजेश सिंह उर्फ दान बहादुर से हुई थी। राजेश ने अवधेश के जरिए एक ट्रक खरीदा। अवधेश के मुताबिक, हाल ही में राजेश ने दूसरा ट्रक खरीदने की बात शुरू की। कंपनी की तरफ से दिए गए रेट से कम कीमत पर उन्हें दूसरा डीलर ट्रक उपलब्ध करा रहा है। इसकी जानकारी अवधेश ने कंपनी के उच्च अधिकारियों को दी। जिसके चलते डीलर को कंपनी से कम रेट पर डील करने से रोक दिया गया। इसकी जानकारी होने पर राजेश ने अवधेश पर सौदा रद कराने का आरोप लगा दिया।

इसके बाद बात करने के लिए वृंदावन कॉलोनी स्थित सौभाग्यम के पास बुलाया। दान बहादुर के साथ कार में विशाल सिंह, यश राज और आयुष गर्ग पहले से थे। अवधेश के गाड़ी में बैठते ही मारपीट कर उनसे डेढ़ लाख रुपये लूट लिए गए। पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश तिवारी के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### वृद्धा का मंगलसूत्र लूट कर कार सवार बदमाश भागे

**अमृत विचार, बीकेटी :** बीकेटी क्षेत्र में सीतापुर हाईवे किनारे टेंपो का इंतजार कर रही वृद्धा से कार सवार मंगलसूत्र लूटकर भाग निकाला। रास्ता पूछने के बहाने बदमाश ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक, इटौंजा के शाहपुर कुनौरा निवासी संजाफिया (70) शुक्रवार सुबह शाढ़ामऊ स्थित सौ शैया अस्पताल दवाई लेने आई थी। दवा लेने के बाद घर लौटते समय सीतापुर हाईवे किनारे खड़ी होकर टेंपो का इंतजार कर रहीं थी। इसी दौरान यह घटना हुई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता से प्रार्थना-पत्र लेकर बदमाश की तलाश की जा रही है।


बुजुर्ग महिला से जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

# बाइक सवारों को बचाने में दो स्कूली बसें भिड़ीं

संवाददाता, बीकेटी

**अमृत विचार :** सैरपुर क्षेत्र में सीतापुर- लखनऊ हाईवे पर शुक्रवार को ट्रिपलिंग कर जा रहे बाइक सवार युवकों को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित स्कूली बस दूसरी बस में पीछे से टकरा गई। राहत की बात यह है कि दोनों बसों पर सवार करीब 100 बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं।

बख्शी का तालाब स्थित एसआर इंस्टीट्यूट की छात्र-छात्राओं से भरी बस दोपहर में सैरपुर क्षेत्र में पहुंची थी। इसी दौरान हाईवे पर नवीन दुग्ध मंडी के सामने तेज रफ्तार तीन बाइक सवार बस को ओवरटेक कर अचानक सामने आ गये। इससे युवकों को बचाने के प्रयास में बस इंस्टीट्यूट की दूसरी बस में पीछे से जा भिड़ी। हादसे में चालक अखिलेश व महिला टीचर को चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।


टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त स्कूल बस।

# भारतीय सेना के त्याग पर हमें गर्व है: मुख्यमंत्री

## कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित रजत जयंती समारोह में शामिल हुए योगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर रजत जयंती शुक्रवार को मध्यकमान के मिलिट्री स्टेशन में मनाई गई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्यकमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने मध्य कमान के युद्ध स्मारक स्मृतिका पर पुष्पांजलि अर्पित कर सशस्त्र बलों के बलिदानी वीरों को श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कारगिल युद्ध भारत पर थोपा गया था किन्तु युद्ध का परिणाम क्या होगा यह हमारे बहादुर जवानों ने तय किया। उस समय हमारी सेना के वीर जवानों के सामने विपरीत परिस्थितियां थीं, लेकिन हमारे बहादुर जवानों के सामने कोई दुश्मन टिक नहीं पाया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय जवानों के अदम्य शौर्य और साहस का लोहा दुनिया ने माना। मुख्यमंत्री योगी ने कारगिल विजय दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिन वीर नारियों और परिवारों ने कारगिल युद्ध में अपने परिवार के सदस्यों को खोया है, आज उन्हें सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

जब बल, बुद्धि और विद्या में देश आगे था तब भी आक्रमण नहीं किया सीएम योगी ने कहा कि शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्रचिंता प्रवृत्तते यह भारत की परंपरा है। उन्होंने कहा कि बल, बुद्धि और विद्या में भारत जब दुनिया का सिरमौर था, तब भी हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया। परंतु किसी आक्रांता ने हमारी शांति और सद्भावना के हनन का दुस्साहस किया तो भारत माता के बहादुर जवानों ने मातृभूमि के रक्षा करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। सीएम योगी ने कहा कि देश की सीमा की रक्षा करने वाले बहादुर जवानों के साथ राज्य सरकार हमेशा खड़ी है।


लेफ्टिनेंट मनोज पाण्डेय की प्रतिमा को नमन करते योगी।


स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किए गए कारगिल शहीदों के परिजन। अमृत विचार

**मुख्यमंत्री ने इन्हें किया सम्मानित**

इस मौके पर सीएम योगी ने परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय के पिता, राइफलमैन सुनील जंग की माता, नायक आबिद खान की माता, नायक रामकेश चंद्र यादव की पत्नी, नायक राजेंद्र यादव की पत्नी, लांस नायक अशोक कुमार यादव के बेटे, ब्रिगेडियर अखिल कुमार सिन्हा, कर्नल प्रभात रंजन, कर्नल ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह कौशिक, कर्नल क्षितिज श्रीवास्तव, नायक जितेंद्र सिंह और सिपाही विनोद कुमार दुबे को सम्मानित किया।

### शहीदों के नाम पर होंगे स्मारक

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि योगी ने कहा कि हमारा जवान किसी भी युद्ध या सीमा की सुरक्षा करते हुए शहीद होता है, तो राज्य सरकार की ओर से उसके परिवार को आज 50 लाख रुपए की सहायता दी जा रही है। साथ ही उस परिवार के एक सदस्य की नौकरी भी व्यवस्था सुनिश्चित की है। इसके अलावा 2017 से हमारी सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया कि शहीद होने वाले जवान की स्मृति को आगे बढ़ाने के लिए जिस गांव, नगर, कस्बे का वह जवान होगा, वहां पर एक भव्य स्मारक, इंस्टिट्यूट या किसी मार्ग का नामकरण उस जवान के नाम पर करेंगे।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### अवध कॉलेजिएट में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ:** अवध कॉलेजिएट के छात्रों ने शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रमों में देशभक्ति गीतों का गायन, नाटक कविता पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान, स्कूल के सभी बच्चों व शिक्षिकाओं ने विशेष रूप से उन सैनिकों को याद किया जिन्होंने कारगिल युद्ध में अपनी जान गंवाई थी। स्कूल प्रबंधक सर्वजीत सिंह, निदेशिका जितेन्द्र वालिया ने अपने संबोधन में कहा कि सैनिकों की वीरता और बलिदान हमें सिखाता है कि कर्तव्य और देशभक्ति सबसे ऊपर हैं।


एसएसबी सीमांत मुख्यालय में रक्त करते हुए जवान साथ में आईजी रत्न संजय और डॉ. तुलिका चन्द्रा। अमृत विचार

### एसएसबी ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ:** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) सीमांत मुख्यालय गोमती नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें 5 अधिकारियों एवं बल के 30 कार्मिकों के द्वारा 35 यूनिट रक्त दान किया। सीमांत मुख्यालय के आईजी रत्न संजय ने बताया कि शिविर का आयोजन केजीएमयू के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन ब्लड बैंक विभाग की प्रमुख डॉ तुलिका चन्द्रा के सहयोग से हुआ। इसमें सीमांत मुख्यालय लखनऊ अंतर्गत बल वाहनियों द्वारा 46 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया हैं। अधिकारियों व जवानों के द्वारा 902 यूनिट रक्तदान किया गया ।


ऑल इंडिया पयामे इंसानियत द्वारा आयोजित शिविर में रक्तदान करते लोग। अमृत विचार

### शिविर में 52 लोगों ने किया रक्तदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल के ब्लड बैंक और ऑल इंडिया पयामे इंसानियत संस्था के सहयोग से शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगा गया। शिविर में 52 लोगों ने रक्तदान किया। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने कहा रक्तदान महान कार्य है, जो न सिर्फ रक्त की कमी पूरी करता है, बल्कि जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में मदद करता है। इस मौके पर अस्पताल के एमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, सीएमएस डॉ. एनबी सिंह, डॉ. विनोद हरिराम गुप्ता, डॉ. मानिक नंदन, एलटी आरके विमल, संगीता सिंह, नर्स सुनीता, एलए प्रियंक कुमार, विपिन कुमार, दीपचंद मौजूद रहे।

## शहादत को नमन, दिया संदेश, हुए विविध आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय सहित अन्य संस्थानों में कारगिल विजय दिवस पर विविध आयोजन किये गए। कार्यक्रम के दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी गई। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. संजय सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दिन हमारे भीतर भी एक सैनिक का भाव होना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर पीके घोष लेफ्टिनेंट कमांडर रिटायर्ड नेवल ऑफीसर एनसीसी ने अपनी प्रस्तुति में भारतीय सेना के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस अवसर पर विवि स्टॉफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**देश भारती कॉलेज में पौधरोपण का आयोजन :** देश भारती पब्लिक इंटर कॉलेज में कारगिल दिवस पर पौधरोपण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पूर्व आईएएस एसके द्विवेदी ने बताया कि कारगिल हमारे देश का एक महत्वपूर्ण अंग है, आज कारगिल शांति पूर्ण तरीके से देश के वृद्धि में अपना संपूर्ण योगदान दे रहा है। विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व एमएलसी गुड्डु त्रिपाठी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए छात्रों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में पार्षद शिवपाल सावरियां, रेखा सिंह, डॉ. साधना वाजपेयी, गीता राठौर, डॉ. सागर, ओपी चतुर्वेदी, प्रतिमा मिश्रा केएन चौबे, डॉ. मोनिका चतुर्वेदी, सचिन चौबे, गीता राठौर, प्रमोद अवस्थी, रंगकर्मी अनुपम बिसरिया, फिल्म निर्माता देवेन्द्र मोदी, सहित अभिभावक, एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।


खालसा इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र। अमृत विचार

### शहीदों के संस्मरण किए साझा

खालसा इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स द्वारा कारगिल युद्ध के शहीदों को नमन करते हुए कारगिल विजय दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह ने बताया कि कारगिल विजय दिवस सभी देशवासियों के लिए महत्वपूर्ण दिवस है। उप प्रधानाचार्य नीरज श्रीवास्तव ने शहीदों से जुड़े संस्मरण साझा किये। जन समाज सेवा संस्था के अध्यक्ष रनजीत सिंह ने छात्रों को देश प्रेम के प्रति प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में शिक्षक वीके श्रीवास्तव, जीपी तिवारी, जसपाल सिंह, गुरमीत कौर, अलका राय, डॉ. रूबी त्रिपाठी, गायत्री ओझा, गुरदीप सिंह, अखिलेश कुमार, अमर सिंह आदि शामिल हुए।


आईटीबीपी डीआईजी नारायण सिंह को सम्मानित करते कॉलेज निदेशक एचएन जायसवाल।

### बच्चों ने गाए देशभक्ति के गीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी अलीगंज शिव सहाय जी सभागार में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस पर देशभक्ति आधारित गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बाल निकुंज की सभी शाखाओं से 16 ग्रुपों में बच्चों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां देकर विजय दिवस को यादगार बनाया। जूनियर और सीनियर दोनों ग्रुपों के प्रथम पांच, पांच विजेताओं तथा विजेता टीम के प्रशिक्षकों को पुरस्कार स्वरूप नगद धनराशि प्रदान कर मुख्य अतिथि राज आइटीबीपी डीआईजी नारायण सिंह, रवि प्रताप डिप्टी कमांडेंट आइटीबीपी एवं रुद्र प्रकाश त्रिवेदी सेकंड कमांडेंट आइटीबीपी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल, प्रबंध निदेशक, कोऑर्डिनेटर सुधीर मिश्रा, सभी शाखाओं के प्रधानाचार्य, इंचार्ज एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।


राज्य संग्रहालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस। अमृत विचार

### खेलो इंडिया टैलेंट सर्च प्रतियोगिता कल

अमृत विचार, लखनऊ : साइकिलिंग फेडरेशन इंडिया और लखनऊ साइकिलिंग एसोसिएशन की देखरेख में खेलो इंडिया टैलेंट सर्च प्रतियोगिता 28 को सुबह चौक स्टेडियम में होगी। इसमें 12 वर्ष से 14 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाएं हिस्सा ले सकते हैं। प्रतियोगिता में चयनित होने पर आगे की प्रतियोगिताओं के लिए दिल्ली भेजा जायेगा। दिल्ली में चयनित होने पर उनको दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में निःशुल्क रहने की सुविधा के साथ ही फ्री में प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इसके साथ केंद्र से कई अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपनी जन्मतिथि प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अपने संरक्षक के आधार कार्ड के साथ प्रतिभाग कर सकेंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए लखनऊ साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव अनुराग वाजपेयी से संपर्क कर सकते हैं।

## उत्तर प्रदेश के कौस्तुभ को दोहरा स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आइटा चैंपियनशिप सीरीज टेनिस में हुए मुकाबले
- उत्तर प्रदेश के आयुष्मान पाठक ने जीता स्वर्ण

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के कौस्तुभ सिंह को आइटा चैंपियनशिप सीरीज टेनिस के अंडर-14 में दोहरी स्वर्णिम सफलता मिली। गोमती नगर स्थित विजयंत खंड स्टेडियम में आयोजित की गई चैंपियनशिप में शुक्रवार को एकल और युगल वर्ग दोनों में कौस्तुभ ने स्वर्ण पदक जीते।बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश के कौस्तुभ सिंह को जीत के लिए पसीना बहाना पड़ा। पहले गेम में उन्होंने 7-5 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में 6-4 तक खिंचे मुकाबले में भी दमदार प्रदर्शन की बदौलत जीत दर्ज की और चैंपियन बने।

अंडर-14 बालिका के एकल वर्ग के फाइनल में उत्तराखंड की पूर्वी पटवा को जीत के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने तीन गेम तक खिंचे मुकाबले में महाराष्ट्र की नक्षत्रा अय्यर को 6-4, 5-7, 6-3 से हरा कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

अंडर-14 बालक युगल में फाइनल में उत्तर प्रदेश के कौस्तुभ सिंह और रोहिन राज की जोड़ी ने अपने ही प्रदेश के अर्जुन शर्मा और वैभव सरोज की को 6-2, 6-3 से हरा दिया और चैंपियन बने। बालिका युगल के फाइनल में महाराष्ट्र की अंकिता नायर और मध्य प्रदेश की वैदेही शिंदे की जोड़ी ने धमाकेदार प्रदर्शन कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस जोड़ी ने यूपी की सौंदर्या जायसवाल और कर्नाटक की अनीशा की जोड़ी को 6-0, 6-2 से हराया। विजेताओं को उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनील अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर कई अन्य लोग मौजूद रहे।


विजेता खिलाड़ी पदक और ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार


शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय के पिता के मिलते कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय।

## कैप्टन मनोज पाण्डेय के परिजनों से मिला कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कांग्रेस पार्टी का इतिहास शहादत का रहा है : अजय राय

**अमृत विचार :** कारगिल युद्ध के 25 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को कारगिल युद्ध के नायक परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय के आवास पर जाकर उनके पिता से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उन्हें अंगवस्त्र दिया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास शहादत का रहा है इसीलिए कांग्रेस पार्टी शहादत का मोल समझती है। कारगिल विजय के 25 वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस पार्टी उन सभी शहीदों को नमन करती है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिये। हम और हमारी पार्टी सदैव वीर सैनिकों के सम्मान में उनके साथ खड़ी रही है।

## कार्यशाला में पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने सिखाई कजरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के गायन विभाग ने सुजान सभागार में तीन दिवसीय कजरी कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में पद्मश्री मालिनी अवस्थी को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने उनका स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को इस व्याख्यान की महत्ता के बारे में समझाया।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में मालिनी अवस्थी ने राग तिलक कामोद में अद्धा ताल में निबद्ध ठुमरी अंग की कजरी छात्रा-छात्राओं को सिखाई, जिसके बोल थे बैठी सोचे बृज बाम, सुनो लागे मेरो धाम। उन्होंने राग पीलू में दादरा अंग की ठुमरी हरि बिनु कारी बदरिया छाई भी सिखाई।

दूसरे सत्र में दादरा कौन रंग मूंगवा कौन रंग मोतिया से कार्यशाला के पहले दिन का समापन हुआ। कार्यशाला में हारमोनियम पर पंडित धर्मनाथ मिश्र, तबले पर अनंत प्रजापति, ढोलक पर हर्षित शर्मा और तानपुरे पर विश्वविद्यालय की छात्रा मोनिका व निकिता ने संगत की। गायन विभाग की अध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए मेहमानों का आभार व्यक्त किया।


भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कजरी कार्यशाला में प्रस्तुति देतीं मालिनी अवस्थी। अमृत विचार

भारत सरकार, रेल मंत्रालय

सत्यमेव जयते

रेलवे भर्ती बोर्ड

केंद्रीय रोजगार सूचना (सीईएन (CEN)) संख्या .03/2024

**जूनियर इंजीनियर (जेई), डिपो सामग्री अधीक्षक(डीएमएस), रासायनिक एवं धातुकर्म सहायक(सीएमए), रासायनिक पर्यवेक्षक (अनुसंधान) और धातुकर्म पर्यवेक्षक (अनुसंधान) के विभिन्न पदों की भर्ती**

नीचे दी गई तालिका में दिए गए विभिन्न श्रेणियों के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते है । आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **29.08.2024** है । **सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन केवल ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए ।**

**आवेदन प्रारंभ होने की तिथि** :**30.07.2024**

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि** :**29.08.2024**

| पदों के नाम | 7वें सीपीसी में वेतन स्तर | प्रारंभिक वेतन (₹) | चिकित्सा मानक | आयु यथावत (01.01.2025)* | कुल रिक्तियां (All RRBs) Tentative |
|---|---|---|---|---|---|
| रासायनिक पर्यवेक्षक/अनुसंधान और धातुकर्म पर्यवेक्षक/अनुसंधान | स्तर-7 | 44900 | विस्तृत सीईएन में **अनुलग्नक- A** देखें | 18-36 वर्ष | **17** (सिर्फ आरआरबी गोरखपुर) |
| जूनियर इंजीनियर (जेई), डिपो सामग्री अधीक्षक(डीएमएस) और रासायनिक एवं धातुकर्म सहायक(सीएमए) | स्तर-6 | 35400 | | | **7934** |

* इसमें कोविड 19 महामारी के कारण एक बार के उपाय के रूप में निर्धारित आयु सीमा से अधिक आयु में 3 वर्ष की छूट शामिल हैं।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया नीचे सूचीबद्ध सभी भाग लेने वाले रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध विस्तृत केंद्रीकृत रोजगार सूचना (सीईएन) संख्या **03/2024** देखें।

| आरआरबी | वेबसाइट का पता | आरआरबी | वेबसाइट का पता |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | www.rrbahmedabad.gov.in | कोलकत्ता | www.rrbkolkata.gov.in |
| अजमेर | www.rrbajmer.gov.in | मालदा | www.rrbmalda.gov.in |
| बेंगलुरू | www.rrbbnc.gov.in | मुंबई | www.rrbmumbai.gov.in |
| भोपाल | www.rrbbhopal.gov.in | मुजफ्फरपुर | www.rrbmuzaffarpur.gov.in |
| भुवनेश्वर | www.rrbbbs.gov.in | पटना | www.rrbpatna.gov.in |
| बिलासपुर | www.rrbbilaspur.gov.in | प्रयागराज | www.rrbald.gov.in |
| चंडीगढ़ | www.rrbcdg.gov.in | रांची | www.rrbranchi.gov.in |
| चेन्नई | www.rrbchennai.gov.in | सिकंदराबाद | www.rrbsecunderabad.gov.in |
| गोरखपुर | www.rrbgkp.gov.in | सिलीगुड़ी | www.rrbsiliguri.gov.in |
| गोवाहाटी | www.rrbguwahati.gov.in | तिरूवनंतपुरम | www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |
| जम्मू - श्रीनगर | www.rrbjammu.nic.in | *** | **** |

यह अधिसूचना पूर्णत सांकेतिक प्रकार का है। उम्मीदवारों को ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत सीईएन 03/2024 की पोस्ट पैरामीटर तालिका और रिक्ति तालिका को देखना आवश्यक है। उपरोक्त भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्रसमय/ परिशिष्ट/ महत्वपूर्ण सूचना समय पर केवल आरआरबी की उपरोक्त वेबसाइटों पर जारी की जाएगी।

**संख्या: RRB/BBS/Advt./CEN-03/2024**
**दिनांक: 27.07.2024**

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

**BE AWARE OF TOUTS, BROKERS AND JOB RACKETEERS**

## सार-संक्षेप



परिवर्तन चौक पर प्रदर्शन करते हिंदू समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण कमलेश तिवारी व अन्य। अमृत विचार

### हत्यारोपी की जमानत के विरोध में प्रदर्शन

**अमृत विचार , लखनऊ** : हिंदू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी के हत्यारोपी की जमानत के विरोध में परिवर्तन चौक पर प्रदर्शन किया गया। कमलेश तिवारी की पत्नी और हिंदू समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण कमलेश तिवारी ने कहा कि यह दुख की बात है की कमलेश की हत्या के आरोपी सैयद असीम अली को जमानत दे दी गई। उन्होंने कहा कि अगर जमानत निरस्त नहीं की गई तो सुप्रीम कोर्ट के बाहर धरना देंगे। किरण तिवारी ने लखनऊ पुलिस के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी भेजा।

### इमारतों के संरक्षण की सावधानियों पर व्याख्यान

**अमृत विचार , लखनऊ** : राज्य पुरातत्व निदेशालय और इंटैक कंजर्वेशन इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में ऐतिहासिक संरचनाओं का संरक्षण एवं परिरक्षण विषय पर आयोजित 10 दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन इंटैक कंजर्वेशन इंस्टीट्यूट की कंजरवेटर अंशिका वर्मा ने एतिहासिक इमारतों के संरक्षण के लिए उस इमारत में लगाई गई निर्माण सामग्री के अध्ययन पर सचित्र व्याख्यान दिया।



एलईडी टीवी के साथ क्लब के पदाधिकारी। अमृत विचार

### कैंसर ग्रसित बच्चों के लिए दान किया टीवी

**अमृत विचार, लखनऊ** : इनरव्हील क्लब ऑफ बारादरी ने दौलतगंज स्तिथ होम अवे फ्रॉम होम में कैंसर पीड़ित बच्चों के लिये एक एलईडी टेलिविजन दान किया। क्लब की अध्यक्षा डॉ. मीतुल रस्तोगी ने बताया कि यह कैंसर पीड़ित बच्चों का आश्रय स्थल है। टीवी से बच्चे मनोरंजन कर सकेंगे। इसके अलावा बच्चों के लिए राशन, फल, मेवा आए कॉपी किताबें भी। प्रीति अग्रवाल ने 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद भी की। इस मौके पर क्लब सचिव सुनीता डेंबला व अन्य सदस्य मौजूद रहीं।



पौधरोपण करते हुए क्लब के पदाधिकारी। अमृत विचार

### 101 पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ** : इनरव्हील क्लब लखनऊ बारादरी ने अपने क्लब की एक सदस्य के सफेदाबाद स्थित फार्म हाउस पर औषधीय और फलदार पौधों को लगाया। क्लब की अध्यक्ष डॉ.मितुल रस्तोगी ने बताया कि 101 पौधों को लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही इन पौधों की नियमित निगरानी की भी जिम्मेदारी दी गई है। पौधरोपण में सचिव सुनीता डेम्बला व क्लब की अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।



कार्यक्रम के दौरान यूनियन बैंक के निदेशक रामसुब्रमण्यम व अन्य। अमृत विचार

### यूनियन बैंक ने किया बाजार परिदृश्य पर कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ** : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कार्यकारी निदेशक रामसुब्रमण्यम के मार्गदर्शन में एक होटल में बाजार परिदृश्य एवं अवसर तथा बजट अवलोकन विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लखनऊ के विभिन्न उच्च नेटवर्थ ग्राहकों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य इकोनामिक विशेषज्ञ कनिका पसरीचा एवं इक्विटी यूनियन म्यूचुअल फंड्स के सह प्रमुख हार्दिक बोरा के द्वारा बाजार और उसकी अपेक्षाएं तथा समाहित संभावनाओं पर वृहत चर्चा एवं बजट अवलोकन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन अंचल प्रमुख राजेश कुमार के नेतृत्व में किया गया। जिसमें उप अंचल प्रमुख, लखनऊ अंचल के विभिन्न क्षेत्रों से आए क्षेत्र प्रमुख एवं उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।



शाखा का उद्घाटन करते निदेशक अजय कुमार श्रीवास्तव व अन्य। अमृत विचार

### इण्डियन ओवरसीज बैंक ने 11 नई शाखाएं खोलीं

**अमृत विचार, लखनऊ** : इण्डियन ओवरसीज बैंक (आइओबी) ने तेलीबाग, अयोध्या, बलरामपुर, ललितपुर, सुगामऊ, बांदा, बिजनौर रोड, दुबग्गा, कल्याणपुर, कानपुर, मोहनलालगंज, विराजखंड गोमतीनगर में 11 नई शाखाएं खोलीं, जिनमें भौतिक रूप से दो शाखाओं तथा नौ अन्य शाखाओं का वर्चुअली उद्घाटन निदेशक व सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा पूर्ण चंद्र शतपथी मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक की उपस्थिति में किया गया। यह शाखाओं का विस्तार आने वाले दो वर्षों में पूरे उत्तर प्रदेश में 100 शाखाएं खोलने की बैंक की योजना के अनुरूप है। इण्डियन ओवरसीज बैंक के प्रबंध निदेशक व सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश के लोगों की सेवा करने और राज्य के वित्तीय समावेशन एजेंडे का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### तौहीदुल मुस्लिमीन ट्रस्ट ने किया पौधारोपण

**अमृत विचार, लखनऊ** : पद्मभूषण मौलाना डॉ. कल्बे सादिक की शैक्षिक और सामाजिक सेवा करने वाली संस्था तौहीदुल मुस्लिमीन ट्रस्ट ने शुक्रवार को तहसीनगंज स्थित ऐतिहासिक जामा मस्जिद के प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के सचिव नजमुल हसन रिज़वी, मौलाना डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी, नेहाल ज़ैदी, मोहम्मद आलिम, ऐनुल रज़ा, शहिद हसन और यूनिटी स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए। ट्रस्ट के सदस्य नेहाल ज़ैदी ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से तापमान बढ़ रहा है। बारिश कम हो रही है। इसलिए लखनऊ के अलग-अलग स्थानों पर पौधे लगाए जाएंगे।



कार्यक्रम के दौरान पौधा रोपित करतीं यूनिटी स्कूल की छात्रा, साथ में तौहीदुल मुस्लिमीन ट्रस्ट के पदाधिकारी।

# पहले दिन 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ ने जीते 3 स्वर्ण पदक

## 26वीं अंतरवाहिनी पीएसी मध्य जोन एथलेटिक्स एवं साइकिलिंग प्रतियोगिता शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : महानगर स्थित 35वीं वाहिनी पीएसी में शुक्रवार से शुरू हुई 26वीं अंतरवाहिनी पीएसी मध्य जोन एथलेटिक्स एवं साइकिलिंग प्रतियोगिता में पहले दिन 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण सहित पांच पदक जीते।

10 हजार मीटर दौड़ में नरेंद्र सिंह, 800 मीटर दौड़ में उमाकांत यादव और गोला फेंक में अभिजीत कुमार ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। इससे पूर्व पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय आशुतोष कुमार ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पीएसी मध्य जोन की दूसरी, 11वीं सीतापुर, 10वीं बाराबंकी, 30वीं गोंडा, 26वीं गोरखपुर, 25वीं रायबरेली, 32वीं और 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ सहित एसडीआरएफ सहित कुल 9 टीमों के 177 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन सचिव एवं सेनानायक 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ अतुल शर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया।



मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते 35वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक अतुल शर्मा।

**20 किमी साइकिलिंग:** स्वर्ण- सुनील कुमार साहनी- 11 वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, रजत- अभिजीत- दूसरी वाहिनी पीएसी सीतापुर, कांस्य- चंद्रेश गुप्ता- एसडीआरएफ।

**10,000 मीटर दौड़ :** स्वर्ण- नरेंद्र सिंह- 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, रजत- रोहित सरोज- 25वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली, कांस्य- अजय कुमार- दूसरी वाहिनी पीएसी सीतापुर।

**800 मीटर दौड़ फाइनल :** स्वर्ण- उमाकान्त यादव- 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, रजत- सुनील दत्त तिवारी-25वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली, कांस्य- अभिषेक अग्निहोत्री- 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ।

**गोला फेंक फाइनल :** स्वर्ण- अभिजीत कुमार- 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ।

**ऊंची कूद फाइनल :** स्वर्ण- सुरजीत कुमार- 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर, रजत- दीपक कुमार- 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ।



फुटबॉल पर कब्जा करने को संघर्ष करते खिलाड़ी। फोटो : अमृत विचार

## बराबरी पर छूटा टेक्ट्रो व पुलिस का मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जिला फुटबॉल लीग में शुक्रवार को मुकाबलों में टेक्ट्रो क्लब लखनऊ और पुलिस न्यू ब्वॉयज के बीच खेला गया मुकाबला ड्रॉ हो गया, जबकि दूसरे मुकाबले में सहारा स्टेट क्लब ने अलीगंज स्पोर्टिंग क्लब को 4-0 से हरा कर पूरे अंक हासिल किये।

आज टेक्ट्रो लखनऊ क्लब और पुलिस न्यू ब्वॉयज क्लब के बीच खेले गए मुकाबले में जीत के लिए रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। दोनों ही टीमों में धुरंधरों की भरमार थी। मैच के पहले और दूसरे हाफ में दोनों ही टीमों ने कई शानदार मूव बनाये। अंत में यह मुकाबला बिना किसी गोल के खत्म हो गया।

दूसरे मैच में सहारा स्टेट और अलीगंज के बीच हुआ मुकाबला इकतरफा ही रहा। राजू ने 36वें और संतोष ने 45वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त 4-0 कर दी, जो कि मैच के अंत तक कायम रही।

शनिवार को पहला मुकाबला टेक्ट्रो क्लब लखनऊ और फुटीफाई क्लब के बीच खेला जायेगा जबकि दूसरे मुकाबले में टेक्ट्रो लखनऊ क्लब रिजर्व के सामने लखनऊ सिटी क्लब की चुनौती होगी।

# प्राथमिकता पर करें लोगों के कार्य : चित्रलेखा

## अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) ने किया आरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : परिवहन विभाग की नवनियुक्त अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) चित्रलेखा सिंह ने शुक्रवार को पहली बार ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। दिन में 12 बजे जैसे ही अपर परिवहन आयुक्त संभागीय परिवहन कार्यालय पहुंचीं तो कार्यालय में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक अलर्ट मोड में दिखने लगे।

अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) निरीक्षण के दौरान सारथी भवन भी पहुंचीं और ड्राइविंग लाइसेंस आवेदकों से कार्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों, कर्मियों से स्पष्ट करते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, जिससे आवेदकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। आवेदनों को लंबित नहीं रखा जाए, त्वरित कार्य किया जाए। उन्होंने कहा, लंबे समय से ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य कार्यों में लापरवाही की शिकायतें हेल्पलाइन और आईजीआरएस पोर्टल पर आ रही हैं, इनका समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य आवश्यक निर्देश आरटीओ प्रशासन संजय कुमार तिवारी और एआरटीओ प्रशासन प्रमोद कुमार सिंह को दिए। जिसके तहत 30 दिनों के भीतर रिपोर्ट भी देनी होगी।



ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ कार्यालय का निरीक्षण करतीं नवनियुक्त अपर परिवहन आयुक्त प्रशासन चित्रलेखा सिंह व अन्य। अमृत विचार

अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) जब आरटीओ कार्यालय पहुंचीं तो किसी भी कर्मचारी के गले में आई कार्ड नहीं मिला। इसको लेकर उन्होंने कहा कि सभी अनिवार्य रूप से कार्यालय समय अवधि के दौरान आई कार्ड पहनें। कार्यालय में किसी भी दशा में अनाधिकृत व्यक्तियों से कार्य नहीं लिया जाए। साथ ही कार्य के लिए कार्यालय आने वाले लोगों के बैठने के लिए बैंच, कुर्सी की समुचित व्यवस्था भी करने संबंधी निर्देश दिए। आरटीओ कार्यालय में अव्यवस्थाओं को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई। सभी व्यवस्थाएं जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान आरटीओ संजय कुमार तिवारी, आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज, एआरटीओ प्रदीप कुमार सिंह, आरआई प्रशांत कुमार, आरटीओ के पीएस अरुण कुमार यादव समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## संविदा कर्मियों ने उठाई समस्याएं अधिकारियों ने दिया आश्वासन

**अमृत विचार, लखनऊ** : उप्र पावर कारपोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को उप्र पावर कारपोरेशन के अधिकारियों से मिलकर अपनी समस्याएं उठाईं। अधिकारियों ने आउटसोर्स कर्मचारियों का कार्य के अनुरूप अनुबंध करने संबंधी कई मुद्दों पर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में अनुबंध के मुताबिक 18000 वेतन निर्धारित करने या सैनिक कल्याण निगम की तरह ही वेतन का भुगतान करने और समान कार्य का समान वेतन देने के संबंध में बात हुई। साथ ही मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस लेने, आउटसोर्स कर्मचारी का स्थानांतरण न करने की बात भी रखी गई। बैठक में प्रबंधन के तरफ से पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।

## गौरैया संस्कृति संस्थान कार्यशाला में सिखा रहा कजरी

**अमृत विचार, लखनऊ** : गौरैया संस्कृति संस्थान ने कजरी महोत्सव के तहत कार्यशाला का आयोजन किया है। इस कार्यशाला में विभिन्न प्रकार की कजरी सिखाई जा रही है। कजरी की अनेक विधाओं के गीत सिखाये जा रहे हैं। शनिवार को कार्यशाला में सखि बरसे झमाझम पानी नथुनिया से बूंद टपके..., सइंया जाने दे नइहरवा कजरिया... और सखि घेरे घटा घहराइ इत्यादि गीत सिखाये गए। कार्यशाला में आभा शुक्ला, नीलम, माधुरी सिंह, अंजलि, लता, माधुरी सिंह, शिखा श्रीवास्तव, शशि सिंह आदि महिलाओं ने भाग लिया। सतना से लता तिवारी कार्यशाला से ऑनलाइन जुड़ीं। कार्यशाला का प्रस्तुतीकरण 1 अगस्त को होगा।

## शिवपाल ने चखा आम का स्वाद

**अमृत विचार, मलिहाबाद** : शुक्रवार को सपा के राष्ट्रीय महा सचिव शिवपाल सिंह यादव कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम व आम की दावत पर मलिहाबाद के ज्ञानदीप पब्लिक इंटर कॉलेज पहुंचे। उन्होंने बच्चों और शिक्षकों के साथ राष्ट्रगान गाकर शहीदों को याद करते हुए पुष्प अर्पित किया। शिवपाल ने दावत पर आम का स्वाद चखते हुए आम की फसल के बारे में बागवानों से बातचीत की। स्कूल के प्रबंधक पंकज यादव व पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामगोपाल यादव ने शिवपाल यादव को पगड़ी पहनाकर व गदा देकर सम्मानित किया।

शिवपाल ने बच्चों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सैनिकों के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सरकार आने पर सबसे पहले इस योजना को खत्म किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश सचिव सपा व प्रबंधक पंकज यादव प्रधान ,अशोक यादव प्रधानाचार्य, पूर्व विधायक आदी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में 40 वृद्धों की जांच कर बांटी दवाइयां

**अमृत विचार, निगोहां** : आयुष आपके द्वार के तहत शुक्रवार को निगोहां के लालपुर गांव में वृद्धावस्था चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का लगाया गया। इस शिविर में 40 वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्साधिकारी दखिना शेखपुर डॉ. एसके वर्मा ने बताया कि बरसात के मौसम में विशेष सावधानी बरतने के साथ ही स्वच्छता एवं घरेलू उपचार की जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में आए वृद्धजनों की शुगर की जांच एवं बीपी उनके आहार की जानकारी भी दी गई। योग प्रशिक्षिका डॉ. अनीता के द्वारा वृद्धजनों का योगाभ्यास भी कराया गया।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति कन्नौज**

पत्रांक: कृ0उ0म0स0/(सफाई)/2024–25/–83 दिनांक: 25/07/2024

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति कन्नौज के नवीन मण्डी स्थल सरायमीरा, उपमण्डी स्थल तिर्वा/किसान बाजार तिर्वा तथा विशेष जिन्स मण्डी स्थल, ठठिया (कन्नौज) मे वित्तीय वर्ष 2024–25 की अवशेष अवधि में सफाई कार्य हेतु सुदृढ़, अनुभवी व पंजीकृत सफाई ठेकेदारो से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक– 27/07/2024 से, दिनांक 05/08/2024 तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। सफाई कार्यो की तकनीकी बिड दिनांक– 06/08/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे एवं तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त वित्तीय बिड दिनांक– 08/08/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे उपनिदेशक (निर्माण), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0, कानपुर नगर के कार्यालय मे खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | मण्डी समिति का नाम | सफाई कार्यो के स्थान | अनुमानित लागत | धरोहर राशि 10% | निविदा प्रपत्र का मूल्य (18% GST सहित) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कन्नौज | प्रधान मण्डी स्थल कन्नौज | 6,71,200.00 | 67,120.00 | 1,180.00 | कार्य प्रारम्भ होने की तिथि से दिनांक 31.03.2025 तक |
| 02 | | उपमण्डी स्थल तिर्वागंज+ किसान बाजार, तिर्वा | 6,40,000.00 | 64,000.00 | 1,180.00 | |
| 03 | | विशेष जिन्स मण्डी स्थल, ठठिया (कन्नौज) | 5,62,000.00 | 56,240.00 | 1,180.00 | |

नोटः–कार्य हेतु स्वीकृत दर पर नियमानुसार जी0एस0टी0 सम्बन्धित फर्म द्वारा देय होगी।

मुख्य नियम व शर्तेः– 1. ऑनलाइन निविदा डालने हेतु निविदादाता के पास सर्टीफाइड प्राधिकरण द्वारा उपयुक्त डिजिटल हस्ताक्षर होना तथा उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीयन अनिवार्य है। 2. बिडिंग प्रपत्र/नियम व शर्ते ऑनलाइन http://etender.up.nic.in पर दिनांक– 05/08/2024 के सायं 05:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। निविदा (बिड) ऑनलाइन पोर्टल पर ही सबमिट की जायेगी। 3. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट ए0पी0एम0सी0 कन्नौज के नाम एवं वांछित धरोहर धनराशि की मूल एफ0डी0आर0 जो कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कन्नौज के नाम बन्धक हो, आवेदक के पैन कार्ड, आधार कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण–पत्र, टर्न ओवर विवरण, न्यूनतम तीन वर्षीय अनुभव प्रमाण–पत्र, जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण–पत्र तथा हैसियत प्रमाण–पत्र की स्केन कॉपी ऑनलाइन निविदा के साथ अपलोड करने के साथ ही मूल प्रपत्र मण्डी समिति कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति मे निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी। 4. निविदादाता द्वारा डाली गयी निविदा की वार्षिक दरो के अनुपातिक मासिक आधार पर प्रत्येक माह नियमानुसार बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। निविदादाता द्वारा दरें जी0एस0टी0 रहित अंकित की जायेंगी। भुगतान के समय लागू दरो पर जी0एस0टी0 सम्बन्धित फर्म द्वारा देय होगा। 5. विस्तृत विवरण तथा अन्य नियम/शर्ते बिडिंग प्रपत्र कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। नियोक्ता सिस्टम के फेल होने अथवा किसी भी प्रकार के विलम्ब के लिये उत्तरदायी नही होगा। निविदा के सम्बन्ध मे समस्त अधिकार कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कन्नौज में निहित होंगे।

**सचिव उपजिलाधिकारी 'सदर'/सभापति**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति कन्नौज**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0 नि0 वि0, लखनऊ**

सं0– 5725 /ई–टेण्डर/2024–25 दिनांक : 23–07–2024

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी – ''ए'', ''बी'', ''सी'', ''डी'' के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी + जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | लखनऊ | बी0के0टी0 क्षेत्र के अर्न्तगत ग्रामीण मार्गो व अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 29.00 | 2.90 | रू0 300.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | सहायक अभियन्ता (तृतीय) क्षेत्राधिकार के अर्न्तगत राज्य मार्ग व अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 23.60 | 2.36 | रू0 300.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 3 | लखनऊ | सहायक अभियन्ता (द्वितीय) क्षेत्राधिकार के अर्न्तगत राज्य मार्ग व अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 21.00 | 2.10 | रू0 300.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 4 | लखनऊ | गोसाईगंज क्षेत्र के अर्न्तगत ग्रामीण मार्गो व अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 31.60 | 3.16 | रू0 300.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 5 | लखनऊ | लखनऊ शहर में सहायक अभियन्ता (द्वितीय) क्षेत्राधिकार के अर्न्तगत मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.70 | 1.27 | रू रू0 225.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 6 | लखनऊ | लखनऊ शहर में इन्दिरा नगर तकरोही क्षेत्र के अर्न्तगत मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 8.10 | 0.81 | रू0 225.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 7 | लखनऊ | लखनऊ शहर में विकास नगर क्षेत्र के अर्न्तगत मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 9.60 | 0.96 | रू0 225.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 8 | लखनऊ | लखनऊ शहर में इन्दिरा नगर क्षेत्र के अर्न्तगत मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 9.40 | 0.94 | रू0 225.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 9 | लखनऊ | लखनऊ शहर में लखनऊ–कुर्सी–महमूदाबाद मार्ग पर पैच मरम्मत का कार्य। | 8.10 | 0.81 | रू0 225.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |

● बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है। ● कोविड–19 के संक्रमण को रोकने के सभी उपाय अपनाते हुए ही समस्त कार्य सम्पादित किये जायेंगे। निविदा आनलाइन दिनांक 29.07.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 03.08.2024 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 03.08.2024 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 03.08.2024 को अपरान्ह् 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश सं0– 1/2018/3070/78–2–2018/42 आई0टी0/2017 (22) दि0 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी। निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है। निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(इं0 मनीष वर्मा) अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखनऊ

**UP-217758 दिनांक 25.07.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सोतवा खेड़ा विकास खंड सरेनी, जनपद रायबरेली**

दिनांक 28/09/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना/टेंडर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत सोतवा खेड़ा में 2023–24 हेतु निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे इंटरलश्वकिंग ब्रिक्स, ईंट प्रथम श्रेणी, ईंट सीधा खंजड मौरंग, सीमेंट बालू इत्यादि क्रय की जानी है। जिसके लिए रजिस्टर्ड फर्मो से सामग्री आपूर्ति हेतु रेट कोटेशन निविदा प्रकाशन के तीन दिन के अंदर आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदाएं अगले कार्य दिवस को सायं 3 बजे निविदा दाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी। न्यूनतम दर प्राप्त कोटेशन ही स्वीकार किया जायेगा स्वीकरोपरांत उक्त सामग्री इस वित्तीय वर्ष में आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। प्रस्तुत दरें लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दरों से अधिक नहीं होंगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेश पर की जायेगी। ग्राम पंचायत को बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।

**कार्य का विवरण– आंगनबाड़ी केंद्र सोतवा खेड़ा**

ग्राम प्रधान सोतवा खेड़ा, विकास खंड सरेनी, जनपद रायबरेली।
सचिव सोतवा खेड़ा, विकास खंड सरेनी, जनपद रायबरेली।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मल्लावां , हरदोई**

पत्रांक– 13 / न0पा0परि0 मल्लावॉ/2024–25 दिनांक :– 05–07–2024

**सार्वजनिक सूचना भवन मानचित्र स्वीकृति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद मल्लावां, के अन्तर्गत निवासी ग्राम ईश्वरपुरसाई, परगना मल्लावों तहसील बिलग्राम जनपद हरदोई के निवासी श्रीमती शैलजा सिंह पत्नी आशीष सिंह के द्वारा मो0 मोहल्ला गंगारामपुर बाहर नगर पालिका परिषद मल्लावां में अपने मकान का भवन मानचित स्वीकृति हेतु प्रार्थना पत्र दिनांक 06.05.2024 को प्रस्तुत किया है। जिसकी चौहद्दी निम्नवत् है–

**पूरब– निकास व कच्चा रास्ता 18 फिट चौड़ा। पश्चिम– भूमि कोतवाली मल्लावां । उत्तर– मकान सुषमा देवी। दक्षिण – प्लाट विक्रेता गण**

उक्त भवन मानचित्र प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर नगर पालिका में कार्यालय अवधि में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद मल्लावां हरदोई**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मल्लावां जनपद-हरदोई**

पत्रांक– 12 / एम0बी0एम0 / नामान्तरण / 2024–25 दिनांक :– 05–07–2024

**सार्वजनिक सूचना नामान्तरण (दाखिल खारिज)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद मल्लावां, के अन्तर्गत निवासी ग्राम ईश्वरपुर साई कस्बा व पर0 मल्लावां तह0 बिलग्राम जिला हरदोई के निवासी श्रीमती शैलजा सिंह पत्नी आशीष कुमार ने नाम परिवर्तन हेतु प्रार्थना पत्र दिनांक 08/05/2024 को प्रस्तुत किया है जिसमें मोहल्ला गंगारामपुर मल्लावां में निम्न चौहद्दी के अनुसार बैनामा के आधार पर भूमि कय की गई है जिसकी चौहद्दी निम्नवत् है।

**पूरब– निकास व कच्चा रास्ता 18 फिट चौड़ा। पश्चिम– कोतवाली मल्लावां । उत्तर– मकान सुषमा देवी दक्षिण – प्लाट विक्रेता।**

इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर नगर पालिका में कार्यालय अवधि में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**(अध्यक्ष)**
**नगर पालिका परिषद मल्लावां हरदोई**

## एक नजर

### अमृत विचार का पौधरोपण अभियान रामनगर में आज

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** दैनिक समाचार अमृत विचार के द्वारा जिले में चलाए जा रहे पौधरोपण महाअभियान के तहत शनिवार को कस्बा रामनगर के यूनियन इंटर कॉलेज में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें ब्लॉक प्रमुख रामनगर व कस्बा अध्यक्ष सहित कई अधिकारी शामिल होकर पौधे रोपित करेंगे। ज्ञात हो कि दैनिक समाचार अखबार अमृत विचार के द्वारा एक पेड़ मां के नाम की थीम पर जिले की सभी तहसीलों में बड़े पैमाने पर पौधरोपण कराया जा रहा है। जिसकी शुरुआत जनपद के रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र से की गई थी। इसी क्रम में आज यूनियन इंटर कॉलेज रामनगर में पौधरोपण का कराया जाएगा।

### अज्ञात युवक बेहोश सीएचसी में भर्ती

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय बस स्टेशन पर बेहोशी की हालत में पड़े एक युवक की सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सीएचसी हैदरगढ़ में उसे भर्ती कराया। शुक्रवार की शाम लगभग 5 बजे एक युवक लड़खड़ाते कदमों से बस स्टेशन हैदरगढ़ के परिसर में पहुंचा और फिर मूत्रालय के निकट गिर पड़ा। लोगों ने समझा कोई शराबी होगा। इसी बीच बारिश होने लगी फिर भी युवक पेट के बल पड़ा ही रहा। जिसकी सूचना यहां पर मौजूद समाज सेवी काशी सिंह बगावत ने प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी को दी। यहां पहुंची पुलिस ने युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। युवक के पास से ना तो मोबाइल और न ही कोई पहचान पत्र मिला। जिससे युवक की पहचान नहीं हो सकी है। समाचार लिखे जाने तक युवक बेहोशी की हालत में ही था।

### मांगों को लेकर संविदाकर्मियों ने किया प्रदर्शन

**सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** दस सूत्रीय मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सूरतगंज में प्रदर्शन कर संविदाकर्मियों, चिकित्सक ने प्रर्दशन कर अपने हक की मांग की है। इस मौके पर डा.प्रवीन कुमार, डा.अरशद खान,अमरेंद्र सिंह,अभिषेक मौर्या, मनोज श्रीवास्तव, उमेश आदि उपस्थित रहे।

### कारगिल विजय दिवस पर बलिदानियों को किया याद

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** हरख ब्लाक के दियानत नगर गांव में स्थित शहीद स्मारक पर राष्ट्रीय जागरण मंच के तत्वावधान में व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव के संयोजन में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मनोज श्रीवास्तव तथा कवि सीताकांत स्वयंभू व सुजीत सिंह राठौर ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार छल से पाकिस्तान ने कारगिल की चोटियों पर कब्जा करने का दुस्साहस किया उसका मुंहतोड़ जवाब भारतीय सेना ने दिया। इस दौरान राष्ट्रीय जागरण मंच उपाध्यक्ष व भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, वरिष्ठ सदस्य योगेंद्र गुप्ता, जयवंत सिंह, अवधेश शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, भाईलाल कश्यप,राज सिंह, संतोष सिंह, हरिकेश अवस्थी,राम समुझ रावत, रोहित सिंह, अजीत सिंह, उपेंद्र सिंह,ननकऊ कश्यप,समर्थ सिंह ,संजय रावत व राम कुमार शर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अधेड़ महिला का मिला शव

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के चौराहा मसौली पर स्थित जसवंत ढाबे के निकट एक 50 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। मृतका मानसिक रुप से बीमार बताई जा रही है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका का शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है। शुक्रवार की दोपहर ढाबा संचालक की सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने हाइवे पर स्थित मसौली चौराहा पर बने परिवहन निगम के बूथ स्टाप के पीछे एक महिला के शव को कब्जे लिया। वहीं उपनिरीक्षक शमशाद अली, कस्बा प्रभारी अनिल सिंह ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 5 माह का भेजा 19 हजार रुपये का बिल, उपभोक्ता परेशान

सतरिख, बाराबंकी

▶▶ **बिजली का बिल सही कराने को ढूंढ़े नहीं मिल रहे अवर अभियंता**

**अमृत विचार:** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की लापरवाही उपभोक्ताओ पर भारी पड़ रही है। उपभोक्ताओं का बिल बनाने में जमकर मनमानी की जा रही है। घरेलू कनेक्शन पर 5 माह में करीब 19 हज़ार रुपये बिल भेज दिया गया है। इतना बिल देख उपभोक्ताओ के होश उड़ गए।

सतरिख फीडर में पड़ने वाला बड़ापुरा गांव के निवासी किसान असर्फीलाल के नाम घरेलू कनेक्शन है। माह मार्च, अप्रैल, मई, जून और जुलाई का बिल करीब 19 हज़ार रुपये मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की लापरवाही के चलते भेज दिया गया है। इतना बिल देख उपभोक्ता के होश उड़ गए। उपभोक्ताओं का बिल बनाने में कर्मचारियों के द्वारा जमकर मनमानी की जा रही है। इसी तरह सतरिख कस्बे के रहने वाले किस्मत अली का भी बिल इस महीने बहुत ज्यादा भेज दिया गया है। बिल संशोधन के लिए सतरिख स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय में महीनों से चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन यहां पर अवर अभियंता से भेंट ही नहीं हो पा रही है। वहीं उपखंड अधिकारी अनुभव श्रीवास्तव का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी और साथ ही बिल का संशोधन भी किया जाएगा।

## योजनाओं को पूरा कराने के लिए मुख्यमंत्री से मिले पूर्व विधायक

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार:** पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी रामनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास की शेष रह गई योजनाओं को पूरा कराने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले।

मुख्यमंत्री ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें शीघ्र पूरा कराए जाने का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने लोधेश्वर महादेवा तीर्थ के विकास के लिए प्रस्तावित कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण की शेष धनराशि अवमुक्त करने व महादेवा हेतमापुर में बाबा नारायण दास की तपोस्थली पर लगने वाले मेले के समय लेटकर परिक्रमा करने वालों के लिए सात मीटर चौड़ा मार्ग बनाए जाने की मांग की।

# बीईओ कार्यालय में रखे-रखे सूख गए सैकड़ों पौधे

सतरिख, बाराबंकी



सतरिख स्थित बीईओ कार्यालय परिसर में रखे-रखे सूख गए पौधे। अमृत विचार

▶▶ **अभियान में पौधे रोपित कर फोटो खिंचवाई और चले गए अधिकारी**

**अमृत विचार:** पौधरोपण महाअभियान में रोपित करने के लिए लाये गए, सैकड़ों की संख्या में पौधे एक कमरे में रखे-रखे सूखकर नष्ट हो गए हैं, लेकिन इस ओर जिम्मेदार अफसरों ने ध्यान नहीं दिया है। अब आलम यह है कि यह पौधे-पौधे रखे-रखे सूख गए हैं। उससे अचरज भरी बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारी यह कह रहीं हैं कि ब्लॉक शिक्षा क्षेत्र में सभी पौधे लग चुके हैं कोई पौधा शेष नहीं बचा है।

विकास खंड हरख के खंड शिक्षा अधिकारी के सतरिख स्थित कार्यालय में पौधरोपड़ महाअभियान के लिए बीती 20 जुलाई को पौधों को रोपित करने के लिए लाये गए थे,लेकिन इन पौधों को रोपित नहीं किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के निकट परिसर के एक कमरे में मुख्य द्वार के पास सैकड़ों की संख्या में पौधे रखे हैं, जो रखे-रखे सूख कर नष्ट हो चुके हैं। इन पौधों को पौधरोपण महाअभियान के दिन कार्यालय परिसर तथा अन्य स्थानों पर रोपित करने के लिए वन विभाग से मंगाया गया था, लेकिन अफसरों और कर्मचारियों ने एक दो पौधे रोपित कर पौधरोपड़ अभियान की खानापूर्ति कर लिया और पौधे लगाए, फोटो खिचाई, और चल दिए.. इसके बाद सैकड़ों की संख्या में पौधों को कार्यालय के कमरे में बंद कर दिया गया जो सूखकर नष्ट हो चुके हैं। पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए हर साल लाखों पौधे लगाए जाते हैं लेकिन रख रखाव के आभाव से अधिकांश पौधे सुख जाते हैं। पौधे सूखे या बचे है इसको न तो वन विभाग को पता है न ही जिला प्रशासन को। लेकिन यहां तो पौधे लगाए ही नहीं गए हैं। पौधे सूख जाने से सरकारी धन का भी नुकसान हुआ है लेकिन इस ओर जिम्मेदार अफसरों ने ध्यान नहीं दिया है।

वहीं इस मामले पर खंड शिक्षा अधिकारी अर्चना यादव का कहना है कि कार्यालय परिसर तथा अन्य स्थानों पर पौधे रोपित किए गए हैं। हमारे यहां न पौधे बचे हैं और न ही रखे हैं। यदि ऐसा है तो उसकी जांच करवाती हूं।

# गंदगी पर भड़के सीडीओ, 2 कर्मियों का रोका वेतन

## दो परिषदीय सहित कुल चार विद्यालयों का किया निरीक्षण, पठन-पाठन बेहतर करने के दिए निर्देश

कार्यालय संववाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने दो परिषदीय सहित कुल चार विद्यालयों का निरीक्षण किया। विद्यालय में सफाई व्यवस्था दुरूस्त न मिलने पर उन्होंने दो सफाईकर्मियों का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा।

मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन शुक्रवार की सुबह शहर में स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज व राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज पहुंचे। इसके बाद सीडीओ मसौली विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय रसौली का निरीक्षण करने पहुंचे। इं. प्रधानाध्यापिका रचना एवं अंजू कुमारी अवकाश पर थीं। सहायक अध्यापक हिमांशू सिंह व उपेन्द्र कुमार सिंह विद्यालय में उपस्थित मिले। विद्यालय में नामांकित 124 बच्चों के सापेक्ष 65 बच्चे उपस्थित थे। सीडीओ सबसे पहले कक्षा एक में पहुंचे, यहां गंदगी मिली। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई का अभाव था। विद्यालय के कमरों में जगह-जगह कूड़ा बिखरा मिलने पर सीडीओ अ. सुदन ने नाराजगी जाहिर करते हुए सफाई कर्मियों का एक दिन का वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सफाईकर्मी गुड्डू बाल्मीकि व प्रीती का एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी इसी विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय दादरा का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां पर कार्यरत समस्त स्टाफ उपस्थित मिला। विद्यालय में नामांकित 113 छात्र-छात्राओं में से 81 बच्चे उपस्थित मिले। सीडीओ ने पठन-पाठन बेहतर करने के साथ ही विद्यालय परिसर को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए।



परिषदीय विद्यालय का निरीक्षण करते सीडीओ अन्ना सुदन। अमृत विचार

### अभिभावक की भूमिका में नजर आए सीडीओ

**बाराबंकी : अमृत विचार :** सीडीओ अ. सुदन ने शुक्रवार को सोनौली स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई व्यवस्था को छोड़कर बाकी सारी चीज काफी बेहतर रही। इस बीच सीडीओ बालिकाओं के बीच में अभिभावक की भूमिका में नजर आए। सीडीओ कभी बच्चों से सवाल कर उनके जवाब जानने की कोशिश की, तो कभी जवाब न दे पानी वाली बालिकाओं को एक अभिभावक की तरह सही उत्तर बताकर उनका मार्गदर्शन किया। सीडीओ अ. सुदन ने खेल-खेल में पढ़ाई कैसे की जाती है, इसको लेकर बच्चों से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा। उन्होंने अध्यापकों से खेल-खेल में पढ़ाई करने को लेकर निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि खेल-खेल में पढ़ाई करवाने का परिणाम यह होता है कि बच्चों के मन मस्तिष्क में विषय वस्तु ठीक से समझ आ जाती है। उन्होंने प्रश्नों का सही जवाब देने वाली छात्राओं को पेन देकर पुरष्कृत किया। सीडीओ का यह अनोखा प्रयोग छात्राओं को काफी रास आया। इसके बाद सीडीओ ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यापक मौजूद पाए गए। सीडीओ ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कक्षा 12 की छात्राओं की ऑनलाइन क्लास चल रही थी। वहां पहुंचकर सीडीओ ने छात्रों से विषय से संबंधित सवाल किया। छात्राओं द्वारा सवालों का सही जवाब दिया गया। कक्षा 11 में सीडीओ ने अध्यापक व छात्राओं से अलग-अलग सवाल पूछे। सीडीओ ने छात्राओं से विद्यालय द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। इसके बाद सीडीओ ने विद्यालय परिसर में बने मेस का निरीक्षण किया। जिसमें रसोइंया व समस्त कर्मचारी मौजूद मिले। यहां साफ सफाई को लेकर सीडीओ ने आवश्यक निर्देश दिए। सीडीओ ने बेहतर शिक्षा के लिए शिक्षकों को भी आवश्यक निर्देश दिये।

# वाहन अनफिट पाए जाने पर होगा पंजीयन का निरस्तीकरण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

▶▶ **जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सभी विद्यालयों को अनफिट वाहनों की फिटनेस कराए जाने के लिए संचालित कैंप के बारे में बताया गया। डीएम ने निर्देश दिया कि वाहनों की फिटनेस 15 अगस्त 2024 के पहले करा ली जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि वाहन अनफिट पाए जाने पर पंजीयन निरस्तीकरण की कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी ने अनफिट वाहनों की सूची को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रकाशित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान सभी विद्यालयों द्वारा यह जानकारी दी गई थी उनके विद्यालयों में विद्यालय स्तर पर सुरक्षा समिति का गठन शत प्रतिशत कर लिया गया है। संभागीय अधिकारी ने बताया कि विद्यालय द्वारा 5 से 10 किलोमीटर की परिधि में संचालन के लिए 1648 का निरीक्षण शुल्क वसूला जाएगा और 5 किलोमीटर से कम की परिधि के लिए इसका आधा शुल्क लिया जाएगा। वहीं 10 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए 25 फीसदी अधिक लेकिन 2000 से कम अनुरक्षण शुल्क ही अभिभावकों से लिया जाएगा। इसके संबंध में हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

## चिकित्सक ने सीएमओ से लगाई स्थानांतरण की गुहार

**हैदरगढ़, अमृत विचार:** एक वर्ष पूर्व अल्ट्रासाउंड के लिए हैदरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात किए गए डॉ. विश्वनाथ मद्धेशिया द्वारा अनाधिकृत बाहरी व्यक्तियों द्वारा बाहर की दवाएं जांच एवं मेडिको लीगल केस में अपने अनुरूप नियम विरुद्ध कार्य करने के दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजकर यहां से स्थानांतरण किए जाने की गुहार लगाई है। डॉ. मद्धेशिया ने सीएमओ को भेजे गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनसे ओपीडी इमरजेंसी एवं मेडिकोलीगल के अलावा अन्य कार्य भी लिया जाता है।

# हैदरगढ़ के विधायक का भाई सर्पदंश के बाद लखनऊ रेफर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▶▶ **बढ़े सर्पदंश के मामले, बाराबंकी में 3 नए केस सामने आए**

**अमृत विचार:** बारिश में सांप के डसने के मामले तेजी से आ रहे हैं। जिला अस्पताल समेत सीएचसी में देखें तो रोजाना एक से दो मामले सामने आते दिख रहे हैं। शुक्रवार को भी जिलेभर में सर्पदंश के 3 मामले सामने आए हैं। इसमें हैदरगढ़ के विधायक के भाई गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया।

पहला मामला कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत अजान का पुरवा मजरे रानीपुर का है। इस गांव के निवासी 23 वर्षीय संदीप पुत्र सतगुरु शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे घर के बाहर लगी बालू को समेट रहा था कि तभी सर्पदंश का शिकार हो गया। परिजनों द्वारा उसे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां मरीज का उपचार चल रहा है और अब वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है। इसी तरह दूसरा मामला कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुलामाबाद गांव का है। यहां के निवासी हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत के चाचा दयाराम के पुत्र राकेश कुमार शुक्रवार सुबह कमरे में सामान निकालने गया था। जहां पर सांप ने अचानक उसके हाथ में काट लिया। वहीं तीसरा मामला जिला अस्पताल में भर्ती रामनगर थाना क्षेत्र के फतेहउल्लापुर गांव का है। यहां के युवक को सांप ने काट लिया था। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बिहुरा चौराहे के निकट शौच के दौरान तालाब में डूबा युवक

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** शुक्रवार को थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के बिहुरा चौराहे के निकट स्थित शौच करने गया युवक तालाब में डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व पीएसी के जवान घंटो युवक की तलाश करते रहे। कड़ी मशक्कत के बाद देर शाम युवक का शव निकाला गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

घटना कोतवाली फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिहुरा चौराहे की है। जहां पर इसी क्षेत्र के साढ़ेमऊ निवासी अरविंद तीन दिन से अपनी ससुराल बिहुरा में किसी काम से आया था। स्थानीय लोगों के मुताबिक दोपहर में अरविंद बिहुरा चौराहे के पास एक तालाब पर शौच के लिये गया था। जहां पर वह फिसल जाने के कारण तालाब में गिर गया। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व पीएसी के गोता खोरो द्वारा घंटो कड़ी मशक्कत के बाद अरविंद का शव तालाब से बाहर निकला। शव को कब्जे में लेकर पुलिस मे पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया। वहीं युवक की पत्नी ममता ने बताया कि वह तीन दिन से यहां पर ससुराल में थे। दोपहर में शौच की बात कहकर घर से निकल थे। अरविंद के पुत्र आरोग्य व पुत्री नित्या है।

## बोर्ड की बैठक में सभासद की बिगड़ी हालत

**जैदपुर, बाराबंकी: अमृत विचार:** नगर पंचायत जैदपुर सभागार में कस्बा के विकास के मुद्दों पर विशेष चर्चा करने हेतु सभी वार्ड के सभासदों के साथ बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कस्बा के विभिन्न वार्डों के सभासद बैठक में उपस्थित हुए। बैठक के दौरान अचानक बड़ापुरा वार्ड के सभासद मोहम्मद अबसार अंसारी की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद साथी सभासदों द्वारा उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर उनकी हालत में सुधार हुआ। शुक्रवार को नगर पंचायत के सभागार में आयोजित बोर्ड की बैठक में कस्बा के विभिन्न वार्डों के सभासद पहुंचे थे।

# महिला ने पहले काटी हाथ की नस, फिर फांसी लगा दी जान

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** एक महिला ने अपने हाथ की नस काटने के बाद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला शाम को ही मायके से ससुराल आई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ कर शव को नीचे उतारा। पुलिस ने महिला के पास एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है।

कुर्सी थाना क्षेत्र के हेमापुरवा गांव निवासी गीता पत्नी रामकुमार 35 वर्ष ने अपने कमरे में छत के कुंडे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के पति रामकुमार ने बताया कि गुरुवार शाम को ही पत्नी मायके वापस घर आई थी। रात में खाना खाने के बाद परिवार सहित छत पर सो रहे थे। देर रात अचानक बारिश होने पर वह बच्चों के साथ छत से नीचे उतर आया। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने पर उसने आवाज लगाई। अंदर से कोई आहट न मिलने पर उसने खिड़की से झांक कर देखा तो बदहवास रह गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ शव को नीचे उतारा। थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।महिला के पास सुसाइड नोट बरामद हुआ है।मायके पक्ष ने भी कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### करंट लगने से किसान का झुलसा हाथ

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना लोनीकटरा अंतर्गत बिजौली निवासी किसान रामू सिंह (20) शुक्रवार सुबह खेतों की सिंचाई कर रहा था। खेत के किनारे गड़े बिजली के खम्भे से सटाकर की गई खेतों की बैरीकेडिंग के तार में उतरे करंट से उसका हाथ झुलस गया। परिजनों ने उसे सीएचसी त्रिवेदीगंज पर इलाज के लिये भर्ती कराया है।

### सड़क हादसे में पिता-पुत्री घायल

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली हैदरगढ़ के खमनखेड़ा निवासी सुन्दरलाल साइकिल अपनी बेटी प्रीती (22) के साथ बड़वल गांव जा रहा था। जहां बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। दोनों घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया। जहां से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

### भाजपा की भेदभाव नीति को जनता ने नकारा



इंटरलॉकिंग का उद्घाटन करते विधायक फरीद महफूज किदवई। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने हमेशा विकास को प्राथमिकता दी है। विकास से ही समाज को एक सूत्र में जोड़ा जा सकता है। बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा के भेदभाव नीति व विकास विरोधी चरित्र को जनता ने उजागर कर उन्हें नकार दिया। रामनगर का सर्वांगीण विकास ही हमारा प्रथम लक्ष्य है। यह बातें विधानसभा रामनगर में ग्राम पुरे भगाई के ठाकुर पुरवा में विधायक निधि द्वारा निर्मित इंटरलॉकिंग के उद्घाटन के बाद उपस्थित ग्रामीण वासियों के बीच पूर्व मंत्री विधायक फरीद महफूज किदवई ने कहीं। पूर्व मंत्री ने कहा कि वह रामनगर विधानसभा के पिछड़े क्षेत्र के विकास के लिए वचनबद्ध हैं। समाजवादी पार्टी अपने विचारों, सिद्धांतों व विकास परक नीतियों के बल पर जनता के बीच हमेशा रहती है। भाजपा पर विकास विरोधी आरोप लगाते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि वह जनता को धर्म के मुद्दे पर बांट कर मात्र राज करना चाहती है। अब जनता भाजपा के छलावे में आने वाली नहीं। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने आम का वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण का आह्वान किया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज, मो. सबाह, मो. आफाक और प्रीतम सिंह वर्मा मौजूद रहे।

### आ गई नगर पंचायत की अपनी जेसीबी मशीन

**रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** नगर पंचायत अध्यक्ष रामनगर रामशरण पाठक के द्वारा जेसीबी मशीन का क्रय किया गया है। अभी तक नगर पंचायत के पास जेसीबी मशीन नहीं थी। जिसके चलते किराए पर मांगाना पड़ता था। मशीन के समय पर उपलब्ध न होने पर कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता था। सदस्यों की राय, चेयरमैन की इच्छा शक्ति और अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार खरवार के प्रयास से शुक्रवार को जेसीबी मशीन आ गई। चेयरमैन रामशरण पाठक ने लोधेश्वर महादेवा ले जाकर मशीन की पूजा अर्चना की। इस मौके पर पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी, रामकरन, बल्लू, बाबा, मोनू पाठक, पंकज पाठक, अजय तिवारी और बंटी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



नई जेसीबी की पूजा-अर्चना करते चेयरमैन रामशरण पाठक। अमृत विचार

### दिलौना गांव में जल निकासी की नहीं है व्यवस्था

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** बनीकोडर विकास खंड का दिलौना गांव बड़ी ग्राम पंचायत है। यहां पर जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। गांव के मुख्य मार्ग से ग्रामीण कस्बा तक जाते हैं। लेकिन इस मार्ग में नाली निकासी न होने से लोगों को कीचड़ व गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। यहां पर स्वच्छता के लिए भारी भरकम बजट आने के साथ साथ सफाई कर्मचारियों को तैनात किया गया है।लेकिन गांव की हालत देखकर नहीं लगता कि जिम्मेदार सफाई को लेकर संजीदा है। गांव की मुख्य सड़क के किनारे पंचायत मित्र राघवेन्द्र निषाद का घर है इसके बाद भी नाली निर्माण के बावजूद नाली निकासी की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में अरविंद व अन्य लोगों के घरों से निकला बारिश व गंदा पानी सीधे सड़क पर आता है। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार ने बताया कि समस्या का निदान जल्द होगा। बीडीओ बनीकोडर डॉ विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच करा कर जल्द ही नाली निकासी की व्यवस्था करवाता हूं।

**लापरवाही** | 2 माह से टूटी पड़ी मामा पुल शारदा नहर की रेलिंग, प्रतिदिन गुजरते हैं सैकड़ों वाहन

# हादसे के बाद चेतेंगे जिम्मेदार, किस बात का है इंतजार

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार:** बाराबंकी और माती की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित शारदा नहर की मामा पुल की रेलिंग करीब दो माह से टूटी पड़ी हुई है। अत्याधिक वाहनों के आवागमन का लोड होने के बाद भी इसे सही कराने की जरूरत नहीं समझी गई है। यह हाल तब है जब इस पुल के ऊपर से डीएम, एसपी समेत प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि गुजरते रहते हैं। बावजूद इसके रेलिंग को सही कराने की जहमत नहीं उठाई गई है। प्रशासन समेत विभागीय अधिकारी अब शायद किसी हादसे के इंतजार में हैं कि कोई हादसा हो तो आनन-फानन में इसे ठीक कराया जाए।



पुल पर बोरियां और बांस लगाकर चलाया जा रहा काम। अमृत विचार

कस्बा देवा से बाराबंकी को जाने वाले मुख्य मार्ग पर शारदा नहर पर बना पुल जो कि मामा नहर पुल के नाम से जाना जाता है, करीब 2 माह पूर्व रात में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से पुल के एक और की रेलिंग टूट कर नहर में समां गई थी। इसके बाद काफी दिनों तक पुल की टूटी रेलिंग ऐसे ही पड़ रही और वाहनों का आवागमन होता रहा है। कुछ दिन बाद सिंचाई विभाग ने औपचारिकता निभाते हुए टूटी रेलिंग वाले हिस्से में रस्सी और बांस के सहारे रस्म अदायगी कर ली। इस पुल से बाराबंकी, चिनहट को जाने वाले हजारों वाहनों का प्रतिदिन आवागमन होता है और अक्सर जिले के आलाधिकारी और जनप्रतिनिधि भी इस पुल से गुजरते हैं लेकिन किसी का ध्यान इस ओर नहीं गया। शायद सिंचाई विभाग देवा मेला नजदीक आने पर पुल की मरम्मत करवाने पर विचार कर रहा है। इन दिनों नहर में पानी भी पूरे शबाब पर है जरा सी चूक राहगीरों के लिए जानलेवा हो सकती है।

इस संबंध में सिंचाई विभाग के जेई संतोष पंडित ने बताया कि मामला जानकारी में है। पुल की रेलिंग बनाने का एस्टीमेट बनाकर भेज दिया गया है। मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरु किया जाएगा। करीब 10 दिनों में काम शुरू होने की उम्मीद भी है।

# सड़क में गड्ढे या गड्ढों में सड़क रोजाना चोटिल हो रहे राहगीर

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** कस्बे के फतेहपुर-बाराबंकी मुख्य मार्ग से ईदगाह सम्पर्क मार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गया है। जहां पर डामर रोड का कोई नाम व निशान नही हैं। सिर्फ और सिर्फ गड्ढे ही बचे हैं। इस मार्ग के गुजरने वाले छात्र-छात्राएं व छोटे-छोटे बच्चे आएदिन गिरकर चोटिल हो जाते हैं। इस मार्ग के निर्माण कराए जाने को लेकर कस्बेवासी काफी परेशान हैं, बारिश के मौसम में पूरी तरह यह रोड जलमग्न हो जाती है और रास्तें का अता-पता नहीं रहता है जिससे मोहल्लेवासी व राहगीरों को खाशी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर के फतेहपुर-बाराबंकी मुख्य मार्ग से ईदगाह जाने वाला संपर्क मार्ग अपनी बदहाली के आंसू रो रहा है। यशोदा मैदान होते हुए रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास निकले इस बाईपास का हाल वर्तमान समय में बहुत बुरा हो चुका है। रोड का कुछ अता-पता नही है। बारिश के मौसम मे गड्ढो मे पानी भरने से विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राएं गिरकर आएदिन चोटिल हो जाते हैं।



संपर्क मार्ग पर हो गए बड़े-बड़े गड्ढे।

न स सख्या यो न ददाति सख्ये, सचाभुवे सचमानाय पित्व: ।
अपास्मात्प्रेयान्न तदोको अस्ति, पृणन्तमन्यमरणं चिदिच्छेत् ।।

जो लोग अपने पर हुए उपकार का कर्ज नहीं चुकाते, जो दूसरों की सेवा करने में कंजूस हैं, इस दुनिया में कोई भी उनका शुभचिंतक नहीं है। इसलिए मनुष्य को स्वभाव से हमेशा उदार रहना चाहिए।

## संपादकीय

# वनों का विस्तार

पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में वन क्षेत्रों का महत्व सर्वाधिक है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती आबादी और विकास की दौड़ ने ऐतिहासिक रूप से जंगलों को नष्ट किया है, जिसका दुष्परिणाम पूरी दुनिया भुगत रही है। ऐसी स्थिति में पर्यावरण और जलवायु को लेकर सकारात्मक प्रयास में बड़ी वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था खाद्य एवं कृषि संगठन ने अपनी ताजा रिपोर्ट में रेखांकित किया है कि 2000 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्रों के नुकसान में 23 प्रतिशत की कमी आई है। इसमें भारत ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संगठन के अनुसार, हमारे देश में 2010 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्र में हर वर्ष 2.66 लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है। इस वृद्धि के मामले में चीन और ऑस्ट्रेलिया ही भारत से आगे है। वन क्षेत्र का विस्तार करने वाले शीर्ष के देशों में चिली, वियतनाम, तुर्की, अमेरिका, फ्रांस, इटली और रोमानिया शामिल हैं। इस रिपोर्ट में नए तौर-तरीकों से क्षरित भूमि को सुधारने तथा कृषि वानिकी विस्तृत करने के लिए भारत की प्रशंसा की गई है। उल्लेखनीय है कि भारत स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग में भी उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। इस वर्ष के बजट में भी स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहनों तथा सौर, पवन, जल एवं परमाणु ऊर्जा को विकसित करने के प्रस्ताव हैं। स्वच्छ ऊर्जा उद्योग के लिए आवश्यक वस्तुओं के आयात शुल्कों में कमी की गई है और कुछ को शुल्क मुक्त कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में भारत की इस प्रतिबद्धता को भी सामने रखा था कि 2070 तक शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। वन क्षेत्रों के विस्तार से उत्सर्जन रोकने के साथ-साथ मिट्टी, जल और वायु को संरक्षित रखने में बड़ी मदद मिलेगी। वन अर्थव्यवस्था में भी उल्लेखनीय सहयोग देते हैं। कुछ समय पहले यह चिंताजनक सर्वेक्षण सामने आया था कि भारत के गांवों में खेतों के किनारे पेड़ों की संख्या में भारी कमी आई है। शहरी बाढ़, जल-जमाव और संकट ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि जलीय स्रोतों और निकासी के नैसर्गिक रास्तों को नष्ट करने के कारण ऐसी समस्याएं आ रही हैं। इस वर्ष की भीषण गर्मी ने भी चेतावनी दे दी है कि पेड़ों, जंगलों और जलीय स्रोतों को संरक्षित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वन क्षेत्रों का बढ़ना उत्साहजनक है, पर जंगली आग की बढ़ती घटनाओं को रोकने पर भी हमें ध्यान देना होगा।

# उनकी रणनीति से ओलंपिक हुए सुरक्षित



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

जाहिर है अश्वनी कुमार ने ओलंपिक जैसे आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था की निगाहबानी करने से पहले सोचा तो होगा। अंत में उन्होंने आईओसी से मिली जिम्मेदारी को स्वीकार किया। उसके बाद किसी आतंकी संगठन को ओलंपिक खेलों में किसी तरह का व्यवधान डालने का मौका नहीं मिला।

ओलंपिक का पहला और अंतिम दिन : अश्वनी कुमार ओलंपिक खेलों को सुरक्षित आयोजित करने की रणनीति बनाने से लेकर अपराधियों से सीधे दो-दो हाथ करने के लिए तैयार रहते थे। उनका मुख्य फोकस ओलंपिक खेलों के पहले और अंतिम दिन की सुरक्षा व्यवस्था पर रहता था। वे मानते थे कि ये दोनों दिन सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इन्हीं दोनों दिनों में आतंकी अपने शिकार पर हमला करने की फिराक रहते हैं। खेलों की समाप्ति वाले दिन तो इसलिए क्योंकि उस दिन सब रिलेक्स मूड में होते हैं। इसलिए उस दिन सुरक्षा व्यवस्था को बहुत चाक-चौबंद रखना होता है। थोड़ी सी भी लापरवाही के कारण लेने के देने पड़ जाते हैं।

पेरिस में हो रहे ओलंपिक खेलों और साउथ दिल्ली की फ्रेंड्स कॉलोनी का सीधा रिश्ता है। दरअसल फ्रेंड्स कॉलोनी में कुछ बरस पहले तक एक सज्जन रहते थे, जिनकी वजह से ओलंपिक खेलों का आयोजन सुरक्षित हुआ। अगर 1972 के म्युनिख ओलंपिक खेलों में हुए इजराइली खिलाड़ियों के कत्लेआम के बाद फिर ओलंपिक खेलों में कभी उस तरह का भयानक हादसा नहीं हुआ तो उसका श्रेय उन्हीं को जाता है। उनका नाम था अश्वनी कुमार। म्युनिख की दिल दहलाने वाली आतंकी घटना के बाद अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने तेज-तर्रार पुलिस अफसर अश्वनी कुमार से गुजारिश की कि वे आगामी शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की सुरक्षा व्यवस्था को मेजबान देश के साथ मिलकर देखें। अश्वनी कुमार देश की आजादी से पहले इंपीरियल पुलिस सर्विस के अफसर थे। आजादी के बाद अश्वनी कुमार जैसे अफसर भारतीय पुलिस सेवा में शामिल कर लिए गए थे। वे भारतीय ओलंपिक संघ (आईओसी) से भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। बेशक अश्वनी कुमार को बेहद चुनौतीपूर्ण दायित्व मिला था। माना जाता है कि ओलंपिक से बड़ा और कोई आयोजन धरती पर तो नहीं होता है। अब पेरिस ओलंपिक को ही लें। इसमें 206 देशों के हजारों खिलाड़ी, कोच, स्पोर्ट स्टाफ, दर्शक वगैरह हिस्सा ले रहे हैं। खेलों को अपने टीवी सेटों पर अरबों खेल प्रेमी देखेंगे। समझा जा सकता है कि ओलंपिक खेलों का स्तर कितना बड़ा होता है।

जाहिर है अश्वनी कुमार ने ओलंपिक जैसे आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था की निगाहबानी करने से पहले सोचा तो होगा। अंत में उन्होंने आईओसी से मिली जिम्मेदारी को स्वीकार किया। उसके बाद किसी आतंकी संगठन को ओलंपिक खेलों में किसी तरह का व्यवधान डालने का मौका नहीं मिला। अश्वनी कुमार ने मांट्रियल (1976), मास्को (1980), लॉस एजेंल्स (1984), सिओल (1988), बार्सिलोना (1992), अटलांटा (1996) तथा सिडनी (2000) के ओलंपिक खेलों से जुड़े स्टेडियमों, ओलंपिक विलेज, मीडिया सेंटरों, खिलाड़ियों, वीआईपी, दर्शकों वगैरह की सुरक्षा को खासतौर पर देखा और मेजबान देश की सुरक्षा एजेंसियों को जरूरी इनपुट्स दिए। उन्होंने सिडनी ओलंपिक के बाद बढ़ती उम्र के कारण अपनी जिम्मेदारी को छोड़ा था।

आईओसी की तरफ से जैसे ही किसी शहर को ओलंपिक खेल आवंटित होते तो वे वहां पर जाने लगते आयोजन समिति से तालमेल के लिए। फिर वे वहां पर सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देते। कड़क पुलिस अफसर अश्वनी कुमार कहते थे कि ग्रीष्मकालीन खेल खिलाड़ियों और दर्शकों की भागेदारी के लिहाज से शीतकालीन खेलों की तुलना में बहुत व्यापक स्तर पर होते हैं। इसलिए उनकी निगाहबानी करना ही असली चैलेंज होता है।

अश्वनी कुमार भी उस मनहूस 5 सितंबर 1972 को म्युनिख में ही थे जब उन्हें पता चला कि फिलिस्तीन के आतंकियों ने ओलंपिक विलेज पर धावा बोल दिया है। उस हमले के बारे में किसी ने ख्वाबों में भी नहीं सोचा था। हमले में निशाने पर इजराइल की ओलंपिक टीम थी। उस डरावनी घटना के पीछे फिलिस्तीन के 8 आतंकियों का हाथ था। उन आतंकियों ने 11 इजराइली खिलाड़ियों की हत्या कर दी थी। बाद में हेलीकॉप्टर के जरिए रेस्क्यू ऑपरेशन में पांच आतंकी और एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। फिलिस्तीन लिबरेशन आर्मी (पीएलओ) के आतंकियों ने खिलाड़ियों को छोड़ने के एवज में इजराइल की जेलों में बंद करीब 234 फिलिस्तीनियों की छोड़ने और उन्हें सुरक्षित मिस्र भेजने की मांग रखी थी।

ओलंपिक का पहला और अंतिम दिनः अश्वनी कुमार ओलंपिक खेलों को सुरक्षित आयोजित करने की रणनीति बनाने से लेकर अपराधियों से सीधे दो-दो हाथ करने के लिए तैयार रहते थे। उनका मुख्य फोकस ओलंपिक खेलों के पहले और अंतिम दिन की सुरक्षा व्यवस्था पर रहता था। वे मानते थे कि ये दोनों दिन सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इन्हीं दोनों दिनों में आतंकी अपने शिकार पर हमला करने की फिराक रहते हैं। खेलों की समाप्ति वाले दिन तो इसलिए क्योंकि उस दिन सब रिलेक्स मूड में होते हैं। इसलिए उस दिन सुरक्षा व्यवस्था को बहुत चाक-चौबंद रखना होता है। थोड़ी सी भी लापरवाही के कारण लेने के देने पड़ जाते हैं।

जब अश्वनी कुमार ने ओलंपिक खेलों के सुरक्षा इंतजामों को देखने की जिम्मेदारी संभाली थी, तब तक भारत ओलंपिक खेलों में बमुश्किल से एक-दो पदक ही जीत पाता था। फिर भी उन्हें इतनी खास अहम जिम्मेदारी मिली थी। वे आईओसी के दो अध्यक्षों क्रमशः लॉर्ड किलिनन और जे.ए.समारांच के विश्वासपात्र थे। अश्वनी कुमार को देश ने पहली बार तब जाना था जब उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों के हत्यारे सुच्चा सिंह को नेपाल में जाकर पकड़ा था। कैरों राजधानी में कर्जन रोड (कस्तूरबा गांधी मार्ग) में अपने मित्र से मिलकर 6 फरवरी, 1965 को वापस चंडीगढ़ जा रहे थे। रास्ते में सोनीपत के पास राई में उनका सुच्चा सिंह और उनके साथियों ने कत्ल कर दिया था। अश्वनी कुमार नेपाल में सुच्चा सिंह का पीछा करते हुए काफी दूर तक भागे थे। दोनों में हाथापाई हुई, पर अश्वनी कुमार के घूंसों की बौछार ने सुच्चा सिंह को पस्त कर दिया था। इससे पहले भारत सरकार ने उन्हें 1951 में सौराष्ट्र के खूंखार डाकू भूपत गिरोह को खत्म करने के लिए भेजा था। वहां पर भी वे सफल हुए थे।

हॉकी में तो मानों उनकी जान बसती थी। उन्होंने अपनी एक बेटी का नाम ही हॉकी रख दिया था। पंजाब पुलिस के महानिदेशक रहते हुए वे भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष बने। वहां से वे फिर भारतीय ओलंपिक संघ से भी जुड़ गए।

अश्वनी कुमार सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दूसरे महानिदेशक थे और उन्होंने इस सशस्त्र बल को खड़ा किया था। उन्हें बीएसएफ का पितामह माना जाता है। उनके नाम पर दिल्ली के निजामउद्दीन एरिया में बीएसएफ की एक बिल्डिंग भी है। उन्होंने पंजाब पुलिस और बीएसएफ में दर्जनों खिलाड़ियों को नौकरी दी। उनमें बलबीर सिंह सीनियर, अजीतपाल सिंह, उधम सिंह आदि शामिल हैं। पूर्व रॉ प्रमुख और धाकड़ पुलिस अफसर ए.एस.दुलत कहते हैं कि अश्वनी कुमार सोचने-समझने वाले पुलिस अफसर होने के साथ-साथ संगीत, कला, साहित्य में दखल रखते थे। अश्वनी कुमार का साल 2015 में निधन हो गया था।

## प्रसंगवश

# शिव सूत्र

श्रावण मास हो और शिव जी की चर्चा न हो तो सारी चर्चा निरर्थक है। इन भूतभावन भगवान शंकर के अनगिनत स्तोत्र, ग्रंथ और रचनाएं हैं तथा इनके गुणों का सम्यक् गान तो शारदा और शेष भी नहीं कर सकते। हमारी क्या बिसात! यहां हम उनके "शिव सूत्र" की बात करते हैं, जिनकी जानकारी अपेक्षाकृत कम लोगों को है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यह शब्द पुंज दो अर्थों में प्रयुक्त होता है। प्रथमः कश्मीर दर्शन के संबंध में, जिसमें 77 सूत्र हैं। ये तीन अध्यायों में विभक्त हैंः शाम्भवोपाय, शाक्तोपाय, आणवोपाय। कथानुसार नवीं शताब्दी में कश्मीर में वसुगुप्त नामक सिद्ध ऋषि थे, जिन्हें स्वयं भगवान शंकर ने स्वप्न में बताया कि 'असीम ज्ञान की खान मेरे 77 सूत्र 'महादेवोपला' पर्वत शिखर की एक चट्टान में उत्कीर्ण हैं'। ऋषि वहां गए और वैसा ही पाया, फिर उन्हें व्याख्यायित करके विश्व कल्याणार्थ लोकार्पित कर दिया। ये सूत्र गीता के समकक्ष ही महान दर्शन तत्व समेटे हैं। यह पर्वत शृंग और शिला अब भी विद्यमान है और श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है, किंतु अब सूत्र दृश्यमान नहीं हैं। हो भी कैसे सकते हैं। इसके लिए शिव प्रदत्त दिव्य दृष्टि की आवश्यकता होती है। एक अन्य अर्थ में भी ये शब्द प्रयुक्त होते हैं। 14 सूत्रों का एक अन्य समूह भी है, जिसकी प्रचुर तांत्रिक शक्ति है और अध्यात्म जगत की अक्षुण्ण निधि है। कथानक है कि प्राचीन काल में पाणिनि व्याकरण ज्ञान के लिए और सनकादि चारो ऋषि ब्रह्म ज्ञानार्थ प्रयाग में अक्षय वट के नीचे शंकर जी की आराधना/तपस्या कर रहे थे।

भोलेनाथ प्रसन्न होकर प्रकट हो गए और आत्म विस्मृत हो डमरु बजाते हुए तांडव नृत्य करने लगे। उनकी डमरुध्वनि से 14 वर्ण पुंज निसृत हुए, जिससे इन सब तपस्वियों के अभीष्ट की पूर्ति हो गई। ये ही 14 शिव सूत्र हैं, जो इस प्रकार हैंः1-अ इ उ ण, 2-ऋ लृ क्, 3-ऐ ओ ङ्, 4-ऐ औ च्, 5-ह य व र ट्, 6-ल ण् 7-य म ङ ण न म्, 8-झ म ञ्, 9-घ ड घ ष्, 10-ज ब ग ड द श्, 11-ख फ छ ठ थ च ट त न्, 12-क प य्, 13-श ष स र्, 14-ह ल्

मान्यता है कि सोलह खानों का एक चतुर्भुज बनाकर चौदह में ये सूत्र लिख दे। पन्द्रहवें में साधक अपना नाम लिखे और सोलहवें में "ॐ नमःशिवाय", तो उसे सर्वार्थ सिद्धि प्राप्त होगी।

# धर्म और संस्कृति



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हिंदू धर्म में नाथों सिद्धों के भी विद्रोह हैं और मध्ययुग में संतों की मुखर असहमतियां हैं। पर प्रश्न है असली हिंदू धर्म क्या है?

कश्मीर के भूतपूर्व महाराजा और जाने-माने भारतीय राजनीतिज्ञ डॉ.कर्ण सिंह हिन्दू दर्शन के अच्छे ज्ञाता हैं और वह मानते हैं कि हिंदू धर्म में पूरी मानवता की एकात्मता की स्वीकृति 'ऋग्वेद' में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के रूप में दर्ज है। सभी धर्मों की समरसता की बात भी 'ऋग्वेद' की पंक्ति-'एक सद् विप्रा बहुधा वदंति' से प्रकट होती है, पर किताबों से हटकर भी व्यवहार में बहुत कुछ अलग भी हर धर्म में होता है, होता रहता है। सामान्यतः प्रत्येक धर्म/ संस्कृति के तीन रूप होते हैं-शास्त्रीय, ऐतिहासिक और व्यवहृत। हिन्दुत्व की भी यही स्थिति है। शास्त्रीय हिन्दुत्व किताबी है, जिसमें उपरोक्तानुसार खूबियां हैं, पर इसके अंदर तमाम अंतर्विरोध भी हैं। 'जन्मनाजायते शूद्राः कर्मणाद्विज उच्चते' जैसी स्थापना है तो समाज के जन्मना विभाजन की स्वीकृति और मनुस्मृति भी सामने है।

तुलसीदास सीता परित्याग और शम्बूक वध जैसे आख्यानों को अपने 'मानस' में जगह नहीं देते, निषाद राज, शबरी, अहल्या इत्यादि प्रसंग उनकी ब्राह्मणेतर संवेदना की ओर भी संकेत करते हैं, पर उनमें द्विज-श्रेष्ठता और वर्ण-धर्म पर भी बल है। हिंदू धर्म में व्यवहृत रूप में कर्मकांडों एवं अनुष्ठानों का जखीरा है। हिन्दूधर्म वर्ण व्यवस्था के अनुपालन में उदार नहीं है। ऐसा लगता है कि वर्ण व्यवस्था ही हिंदू धर्म की जीवनशैली बन गई है। जब ऋग्वेद में "प्रज्ञानं ब्रह्म" यजुर्वेद में "अहं ब्रह्मास्मि", सामवेद में "तत्वमसि" तथा अथर्ववेद में "अयमात्मा ब्रह्म" महावाक्य सुशोभित है और यही बात उपनिषदों में विस्तार से बतलाई गई है तब फिर यह छूआछूत क्यों?

हम गंगा को माता मानते हैं, पर जितना गंदा हम माता को कर सकते हैं, हमने किया और आज भी कर रहे है। ऐतिहासिक हिन्दुत्व सुधार आंदोलनों और विद्रोहों से भी भरा पड़ा है। साफ है कि हिंदू धर्म में कुछ ऐसा था, जिसका सुधार होना था। जैन और बुद्ध पथ एक सुधार आंदोलन ही था। बुद्ध पथ कालांतर में स्वतंत्र धर्म बन गया। बुद्ध के 'धम्म' में हिंदू धर्म की तरह आस्था और कर्मकांडों पर बल नहीं है। बुद्ध के आविर्भाव के बाद से इस देश में संस्कृति की दो धाराएं बहने लगी हैं। बुद्ध धारा बृहत् मानवता की धारा है।

यह धारा वर्णाश्रम धर्म के विरुद्ध है, जात-पात को वह नहीं मानती है। छुआछूत को वह अधर्म समझती है, भारत का निर्यात-धर्म बौद्ध धर्म निकला। कोई आश्चर्य नहीं कि इस देश में धर्म के जो शक्तिशाली ठेकेदार थे, उन्होंने बौद्ध मत को खदेड़कर देश से बाहर निकाल दिया, किंतु बौद्ध मत हिंदुत्व के भीतर आज भी जीवित और सचेत है। लगता है वैदिक धर्म की जो बातें बुद्ध को नापसंद थीं। वे धर्म के तत्व नहीं, उसके ऊपर जमी हुई रूढ़ियों की पपड़ियां हैं और उन्हें तोड़कर झाड़े बिना भारतधर्म नवीन नहीं होगा।

हिंदू धर्म में नाथों सिद्धों के भी विद्रोह हैं और मध्ययुग में संतों की मुखर असहमतियां हैं। पर प्रश्न है असली हिंदू धर्म क्या है? खैरियत यह है कि इतिहास ने उसे सुलझाकर हमारे लिए आसान कर दिया है। हिंदुत्व का नवीन और जाग्रत रूप अब वह है, जिसका आख्यान राममोहन राय, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, गांधी तथा डॉ. आंबेडकर आदि तमाम समाज सुधारकों ने किया है।

मुस्लिम और ईसाई धर्मों में भी अंतर्विरोध है। 'कुरआन-ए-पाक' में काफिर को मिटा देने के भी निर्देश हैं और क्षमा, सदाशयता और सहअस्तित्व की हिदायत भी है। यहां जेहाद भी है और इसी से निःसूत सूफी-जीवन-बोध भी है। अर्थात् इसमें जेहाद, 'अक्ल' और 'अकीदा' दोनों के लिए जगह है। प्रेम और सेवा पर बल देने वाली 'बाइबिल' में भी विधर्मियों के प्रति असहिष्णुता है और संसार से लेकर नर्क तक कठोर दंड-विधान हैं। आधुनिक सभ्यता के निर्माण में ईसाई राष्ट्रों का अकूत योगदान है, लेकिन इन्हीं आधुनिक ईसाई राष्ट्रों ने अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया में जितना अत्याचार किया है वह मानवता के इतिहास में बेमिसाल है। इनका गुलाम-व्यापार, साम्राज्यवादी दोहन, जापान पर आणविक हमला और इराक की बर्बादी के लिए कौन जिम्मेदार है? इसके बावजूद, इसने शेक्सपियर, मिल्टन, शेली आदि जैसे क्रांतिचेता कवि और बेकन, रसेल जैसे समाजधर्मा दार्शनिक दिया और औद्योगिक क्रांति एवं लोकतंत्र की चेतना प्रदान की।

## सोशल फोरम

# जातिगत विद्वेष

हम जाति, धर्म और संप्रदाय नामक तमाम तरह के खोल ओढ़कर अपनी मानवीय पहचान को लगभग भूल ही चुके हैं। जो जिस जाति में पैदा हुआ है, उसे लगता है वह उस जाति में अमर है। जातिगत आग्रह और दुराग्रह दोनों ही व्यक्तित्व की दुर्बलता के परिचायक है।

देश में जातिगत विद्वेष अपने चरम पर है। उच्च शिक्षित और सभी सुख सुविधा संपन्न होने के बावजूद भी पूर्वाग्रह से ग्रसित जातिगत श्रेष्ठता और निम्नता का भाव देश और समाज को दीमक की तरह निगल रहा है। हम जाति, धर्म और संप्रदाय नामक तमाम तरह के खोल ओढ़कर अपनी मानवीय पहचान को लगभग भूल ही चुके हैं। जो जिस जाति में पैदा हुआ है, उसे लगता है वह उस जाति में अमर है। जातिगत आग्रह और दुराग्रह दोनों ही व्यक्तित्व की दुर्बलता के परिचायक है। जाति आपकी सूक्ष्म पहचान आवश्यक हो सकती है, लेकिन इसे विराट मानवीय परिपेक्ष्य के समक्ष महत्व देना स्वयं और देश को पीछे ले जाने के समान है। अच्छी सोच के लोग सभी जातियों में है और वे इन बेफिजूल की चीजों से ऊपर उठकर केवल अपनी उन्नति पर ध्यान दे रहे हैं और वे इस मकड़जाल से ऊपर उठ चुके हैं।



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

वास्तव में ऐसे लोग खुद को भी समृद्ध करते हैं और अपने सानिध्य वालों के भी मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं। किसी जाति में पैदा होना न तो दोष है और न ही सौभाग्य है, बल्कि जाति में पैदा होकर मानवीय संवेदनाओं का रोपण न होना यही सबसे बड़ा दुर्भाग्य है।

यहां सोशल मीडिया में भी हर जाति के ऐसे बहुत से वयोवृद्ध हैं, जिनके उन्नत विचार और जीवन के प्रति नजरिया हम युवा वर्ग के लिए प्रेरणा स्रोत है, जिनके विचारों को पढ़कर बहुत सुकून मिलता है और पता लगता है कि उन्होंने अपनी जिंदगी में जीवन मूल्य संबंधी मानदंडों को किस कदर आत्मसात किया है और एक सफल जीवन जिया है।

-फेसबुक वॉल से

# जीवन की विविधतापूर्ण शैली



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हमारे दार्शनिक चिंतकों ने ऐसे ही समूचे भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने के लिए देश के कोने-कोने में पीठों, मठों की स्थापना नहीं की थी।

कांवरिये हिन्दू हैं और कांवर यात्रा हिन्दुत्व का एक जीवंत प्रतीक। आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ रहा है। यात्रा पर पुष्पवर्षा आस्था विश्वास के इस अदम्य संकल्प को नमन है। हिन्दू जीवन की अनेक विविधतापूर्ण जीवनशैली को तर्क के आधार पर आकलित नहीं किया जा सकता है। इसे समझने के लिए एक अलग ही दृष्टि चाहिए। विज्ञान ने हमें तमाम भौतिक सुख सुविधाएं तो दी हैं, मगर हमारे अंतर्मन को संस्पर्श करने में अभी तक पूरी तरह समर्थ नहीं हो पाया है।

कई यूट्यूबरों को कांवरियों पर पुष्पवर्षा जनता के टैक्स की बर्बादी दिख रही है। वे इसके विरोध में लगातार प्रोपेगंडा चला रहे हैं। वामपंथी आस्था के इस ऊफान को अंधश्रद्धा/भक्ति का भोंड़ा प्रदर्शन मान रहे हैं। अब जो जनता टैक्स दे रही है वही जब पुष्पवर्षा को अपने पैसे का सदुपयोग मान रही है, जयकारा लगा रही है, हर्षित और उल्लसित हो रही है तो यह व्यय, अपव्यय कैसे हो गया? यह तो उन्हीं का दिया उन्हीं के लिए प्रयुक्त है। त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये।

कांवर यात्रा को अनुचित ठहराने या उत्साह से देखने का अपना-अपना नजरिया है। हां कांवर यात्रा के चलते जनजीवन को होने वाली दिक्कतें एक मुद्दा अवश्य है, जिन्हें खुद भी मैंने करीब दो दशक पहले झेला था और व्यथित मन से बनारस के एक अखबार में एक लेख लिखा था, जिसका शीर्षक आज भी जेहन में है-कांवरियों का कहर, हर गली हर डगर। मगर तब दृष्टिकोण तनिक संकुचित था और मन पर अतिवादी वामवाद का प्रभाव था, मगर तब से कांवर यात्रा को व्यवस्थित और अनुशासित करने में सरकारों ने उत्तरोत्तर काफी प्रगति की है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं इसकी बागडोर संभालते रहे हैं। खुद हेलीकॉप्टर से यात्रा का पर्यवेक्षण कर रहे हैं।

इन बीते सालों में तेजी से बदलते परिप्रेक्ष्य से नजरिये में भी बदलाव आता गया है। तार्किकता का सवाल ही कहां उठता है जब एक हिन्दू बाहुल्य देश में हिन्दू और हिन्दुत्व को लेकर ही नए-नए विवाद हो रहे हैं और परिभाषाएं गढ़ी जा रही हैं। परिणाम स्वरुप सुषुप्त हिन्दू जागृत हो रहा है और अपनी अस्मिता को साबित करने लग गया है। हिन्दुओं की इस जागृत चेतना का ही अभिनंदन पुष्पवर्षा करके हो रहा है और इसका निहितार्थ भी स्पष्ट है। हिन्दुत्व का परचम लहराते रहो, अपनी अपरिमित शक्ति का बुलंद अहसास कराते रहो, साथ देते रहो हम तुम्हें फूल मालाओं से ऐसे ही अलंकृत करते रहेंगे।

ठीक है संविधान के अनुसार भारत एक सेक्यूलर राष्ट्र है, मगर क्या इसका ठेका सिर्फ एक वर्ग ने ही ले रखा है? यह हठात आरोपित सेक्युलरिज्म हमें अपनी जीवन पद्धति और आस्था विश्वास को कैसे डिगा सकता है? भारतीय जनता पार्टी ने भारतीयता के इस स्वरुप को भलीभांति समझ लिया है और उसके उत्थान में निरंतर सक्रिय है, जिन्हें कांवरयात्रा असभ्य और उजड्ड लोगों की कारस्तानी लगती है, उन्हें अपने सोच में बदलाव लाने की जरूरत है। यह भारतीय सनातन के सातत्य प्रवाह का ही एक समयानुकूल पक्ष है। हमारे दार्शनिक चिंतकों ने ऐसे ही समूचे भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने के लिए देश के कोने-कोने में पीठों, मठों की स्थापना नहीं की थी। यह हमारी एकता और संगठन का आह्वान था। लंबी गुलामी के चलते हम बहुत कुछ विस्मृत कर चुके थे। उत्तिष्ठ जागृत का आह्वान अब फलीभूत हो चला है।

# बांग्लादेश और भारत की आरक्षण नीति

देश में जातीय क्षत्रपों की बहुतायत होने के कारण नित्य ही जाति आधारित आरक्षण की सीमा में वृद्धि हेतु धरने व आंदोलन आयोजित किए जाते हैं। दूसरी ओर अन्य देशों में आरक्षण जैसी व्यवस्था का खुलकर विरोध किया जाता है। बांग्लादेश इसका ताजा उदाहरण है, कहां स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिए जाने वाले तीस प्रतिशत आरक्षण की समाप्ति की मांग को लेकर लोग सड़कों पर आ गए तथा सरकार को उनके सम्मुख झुकना पड़ा। निःसंदेह अपनी योग्यता पर विश्वास न करके नित्य धर्म और जाति के नाम पर आरक्षण की मांग करने वालों को पड़ोसी बांग्लादेश से सबक सीखना चाहिए, कि वहां आरक्षण की समाप्ति के लिए भयंकर दंगे हुए तथा बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षण की सीमा 30 प्रतिशत के घटाकर केवल पांच प्रतिशत कर दी, इसके अतिरिक्त केवल दो प्रतिशत आरक्षण अन्य विशिष्ट श्रेणी के लिए है जबकि 93 प्रतिशत सीटें अनारक्षित हैं। भारत में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए 22.5 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत तथा कमजोर आय वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करके आरक्षण 59.5 प्रतिशत दिया जा रहा है। विशाल जनसंख्या वाले देश में मात्र 40.5 प्रतिशत रोजगार व शिक्षा के साधन अनारक्षित हैं, फिर भी राजनीतिक दल एवं आरक्षण समर्थक सरकार पर आरक्षण की सीमा बढ़ाने का दवाब बनाने पर तुले रहते हैं। कभी क्षेत्रीय आधार पर और कभी जातीय आधार पर अतिरिक्त आरक्षण की मांग की जाती है, जिसे किसी भी स्थिति में न्यायसंगत नही ठहराया जा सकता। बांग्लादेश में आरक्षण समाप्त करने के प्रभावी आंदोलन को देखकर लगता है कि यदि भारत में भी आरक्षण के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग सड़कों पर उतर आया, तब क्या होगा? मेरा मानना है कि वैश्विक परिवेश में भारतीय गुणवत्ता विकसित करने के लिए आरक्षण जैसी विकलांगता का बोध कराने वाली नीति की पुनर्समीक्षा करके देश में गुणवत्ता को बढ़ावा देकर आरक्षण जैसी कुरीति से मुक्त किया जाए।



सुधाकर आशावादी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# बैंकों की मजबूत होती व्यवस्था

हाल के एक अंग्रेजी पेपर की न्यूज के मुताबिक वित्त मंत्रालय ने दो बैंकों के निजीकरण के प्रस्ताव पर विराम लगा दिया है। चर्चा थी कि 2025 में दो बैंको का निजीकरण हो सकता है। इसके पीछे बहुत से कारण हो सकते हैं, लेकिन जिस तरह के लाभ वित्त वर्ष 2024 में बैंकों ने दर्शाए हैं उनसे स्पष्ट हो गया है कि निजीकरण कोई विकल्प नहीं हो सकता।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

राष्ट्रीयकृत बैंकों की सुदृढ़ स्थिति जनता में उसके विश्वास का प्रतीक है। बेहतर होती ग्राहक सेवा नए प्रोडक्ट्स और अच्छी मार्केटिंग से यह संभव हुआ है। एक समय वो भी था कि देश का सबसे बड़ा राष्ट्रीयकृत बैंक अपनी ग्राहक सेवा के लिए बदनाम माना जाता था, लेकिन कुछ वर्षों में इस बैंक में काफी कुछ बदल गया हैं। नए सुंदर चमकदार शाखा परिसर, युवा प्रतिभाशाली काउंटर स्टाफ, जिनको विशेष ट्रेनिंग देकर कस्टमर फ्रेंडली बनाया गया है। जीरो कंप्लेंट शाखाएं ग्राहक सेवा को तत्पर स्टाफ ने इस बैंक की छवि बदल दी है। आज के एक अन्य वित्तीय अखबार में खबर है कि स्टेट बैंक ने अपनी ग्राहक सेवा को और बेहतर बनाने एटीएम ब्लॉक करने, बैंक खाते की जानकारी देने, विभिन्न बैंक उत्पादों की जानकारी उपलब्ध कराने, एटीएम कार्ड, चेक बुक जारी करने तथा अन्य सेवाओं के लिए 12 भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए टोल फ्री नंबर जारी किए हैं। स्टेट बैंक जिसने देश में सबसे ज्यादा लाभ अर्जित कर अपनी बादशाहत कायम की है। अब ग्राहक सेवा में भी अपने को अग्रणी बनाने में लगा है। आशा है अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक भी जिसका अनुसरण कर राष्ट्र का गौरव और देश के नवरत्न कहलाने में पीछे नहीं रहेंगे।

## संजय सिंह समेत अन्य की अपील पर फैसला 6 को

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** बिजली-पानी की समस्या के विरोध में सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन और रोड जाम के 23 साल पुराने मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा समेत छह आरोपियों की सजा के खिलाफ अपील पर शुक्रवार को न्यायाधीश एकता वर्मा की एमपी एमएलए की सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष से विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बचाव पक्ष द्वारा दिए गए लिखित बहस पर बहस की गई वही संजय सिंह की तरफ से अरविंद सिंह राजा ने बहस की।

# भाई के साथ की थी पिता की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



**अमृत विचार।** हाईवे अधिग्रहण में मिले मुआवजे का हिस्सा न मिलने पर नौ साल पहले बेटे ने चचेरे भाई संग मिलकर पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। पारिवारिक भतीजे ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को सुनवाई के बाद न्यायालय ने दोनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एक पर 13 हजार व दूसरे पर 12 हजार अर्थदंड लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि सौरिख थाना क्षेत्र के मिश्राबाद गांव निवासी नजर सिंह ने 11 फरवरी 2015 को सौरिख थाना में चाचा मथुरा प्रसाद पुत्र जालिम सिंह की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नजर सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि पिता की मृत्यु के बाद से ही चाचा मथुरा प्रसाद उसके साथ ही रहते थे। उनका पुत्र जबर सिंह अपने परिवार के साथ अलग रहता था। चाचा मथुरा प्रसाद के पास 28 बीघा खेती थी। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के अधिग्रहण में गई खेती जाने का मुआवजा मिला था। पुत्र जबर सिंह व चचेरे भाई महताब सिंह ने चाचा से मुआवजे में हिस्से की मांग की। चाचा के मना करने पर दोनों रंजिश मानने लगे। 11 फरवरी 2015 की रात दोनों आरोपी घर की छत से घर में घुस आए और चाचा मथुरा से मुआवजे का हिस्सा मांगने लगे। हिस्सा देने से मना करने पर दोनों ने तंमचे से गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय हरेंद्र नाथ ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई की। दोनों आरोपियों पर हत्या का दोष सिद्ध किया गया।

### हत्या के प्रयास में दस साल की सजा

**कन्नौज।** भतीजे महताब सिंह ने घटना के तीन माह पहले भी 30 दिसंबर 2014 को चाचा मथुरा प्रसाद की हत्या का प्रयास किया था। इस मामले में भी 31 दिसंबर 2014 को सौरिख थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। शुक्रवार को इसमें भी अपर सत्र न्यायाधीश हरेंद्र नाथ ने महताब सिंह को दस साल की सजा सुनाई है।

## गैंगस्टर का दोष सिद्ध होने पर काटी दो वर्ष की सजा

**कन्नौज, अमृत विचारः** गैंगस्टर के जुर्म में आरोपी को न्यायालय ने दो साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता सुधीर पांडेय ने बताया कि तिर्वा कोतवाली के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक रामअवतार ने दिनेश प्रजापति, प्रदुम सोनकर उर्फ सत्यम और अनिल कुशवाहा के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियिम के तहत कार्रवाई शुरु की थी। 27 जून 2022 को जिलाधिकारी के आदेश पर तीनों आरोपियों के खिलाफ छिबरामऊ कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। गैंगस्टर एक्ट के आरोपी अनिल कुशवाहा ने कोर्ट में जुर्म स्वीकार कर लिया।

## हत्या के मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पांच साल पहले रौनाही थाना क्षेत्र में कैंटीन खोलने की रंजिश को लेकर बीयर के सेल्समैन प्रहलाद यादव व उसके साथी रमेश यादव के खाने में जहर मिलाकर नृशंस हत्या करने के बहुचर्चित मामले में पवन गुप्ता व शिवशंकर को कोर्ट ने दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

प्रत्येक पर 30,000 रुपये का जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने की रकम में से 50 फ़ीसदी मृतकों के परिजनों को देने का आदेश हुआ है। फैसला अपर जिला जज वंदना सिंह की अदालत से शुक्रवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रोहित पांडेय व ज्ञानेश चंद्र पांडेय ने बताया कि घटना रौनाही थाना की वर्ष 2019 का है। वादी सैराठी का पुरवा बसन्तपुर थाना हुजुरपुर जिला बहराइच निवासी जगदीश यादव का लड़का प्रहलाद यादव अयोध्या में रौनाही थाना के सुचित्तागंज बाजार स्थित राम कुमार की बियर की दुकान पर सेल्समैन था। गांव के बाबू यादव का लड़का रमेश यादव व पवन गुप्ता कैंटीन के पीछे देशी शराब बेचते थे। जहां शिवशंकर भी अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्समैन का काम करता था।

## प्रेमी-प्रेमिका को उम्र कैद की सजा

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** प्रेम संबंधों में बाधक बने पिता की रस्सी से गलाघोंट कर हत्या करने के मामले में बेटी और उसके प्रेमी को दोषी पाते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रत्येक पर 10,000 जुर्माना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज अशोक कुमार द्विवेदी की अदालत से शुक्रवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विजय ओझा और रोहित पांडेय ने बताया कि घटना 20 मार्च 2021 की है। पटरंगा के चक्का मजरे सरैठा की रंजू का गांव के ही रवि लोधी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी रंजू के पिता को हो गई। यह जानकारी होने पर रंजू ने पिता की हत्या की योजना बना डाली।

# हाईवे के किनारे मिली नोटों की कतरन



अरौल में हाईवे के किनारे बड़ी मात्रा में मिली नोटों की कतरन।

संवाददाता, बिल्हौर (कानपुर)

- भारी मात्रा में कतरन मिलने से मचा हड़कंप
- एसडीएम पहुंचीं, पुलिस ने बोरियों में भरकर सील किया

**अमृत विचारः** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल कस्बे के पास शुक्रवार को अलीगढ़-कानपुर हाईवे के किनारे लाखों रुपये के नोटों की कतरन मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर मजमा एकत्र हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचीं एसडीएम ने उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी। अरौल पुलिस ने बोरियों में नोटों की कतरन भरकर सील किया है।

अरौल थाना क्षेत्र में कानपुर-अलीगढ़ हाईवे की सर्विस रोड पर मेड़ुवा गांव के पास शुक्रवार की सुबह भारी मात्रा में नोटों की कतरन पड़ी मिली। इस कतरन में 10, 20, 50, 100 और 500 रुपये के नोट दिख रहे थे। नोटों की कतरन की खबर जैसे ही पता चली, मौके पर भारी मजमा लग गया। ग्रामीणों की सूचना पर बिल्हौर एसडीएम रश्मि लांबा भी मौके पर पहुंच गईं। कतरन की छानबीन करने के बाद उन्होंने मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। इस बीच अरौल थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जांच-पड़ताल के बाद नोटों की कतरन को बोरियों में भरवाया और उसे सील कर अपने साथ थाने ले गए। कतरन को समेटने के लिए पुलिस को झाड़ू लगवानी पड़ी। आखिर इतनी भारी मात्रा में कतरन कहां से आई और किसने फेंका? इसका फिलहाल कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने तीन बोरियों में कतरन भरी है। उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई है।

### नोट असली या नकली अभी कुछ स्पष्ट नहीं

- हालांकि प्रारंभिक जांच में अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आखिर कतरन असली नोट की है या नकली की। कतरन देखने से इसका अंदाजा लगा पाना कठिन है। अरौल थाना प्रभारी ने कहा कि नोटों की कतरन सील की गई है, जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच के बाद ही नोटों की कतरन के बारे में कुछ कहा जा सकता है।

## पांच वर्ष में रेलवे के बेड़े में 6511 नए जनरल कोच जुड़े

**गोरखपुर, अमृत विचार :** भारतीय रेलवे द्वारा जनरल क्लास और स्लीपर क्लास कोचों सहित 10,000 नान-एसी कोचों के निर्माण की योजना बनाई गई है। भारतीय रेल के बेड़े में पिछले पांच वर्षों 2019-20 से 2023-24 में कुल 6511 नए जनरल कोच जोड़े गए हैं। यह जानकारी रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में, 4 अमृत भारत एक्सप्रेस चल रही हैं।

## रेलवे के रनिंग स्टाफ को 16 घंटे दिया जाता है विश्राम

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचारः** लोको पायलट भारतीय रेलवे परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं जो यात्री और माल यातायात को सुरक्षित और कुशल तरीके से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारतीय रेलवे लोको पायलटों के कार्य के लिए उचित परिस्थितियां सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। रनिंग स्टाफ के सदस्य को अपने मुख्यालय पहुंचने के बाद 16 घंटे का मुख्यालय विश्राम दिया जाता है।

यह जानकारी रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। लोको पायलटों के लिए प्रति सप्ताह 14 दिनों की दो-साप्ताहिक अवधि में औसतन 52 घंटे की ड्यूटी के दिशानिर्देश देता है, यानी ड्यूटी की घंटे अधिकतम से कम हैं। भारतीय रेलवे पर अन्य कान्टीन्यूअस श्रेणी के कर्मचारियों के लिए 54 घंटे। भारतीय रेल पर सभी 558 रनिंग रूम वातानुकूलित किये गये हैं। रनिंग स्टाफ का मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उन्हें परामर्श देने के लिए नियमित रूप से विशेष अभियान चलाए जाते हैं।

## बेटे को बचाने में मां की करंट लगने से मौत

**घाटमपुर :** सजेती थाना क्षेत्र के कोरिया में शुक्रवार को बेटे को बचाने में महिला करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गई। परिवार वाले फौरन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सजेती थाना क्षेत्र के कोरिया गांव निवासी मुरारी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को घर में उसकी पत्नी संगीता (30) अपने बेटे के साथ थी।

## सड़क दुर्घटना में दो सगे भाइयों की गयी जान

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

- बड़ा भाई गुरुग्राम में टेम्पो चलाता था छोटा भी उसी के साथ रहता था, दोनों वहीं से घर आ रहे थे

**अमृत विचारः** सिकन्दराराऊ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। दोनो भाई जन्मदिन में शामिल होने अपने गांव अताईपुर आ रहे थे। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया।

क्षेत्र के गांव अताईपुर जदीद के मोहल्ला कूंचा निवासी पुष्पेंद्र गुरुग्राम में टेम्पो चलाता है। उसके साथ उसका छोटा भाई सुचित भी रहता है। शुक्रवार को पुष्पेंद्र के बड़े भाई गुलाब के बेटे राघव का जन्म दिन था। इस कारण पुष्पेंद्र व सुचित अपने मौसेरे भाई शनि के साथ टेम्पो से गांव आ रहे थे। जब उनका टेम्पों सिकन्दराराऊ एटा मार्ग पर जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने टेम्पों पर टक्कर मार दी, जिसमें पुष्पेंद्र व उसके छोटे भाई सुचित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका मौसेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके के लिए रवाना हो गए। एक साथ दो भाई की मौत पर गांव में सन्नाटा छा गया। परिजनों ने बताया सुचित एक माह पहले ही अपने भाई के पास गया था।

## पति से विवाद के बाद खाया जहर, मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव समैचीपुर निवासी 25 वर्षीय काजल पत्नी अरुण से रुपये लेनदेन को लेकर विवाद हो गया । तभी काजल ने गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे काजल की हालत बिगड़ गई। काजल की हालत बिगड़ते ही परिजन ग्रामीणों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज ले गये और वहीं पर उसे भर्ती कराया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया 108 एंबुलेंस से जहरीला पदार्थ खाई हुई महिला काजल को लाया गया था।

## उन्नाव हादसे में आरटीओ एआरटीओ को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बीते दिनों उन्नाव में लखनऊ-आगरा हाईवे पर स्लीपर बस हादसे के मामले में इस बस की फिटनेस जांच करने से लेकर चालान करने वाले सभी संभागीय परिवहन अधिकारियों को नोटिस थमा दी गई है।

दरअसल उन्नाव में हादसे का शिकार हुई बस के दो दर्जन से अधिक चालान हो चुके थे लेकिन उसके बाद भी बस को सीज नहीं किया गया था। अफसरों से सेटिंग से ये बस चल रही थी। अब परिवहन के उन अधिकारियों, प्रवर्तन दल, आरटीओ, एआरटीओ को नोटिस जारी किया गया है जिनके क्षेत्र में इस बस के चालान हुए थे। इन अफसरों से कहा गया है कि क्यों न आपके खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कराया जाये क्योंकि इतने चालान होने के बाद भी बस कैसे मार्ग पर दौड़ती रही। नोटिस मिलने के बाद एआरटीओ प्रवर्तन की टीम सकते में हैं। उसका ये मानना है कि बस का चालान तो प्रवर्तन की टीम ने ही किया, ऐसे में प्रवर्तन टीम की क्या गलती है। गलती इसके आगे के अफसरों की है। उन्नाव में जब से प्राइवेट बस का हादसा हुआ है, तभी से नाकेबंदी करके सभी टोल पर प्राइवेट बसों की चेकिंग रही है।

## सार-संक्षेप

### सरयू आरती पर रोक से भड़का पुरोहित समाज

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** रामनगरी के संत तुलसीदास सरयू घाट पर साकेत पुरी मां सरयू नित्य आरती सेवा समिति के द्वारा कई वर्षों से परम्परागत आरती कराये जाने का दावा करते हुए समिति के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी पांडेय ने प्रशासन पर जबरन आरती की परंपरा को रोके जाने का आरोप लगाया है। रामनगरी में सावन झूला मेले को लेकर सरयू के घाट पर होने वाले भीड़ को देखते हुए घाटों को खाली कराया जा रहा है। इसी क्रम में सरयू घाट पर परंपरागत रूप से होने वाले आरती को छोड़कर अन्य आरती कराई जाने व्यवस्था को प्रशासन के द्वारा हटाया जा रहा है। संत तुलसीदास घाट पर गुरुवार शाम साकेत पुरी मां सरयू नित्य आरती सेवा समिति के द्वारा चलाए जा रहे आरती व्यवस्था पर प्रतिबंध लगाते हुए लगाए गए स्थाई गेट को भी हटा दिया गया है। समिति के अध्यक्ष का आरोप है कि देर शाम सरयू आरती के लिए लगाए गए स्थाई गेट को भी प्रशासन के द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। पंडा समाज मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराने के साथ अनशन करने की चेतावनी भी दे रहा है।

### फिर दबोचा गया पुलिस अभिरक्षा से फरार आरोपी

**चित्रकूट कार्यालय, अमृत विचार :** आखिरकार कोतवाली में पुलिस अभिरक्षा से फरार आरोपी युवक को पुलिस ने फिर से दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, यह चोरी की कई घटनाओं में शामिल रहा है। इससे लाखों का माल, तमंचा और बाइक बरामद की गई है। 25 जून को मोहम्मद सईम पुत्र मोहम्मद हकीम निवासी कालूपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर से चोरों ने गहने और मोबाइल चुरा लिया। एसओजी/सर्विलांस टीम एवं थाना कोतवाली के एसआई अनिल कुमार मिश्रा की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर 24 जुलाई की आरोपी शिवबली पुत्र राजकुमार निवासी मनकुवांर को गिरफ्तार किया था। इससे चोरी के गहने और, साढ़े दस हजार रुपये आदि बरामद किया गया था। आरोपी ने कालूपुर पाही, पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालापुर, ग्राम पहरा में साथी बबलू पासी पुत्र प्रेमनारायण निवासी मनकुंवार के साथ चोरी की बात कुबूली थी। शिवबली को पुलिस ने रात में कोतवाली कर्वी में दाखिल किया था, जहां से वह 25 जुलाई की सुबह लगभग साढ़े चार बजे भाग गया था।

### अगवा व्यापारी के परिवार को आ रहे धमकी भरे फोन कॉल

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** बुधवार को अचानक गायब हुए फूल व्यापारी अर्जुन राजपूत के घर लगातार फिरौती को लेकर आ रही कॉलिंग से उसके परिवार में दहशत का माहौल है। बेटे के सलामती के लिए परिवार के लोग मिन्नते कर रहे हैं। गुरुवार की देर रात एसपी के निर्देश पर पुलिस ने अज्ञात अपहरणकर्ताओं के विरूद्ध अपहरण व फिरौती मांगने का मामला दर्ज कर कार्रवाई तेज कर दी है। वहीं शुक्रवार को अपहरणकर्ताओं ने परिजनों को तीसरी बार फोन किया। इस बार उन्होंने अपहृत अर्जुन से उनकी बात भी करायी। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच में जुटी है। करनैलगंज कोतवाली के बसेहिया के मजरा धौरहरा के रहने वाला फूल व्यापारी अर्जुन राजपूत बुधवार की शाम अचानक लापता हो गया था। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे कि अज्ञात शख्स ने फोन कर अर्जुन के अपहरण की सूचना दी और 70 लाख रुपये की फिरौती की मांग की। अपहरण और फिरौती की बात सुनकर परिवार वालों के होश उड़ गए। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गयी तो पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया।

### झोलाछाप की अग्रिम जमानत याचिका निरस्त

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत त्रिभुवन नगर ग्रांट के मजरा सोहारवा के रहने वाले छात्र जसवंत की मौत के मामले में कोर्ट ने आरोपी झोलाछाप की अग्रिम जमानत याचिका निरस्त कर दी है। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत त्रिभुवन नगर ग्रांट के मजरा सोहारवा के रहने वाले छात्र जसवंत (12) को पेट में दर्द की शिकायत पर परिजन उसे कुतुबगंज बाजार स्थित एक झोलाछाप की क्लीनिक पर दिखाया था। झोलाछाप राजेश यादव ने जसवंत का गलत इलाज किया जिससे उसकी मौत हो गयी। मामले में उसके पिता अजीत कुमार चौहान ने आरोपी झोलाछाप के खिलाफ धानेपुर थाने में गैर इरादतन हत्या व धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। इसी बीच आरोपी अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट चला गया था। सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव द्वितीय ने मामले की सुनवाई की। जमानत याचिका का विरोध करते हुए अभियोजन पक्ष ने कहा कि आरोपी को जमानत दी गई तो वह फरार हो सकता है।

### कादीपुर गोलीकांड में चार गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने रविवार की शाम कस्बे में चली गोली के प्रकरण का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। रविवार की देर शाम कस्बे के चांदा मार्ग पर अल्देमऊ नूरपुर गांव के गौरव सिंह एवं सूरज धूरिया को बाइक सवार लोगों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। दोनों घायलों का ट्रामा सेंटर लखनऊ में उपचार चल रहा है। मामले में गौरव के पिता शैलेंद्र सिंह की तहरीर पर तीन नामजद व तीन अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज हुआ था। शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गौरव ने अपने साथियों के साथ 24 जुलाई 2023 को अनुराग सिंह को बेल्ट एवं लाठी डंडे से मारा था। इसके बाद वह दिल्ली चला गया। तभी से उससे बदला लेने के फिराक में पड़े अनुराग ने रविवार को गौरव के दिल्ली से वापस आने पर देर शाम को अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दे दिया। जिससे गौरव सिंह एवं सूरज धुरिया गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में बृहस्पतिवार को पुलिस ने अनुराग सिंह, शिवम सिंह, राज सिंह एवं अनुराग तिवारी निवासी सराय कल्याण को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारों कोर्ट में प्रस्तुत किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## महिला प्रोफेसर को लूटने वाले तीन लुटेरे गिरफ्तार

संवाददाता कल्याणपुर (कानपुर)

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कैंपस में महिला प्रोफेसर के घर में लूटपाट करने वाले तीन शातिरों को कल्याणपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लूटकांड का मुख्य आरोपी मास्टरमाइंड नेपाल फरार हो गया। पकड़ा गया एक लुटेरा यूनिवर्सिटी के फाइनेंस ऑफिसर का शेफ है।

एडीसीपी पश्चिम विजेंद्र द्विवेदी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि यूनिवर्सिटी कैंपस निवासी प्रोफेसर डॉ कल्पना अग्निहोत्री के घर पर 14 जुलाई को नकाबपोश बदमाश ने घर में घुसकर लूटपाट की थी। वह जेवरात, मोबाइल और कैश ले गया था। कल्याणपुर पुलिस ने वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपी बैरी बिठूर रोड कल्याणपुर निवासी अमन कटियार, सौरभ और शिवली निवासी विशांक कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी मूल रूप से नेपाल का रहने वाला शनि थापा जेवरात समेत नेपाल भाग निकला।

## निजी कार में लगी नीली बत्ती उतरवाई

**बिधूना, औरैयाः** नीली बत्ती लगाकर घूम रहे वीआरएस ले चुके पूर्व सीओ पर हुई कार्रवाई। नीली बत्ती उतारकर बेला पुलिस ने किया चालान। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेला निवासी मनोज कुमार यादव पुत्र अमर सिंह यादव ढिपाड़ा गांव स्थित अपने खेत पर धान लगवा रहे थे। उसी समय दबंग बाबूलाल दोहरे पूर्व सीओ खेत पर अपने साथियों सहित पहुंचे और अपनी लाइसेंस की बंदूक लेकर प्रार्थी मनोज कुमार को धमकाने लगे और मनोज कुमार के खेत में हो रही धान रोपाई को रुकवा दिया।

## सपा नेता जग्गू व उसके भाई चन्नू यादव की तीन करोड़ की सम्पत्ति और कुर्क

संवाददाता फर्रुखाबाद

- 16 करोड़ की सम्पत्ति पहले ही हो चुकी है कुर्क

**अमृत विचार।** थाना मऊदरवाजा के प्रभारी निरीक्षक अमित गंगवार ने आज गैंग लीडर देवेंद्र सिंह उर्फ जग्गू यादव एवं उसके भाई योगेंद्र सिंह चन्नू यादव की पांच संपत्तियों की कुर्की की है। जिसकी बाजारी कीमत 3 करोड़ 11 लाख 83 हजार 250 रुपये है। गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित गैंग लीडर देवेन्द्र सिंह उर्फ जग्गू यादव व अपने सह सदस्यों के साथ मिलकर अवैध रूप से अर्जित की गयी स्वंय व अपने परिजनों के नाम अवैध चल-अचल सम्पत्ति कीमत करीब "तीन करोड़ ग्यारह लाख तिरासी हजार दो सौ पचास रुपये" को थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा धारा गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर कुर्क किया गया। पुलिस के आला अधिकारियों के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना कोतवाली फतेहगढ़ पर पंजीकृत रिपोर्ट उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 बनाम अभियुक्त देवेन्द्र सिंह उर्फ जग्गू यादव पुत्र शिवनन्दन सिंह यादव निवासी बंगला नं. 50ए लोको रोड कालोनी थाना कोतवाली फतेहगढ़ व सह-अभियुक्त भाई योगेन्द्र सिंह उर्फ चन्नू यादव पुत्र शिवनन्दन सिंह के मामले की विवेचना विवेचना प्रभारी निरीक्षक मऊदरवाजा अमित गंगवार के द्वारा की जा रही है।

# उत्पादन गिरने से गन्ना किसानों को करोड़ों का नुकसान

## किसानों की संख्या तो बढ़ी पर कम हुई मिलों को गन्ना आपूर्ति, गन्ना विभाग से लेकर चीनी मिलों तक मची हलचल

संवाददाता, अयोध्या



**अमृत विचार :** जिले में गन्ना उत्पादन गिर गया है। इससे गन्ना किसानों को करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। यह तब हुआ, जब जिले में गन्ना किसानों की संख्या बढ़ी और क्षेत्रफल में बहुत मामूली अंतर रहा। अब गन्ना विभाग से लेकर चीनी मिलों तक हलचल है। इसके कारण और उत्पादन बढ़ाने के उपाय खोजे जा रहे हैं।

सरकार गन्ना उत्पादन बढ़ाने का हर संभव प्रयास कर रही है। इसके लिए विभाग से मिल तक नए गन्ने के बीज से तकनीक तक की जानकारी दी जा रही है। प्रयास है कि हर साल रकबा और गन्ने का औसत उत्पादन बढ़े। कैश क्राप से किसानों को ज्यादा लाभ मिले, लेकिन आंकड़ों की तस्वीर तो उल्टी दिखती है। किसानों का रुझान कैश क्राप की ओर बढ़ा। गन्ना किसानों की संख्या बढ़ गई। क्षेत्रफल में औद्योगिकीकरण के कारण थोड़ा प्रभाव पड़ा, लेकिन गन्ना का उत्पादन ज्यादा गिर गया। दो साल में मिलों को गन्ना आपूर्ति के आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं।

### आंकड़े बता रहे कैश क्राप से किसानों की क्षति

पिछले दो पेराई सत्र 2022-23 और 2023-24 के आंकड़ों पर गौर करें तो कैशक्राप से किसानों की क्षति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। जिले में गन्ना किसानों की संख्या 92,425 से बढ़कर 93,054 हो गई। 1629 का वृद्धि हुई। गन्ने के क्षेत्रफल में 2,295 हेक्टेयर की मामूली कमी आई। लेकिन मिलों को गन्ने की आपूर्ति पेराई सत्र 2022-23 के 162.51 लाख क्विंटल से घटकर 2023-24 में 154.1 लाख क्विंटल रह गई। लगभग 8.41 लाख क्विंटल की गिरावट आ गई। पिछले पेराई सत्र से इस सत्र में गन्ना मूल्य लगभग 96 करोड़ रुपये किसानों को ज्यादा मिले, लेकिन इसके पीछे गन्ने का उत्पादन नहीं बल्कि गन्ना मूल्य में वृद्धि मूल कारण है। पिछले सत्र में गन्ने का मूल्य 350 रुपये प्रति क्विंटल था तो पेराई सत्र 2023-24 में गन्ने का मूल्य 370 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। सीधे 20 रुपये प्रति क्विंटल दाम बढ़ गया।

### गन्ना क्षेत्रफल घटने का कारण शहरीकरण

मसौधा चीनी मिल क्षेत्र में शहरीकरण तेजी से बढ़ा है। गन्ना रकबे में गिरावट के मूल में यही है। अयोध्या के विकास के लिए जमीनों के अधिग्रहण, किसानों से खरीद के कारण इस क्षेत्र में पिछले साल से गन्ना नहीं बोया जा रहा है।

### किसानों को 30 करोड़ रुपये मिलते ज्यादा

गन्ना किसानों को साल 2022-23 की पैदावार पर ही लगभग 30 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है। यह नुकसान पेराई सत्र 2022-23 के गन्ना क्षेत्रफल और साल 2023-24 के गन्ना मूल्य पर आधारित है। विभाग के लोग भी मानते हैं कि घटे गन्ना रकबे से मात्र सवा चार करोड़ रुपये का गन्ना उत्पादन प्रभावित हुआ। साल 2023-24 में यदि 2022-23 का ही उत्पादन होता तो किसानों को 30 से 35 करोड़ रुपये ज्यादा मिलते। यदि उत्पादन का औसत गिरने की बजाए बढ़ता तो किसानों को मिलने वाला लाभ पहले की तरह 60 से 70 करोड़ तक पहुंच सकता था।

"गन्ने के उत्पादन में गिरावट से किसानों को नुकसान हुआ है। इसके कई कारण है। पेराई सत्र 2022-23 में अक्तूबर-नवंबर में बारिश से गन्ने की बढ़वार हुई। गन्ने का वजन बढ़ा। 2023-24 में बारिश न होने से गन्ने का बढ़वार अपेक्षित नहीं हुई। इस साल गन्ने में रोग के प्रकोप से भी गन्ने का उत्पादन गिरा। रोगों पर नियत्रंण के प्रयास किए जा रहे हैं। गन्ना मूल्य बढ़ने के साथ यदि उत्पादन भी बढ़ता तो गन्ना किसानों को ज्यादा पैसा मिलता।

-हुदा सिद्दीकी, जिला गन्ना अधिकारी

## एक नजर

### मध्य प्रदेश : पानी के तेज बहाव में ऑटो बहा

**रायसेन :** मध्यप्रदेश के एक ऑटो पानी की तेज बहाव में बह गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के बेगमगंज के ग्राम खामखेड़ा खिरेटी के नाले पर स्कूली बच्चों को छोड़कर वापस जा रहा ऑटो पानी का तेज बहाव होने के कारण बह गया। चालक ने कूद कर अपनी जान बचा ली। यदि ऑटो में स्कूली छात्र छात्राएं होते तो गंभीर घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था।

### अमर्यादित टिप्पणी करने वाले कथाकार के खिलाफ नाराजगी

**मथुरा :** भागवत कथाकार प्रदीप मिश्रा के राधारानी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने और माफी मांगने की घटना अभी शांत नही हुई थी कि वृन्दावन के भागवत एवं अन्य धार्मिक विषयों पर प्रवचन करने वाले इन्द्र देवानन्द महराज द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं सीता के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने पर ब्रजभूमि में एक बार फिर से उबाल आ गया। वृन्दावन के आसपास के 25 गावों की पंचायत में रविवार को छटीकरा से वृन्दावन में भागवताचार्य के निवास तक मार्च करने एवं उनके घर के सामने प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। वहीं चतु:सम्प्रदाय पीठाधीश्वर फूलडोल महराज ने भागवताचार्य का बहिष्कार करने की घोषणा के साथ कहा कि संतों की एक आपातकालीन बैठक जल्द ही बुलाई जाएगी तथा इन्द्र देवानन्द के खिलाफ अन्य कार्रवाई करने पर विचार किया जाएगा।

### लॉरेंस के भाई के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर गोलीबारी की घटना के सिलसिले में मुंबई की एक विशेष अदालत ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के खिलाफ शुक्रवार को गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया। बिश्नोई गिरोह के कथित सदस्य रोहित गोदेरा के खिलाफ भी वारंट जारी किया गया है। अभिनेता के आवास के बाहर 14 अप्रैल को हुई गोलीबारी की इस घटना के संबंध में इस महीने की शुरुआत में मुंबई पुलिस की ओर से दाखिल आरोपपत्र में लॉरेंस बिश्नोई के साथ गोदेरा और अनमोल को फरार आरोपी बताया गया है। लॉरेंस बिश्नोई फिलहाल अहमदाबाद के साबरमती केंद्रीय कारागार में बंद है।

### बेंगलुरुः रेलवे स्टेशन पर मांस की खेप उतारने पर तनाव

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु सिटी रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार रात को उस समय तनाव पैदा हो गया जब जयपुर से यहां पहुंची एक ट्रेन से करीब 150 डिब्बों में लदे लगभग तीन टन मांस की खेप आई। रेलवे सूत्रों ने यह जानकारी दी। गौरक्षक पुनीत केरेहल्ली, जो पहले हत्या के आरोप में जेल गए थे, ने दावा किया कि यह कुत्ते का मांस है। हालांकि मांस का ऑर्डर देने वाले मांस विक्रेता अब्दुल रज्जाक ने आरोप को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि इस खेप का ऑर्डर वैध तरीके से दिया गया था और यह कुत्ते का मांस नहीं बल्कि भेड़ का मांस है।

# राहुल ने चप्पल सिली, मोची को पिलाई कोल्डड्रिंक

**मेहनत को सलाम : 10 मिनट की मुलाकात में घर-परिवार के साथ रामचैत का पूछा हालचाल**

संवाददाता, सुलतानपुर


सुलतानपुर जिले के कूड़ेभार ब्लॉक के विधायक नगर चौराहे पर स्थित मोची रामचैत की दुकान में बैठकर चप्पल सिलते राहुल गांधी।

**अमृत विचारः** सुलतानपुर कोर्ट से लौटते समय रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कूरेभार ब्लॉक के विधायक नगर चौराहे पर अचानक एक मोची की गुमटी (दुकान) पर पहुंच गए। मोची रामचैत से करीब दस मिनट बात की, घर-परिवार के साथ उसका हालचाल भी पूछा। इस दौरान उन्होंने दुकान पर एक चप्पल की सिलाई की और नया जूता भी देखा। मोची से बोले, कड़ी मेहनत करनी पड़ती है सिलाई में। आपकी मेहनत को सलाम।

राहुल ने मोची से उसके कारोबार के बारे में जानकारी लेने के साथ सेल्फी भी ली। कोल्डड्रिंक मंगाकर रामचैत को पिलाई, कहा- गला तर हुआ। रामचैत ने बताया कि हमने राहुल गांधी से बोला है कि मैं पूंजी से कमजोर हूं। गरीब हूं, हमारी थोड़ी मदद कीजिए। मैंने उन्हें जूतों की सिलाई करके भी दिखाई। उन्होंने ये भी जाना कि घर का भरण-पोषण कैसे चलता है।

हालांकि यहां से उन्होंने जूता-चप्पल नहीं खरीदा है। रामचैत के बेटे राघव ने बताया कि राहुल गांधी से मिलकर अच्छा लगा। उन्होंने मेरे साथ भी सेल्फी ली। इसके बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए। राहुल गांधी को मोची की दुकान पर देखकर भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। आसपास के लोगों और राहगीरों की भीड़ भी जुट गई।

**मैं निर्दोष हूं, मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश की गई : राहुल**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर हुए। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की कोर्ट में राहुल गांधी ने अपने वकील काशी प्रसाद शुक्ल व परिवादी के वकील संतोष पांडेय की मौजूदगी में बयान दर्ज कराया। राहुल गांधी ने कोर्ट से कहा कि मैं निर्दोष हूं। मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई है। मैं सारे आरोपों से इनकार करता हूं। मेरी और मेरी पार्टी की छवि को धूमिल करने के लिए आरोप लगाए गए हैं।

# राजौरी में ड्रोन से गिराए गई हथियारों की खेप जब्त

राजौरी/जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से ड्रोन द्वारा गिराए गए हथियारों और गोला-बारूद की एक खेप को सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को जब्त कर लिया।

अधिकारियों ने बताया कि मंगला बटालियन क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पास एक संदिग्ध ड्रोन देखे जाने के बाद नौशेरा इलाके में खोजबीन अभियान शुरू किया गया। बताया कि सेना की इकाइयों ने ड्रोन पर गोलीबारी की और शुक्रवार तड़के घेराबंदी कर खोजबीन अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि नौशेरा उप-मंडल के सीमावर्ती गांव सेहर में सेना और पुलिस बल ने संदिग्ध ड्रोन से गिराई गयी हथियारों की खेप को बरामद करने के बाद उसे जब्त कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि इस खेप में एक पिस्तौल, दो मैगजीन और 37 गोलियां शामिल हैं। इलाके में खोजबीन अभियान अब भी जारी है।

# संसद को राजनीति का हथियार बनाना घातक : उप राष्ट्रपति

नयी दिल्ली, एजेंसी


**शिक्षा के व्यावसायीकरण पर जगदीप धनखड़ ने जताई चिंता**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संसद को राजनीति का अधिकार बनाना घातक है और कोचिंग एवं शिक्षा का व्यावसायीकरण किसी भी राष्ट्र के विकास में बाधक है।

धनखड़ ने शुक्रवार देर शाम यहां दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज महाविद्यालय के 77वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को अपनी सीमाओं से बाहर आकर सामान्य अवसरों से आगे देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोचिंग और शिक्षा का व्यवसायीकरण किसी भी राष्ट्र के विकास में बाधक कारक है। उन्होंने कहा कि युवाओं को दी जाने वाली शिक्षा में आधुनिक वैज्ञानिक ज्ञान को पारंपरिक भारतीय मूल्यों के साथ जोड़ा जाना चाहिए। शिक्षा सबसे प्रभावशाली परिवर्तनकारी तंत्र है जो समानता लाता है और असमानताओं को रोकता और खत्म करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करना मानव विकास के लिए मौलिक है। संसद में व्यवधान और बाधा को राजनीति का हथियार बनाने पर चिंता व्यक्त करते हुए धनखड़ ने युवाओं से इन गतिविधियों पर ध्यान देने और हमेशा अपनी अंतरात्मा, सच्चाई और राष्ट्रवाद का पक्ष लेने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि संसद बहस, विचार-विमर्श और चर्चा के लिए एक जगह है। आसन के समक्ष आकर नारेबाजी और अनुशासनहीनता को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। धनखड़ ने युवा पीढ़ी से आग्रह किया कि वे उपलब्ध डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया टूल के माध्यम से अपनी आवाज़ बुलंद करें। युवाओं को ज्वलंत मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ानी चाहिए और साझा दृष्टिकोण के लिए समुदायों को संगठित करना चाहिए। युवाओं में यथास्थिति को चुनौती देने और सामाजिक परिवर्तन को आगे बढ़ाने की क्षमता को पहचानते हुए धनखड़ ने युवाओं से सकारात्मक राष्ट्रवादी भूमिका निभाने और भारत के विकास मूल्यों के साथ तालमेल रखने वाले उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## सरकार को योजना आयोग को बहाल करना चाहिए : ममता

**नई दिल्ली :** नीति आयोग की 27 जुलाई को होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली आयीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा स्थापित आयोग को खत्म कर योजना आयोग को बहाल किया जाना चाहिए।

बनर्जी ने यहां पत्रकारों के एक समूह के साथ बातचीत में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को टुकड़े-टुकड़े मंच करार दिया और कहा कि वह अपने राज्य को विभाजित नहीं होने देंगी। बनर्जी ने कहा कि जब से नीति आयोग की योजना बनी, मैंने एक भी काम होते नहीं देखा है, क्योंकि उसके पास कोई शक्ति नहीं है।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# कांग्रेस के रामनगर जिले का नाम बदलने पर भाजपा ने घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी

**शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर लगाया हिंदू विरोधी होने का आरोप**

भाजपा ने शुक्रवार को रामनगर जिले का नाम बदलने के कर्नाटक सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इससे कांग्रेस की राम विरोधी और हिंदू विरोधी मानसिकता उजागर हुई है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि राज्य की कांग्रेस सरकार मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से जुड़े घोटाले सहित कई घोटालों में फंसी हुई है, लेकिन लोगों की समस्याओं और उनके समाधान के बजाय उसने रामनगर जिले का नाम बदल दिया है। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को रामनगर जिले का नाम बदलकर बेंगलुरु दक्षिण करने का फैसला किया। पूनावाला ने पूछा कि क्या राज्य सरकार ने अपने रियल एस्टेट कारोबारी मित्रों की मदद करने और भगवान राम के प्रति अपनी नफरत के कारण नाम बदलने का कदम उठाया है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का राम मंदिर का विरोध करने, भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने और हिंदू आतंकवाद की बात करने का इतिहास रहा है।

# चिकित्सा न्यायशास्त्र के आधार पर दुष्कर्म के आरोपी को मिली जमानत

प्रयागराज, एजेंसी

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए हाई कोर्ट ने सुनाया आदेश**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के एक आरोपी को चिकित्सा न्यायशास्त्र के आधार पर जमानत दे दी है। अपीलकर्ता पर आरोप है कि उसने पीड़िता के रुमाल को क्लोरोफॉर्म में भिगोकर उसे अचेत कर दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

कोर्ट ने चिकित्सा न्यायशास्त्र को आधार बनाते हुए कहा कि एक अनुभवहीन व्यक्ति के लिए बिना बाधा के एक सोते हुए व्यक्ति को बेहोश करना संभव नहीं है। न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने चिकित्सा न्यायशास्त्र एवं विष विज्ञान का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि एक महिला जब होश में हो तो उसकी इच्छा के बगैर उसे चेतना शून्य करना असंभव है। याचिकाकर्ता रवीन्द्र सिंह राठौर पर आरोप है कि उसने वर्ष 2022 में एक फर्जी शादी करने के बाद शिकायतकर्ता महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए। राठौर ने कथित तौर पर यह तथ्य छिपाया कि पहली पत्नी से उसके दो बच्चे हैं। शिकायतकर्ता महिला का दावा है कि राठौर ने क्लोरोफॉर्म का उपयोग कर उसे बेहोश किया, दुष्कर्म किया और इसका वीडियो बनाने के बाद इसे वायरल करने की धमकी दी। कोर्ट ने सतेन्दर कुमार अंतिल बनाम केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए जब तक दोषी साबित ना हो जाए, तब तक निर्दोष रहने का अनुमान लगाना के सिद्धांत पर जोर दिया। अदालत ने गुरुवार को आरोपी की जमानत मंजूर करते हुए कहा कि जब तक तर्कसम्मत संदेह से परे दोष साबित नहीं हो जाता, महज आरोप के आधार पर एक व्यक्ति के जीवन जीने और आजादी के अधिकार को छीना नहीं जा सकता।

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## उत्तराखंड

### उम्मीद की हरियाली



काठगोदाम में दो जुलाई को नरीमन चौक पर स्थित विशाल पाकड़ का पेड़ आंधी में धराशायी हो गया था। इसको लेकर पर्यावरण प्रेमियों में खासी नाराजगी थी कि 100 से अधिक वर्ष पुराने पेड़ का खात्मा हो गया। प्रशासन ने इस पेड़ को नरीमन चौक से बरेली रोड स्थित गोशाला में ट्रांसप्लांट किया था। यह ट्रांसप्लांट सफल रहा, गोशाला में लगाए गए इस पेड़ पर नए हरे पत्ते आने लगे हैं। इससे पर्यावरण प्रेमियों की नाराजगी तो दूर होगी साथ ही प्रशासन व लोनिवि का भी उत्साहवर्धन हुआ है। प्रशासन व लोनिवि नैनीताल सड़क के चौड़ीकरण में मंगल पड़ाव से नरीमन चौक तक लगभग 40 पेड़ों को गोशाला में ट्रांसप्लांट करने की योजना पर काम कर रहा है।

# शहीदों के परिवारों को 50 लाख का अनुदान

ब्यूरो, देहरादून


देहरादून के गांधी पार्क स्थित शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री धामी।

- **मुख्यमंत्री धामी ने कारगिल दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि**

**अमृत विचार :** शौर्य दिवस के पर मुख्यमंत्री ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और वीरांगनाओं का सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिवारों के हित में कई घोषणाएं की।

कारगिल विजय दिवस पर गांधी पार्क में शहीद स्मारक पर शुक्रवार को कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिवार जनों को सम्मानित भी किया। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, विधायक सविता कपूर, बृजभूषण गैरोला और निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा ने भी शहीद स्मारक पर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चार घोषणाएं भी की। उन्होंने कहा कि राज्य में शहीद सैनिकों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि 10 लाख रूपये से बढ़ाकर 50 लाख रूपये की जाएगी। परिवारजनों को सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि 05 साल की जाएगी।

## विजय दिवस पर छात्रों ने निकाली रैली

**भीमताल, अमृत विचार :** हरमन माइनर डिग्री कॉलेज भीमताल के छात्रों ने कारगिल विजय दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीत, भाषण व कविताएं प्रस्तुत की गई। छात्रों ने इस अवसर पर नगर में एक रैली का आयोजन किया।

कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. मुक्ता ने छात्रों को संबोधित किया और कहा कि देश भक्ति के लिए हमें केवल भारतीय सेना में ही होना आवश्यक नहीं है, हम अपने काम को मेहनत और ईमानदारी से करें यह भी देशभक्ति ही है। कार्यक्रम के दौरान दीपक देशवाल, डॉ. मंजू नेगी, दिगम्बर खनेड़ा, राजेन्द्र सिंह खाती, बीना नेगी चौधरी, पूजा आर्या, शीतल सिंह मौर्या आदि मौजूद रहे।

**प्रकृति का प्रकोप** | मोरखंडा नदी पर बना पुल बहने से मदमहेश्वर में फंसे यात्री, 68 यात्रियों का हेलीकॉप्टर से किया रेस्क्यू

# यमुनोत्री व रुद्रप्रयाग के मदमहेश्वर घाटी में अतिवृष्टि का कहर

ब्यूरो, देहरादून


मदमहेश्वर घाटी में मोरखंडा नदी पर बना अस्थायी पुल बहा।

**अमृत विचार :** उत्तरकाशी जिले में यमुना नदी के उदगम में बाढ़ से यमुनोत्री धाम व जानकी चट्टी में काफी नुकसान हुआ है। वहीं रुद्रप्रयाग जिले में मदमहेश्वर घाटी में मोरखंडा नदी पर अस्थायी पुल बह गया। 68 यात्रियों का हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया। जिले में एक और पुल डूब जाने से पांच गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है।

उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल में उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिले में अतिवृष्टि से काफी नुकसान हुआ है। नदी का पानी यमुनोत्री धाम तक पहुंच गया। नदी के बहाव के साथ आए बोल्डर व पत्थरों की वजह से धाम के मंदिर परिसर को काफी नुकसान हुआ है। मंदिर समिति के कार्यालय, रसोई, वीआईपी गेस्ट हाउस ध्वस्त हो गए हैं।

पुरोहित महासभा अध्यक्ष पुरुषोत्तम उनियाल ने बताया कि जनहानि तो नहीं हुई लेकिन परिसंपित्तयों को नुकसान पहुंचा है। गुरुवार देर रात हुई बारिश की वजह से नदी का पानी मंदिर तक पहुंच गया था। उधर, जानकीचट्टी में भी बाढ़ से बहुत नुकसान हुआ है। जानकीचट्टी-यमुनोत्री पैदल मार्ग पर राममंदिर के निकट रजिस्ट्रेशन केंद्र भी क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा यमुनोत्री हाईवे ओजरी डाबरकोट बंद होने से बड़कोट से सरकारी अमले को भी धाम तक पहुंचने में खासी मशक्कत करनी पड़ी।

भारी बारिश के चलते मदमहेश्वर घाटी में द्वितीय केदार मदमहेश्वर यात्रा के आधार शिविर बनातोली में मोरखंडा नदी पर बना लकड़ी का अस्थायी पुल नदी की तेज धारा में बह गया। जिससे स्थानीय व्यापारियों समेत 100 तीर्थयात्री वहां फंस गए। इधर, शुक्रवार की सुबह पुलिस, एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंच गई। हेलीकॉप्टर की मदद से 68 लोगों का रेस्क्यू किया गया। शाम तक अन्य यात्रियों को निकालने के लिए रेस्क्यू जारी था। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही सुबह एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, पुलिस बल सहित जिला प्रशासन की टीमों को मौके पर रवाना कर दिया गया था। यात्रा मार्ग पर फंसे श्रद्धालुओं के सफल रेस्क्यू के लिए नानूचट्टी में स्थानीय लोगों की सहायता से वैकल्पिक हेलीपैड बनाया गया। वहीं से रेस्क्यू अभियान चलाया गया।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### सरकारी सफाई मशीनों के गायब होने के मामले में सरकार से जवाब-तलब

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सरकारी सफाई मशीनों के गायब होने के मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और अन्य की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए इस संबंध में राज्य सरकार को 10 दिनों के अंदर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। उसके बाद याची को एक हफ्ते के अंदर प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने के लिए समय दिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष हुई। मालूम हो कि आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम सहित पांच अन्य लोगों के खिलाफ आईपीसी और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान (निवारण) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 19 सितंबर 2022 को पुलिस स्टेशन कोतवाली, रामपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### पुष्पेंद्र यादव हत्याकांड के आरोपियों को 29 को होगी सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कोर्ट ने नौ साल पहले हुए पुष्पेंद्र यादव हत्याकांड में महिला कल्याण विभाग के दो बाबुओं समेत नौ आरोपियों को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने दोषियों को सजा सुनाने के लिए 29 जुलाई की तारीख तय की है। थाना कटघर क्षेत्र के गोविंद नगर निवासी पुष्पेंद्र यादव महिला कल्याण विभाग में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर था। हत्या से लगभग एक साल पहले ही उसने नौकरी छोड़ दी थी। वो विभाग के दो बाबुओं चुन्नीलाल और मुकुट लाल के कई कारनामों को जान गया था। पुष्पेंद्र आरटीआई डालकर इन दोनों बाबुओं को परेशान कर रहा था। क्योंकि विभाग में हुए लगभग 20 करोड़ रुपये के गबन के बारे में उसे ठोस जानकारियां मिल गई थीं। इसी राज के खुलने के डर से दोनों बाबुओं ने तीन लाख रुपये सुपारी देकर पुष्पेंद्र की हत्या करा दी थी। वारदात को दो शॉर्प शूटरों ने अंजाम दिया था।

# निलंबित होमगार्ड कमांडेंट मनीष दूबे को मिली राहत

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या के साथ प्रेम प्रसंग को लेकर चर्चा में आए थे दूबे
- हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकल पीठ ने कमांडेंट के निलंबन पर लगाई रोक

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या के साथ प्रेम प्रसंग के आरोपों में घिरने के बाद शासन द्वारा नवंबर 2023 में निलंबित हुए होमगार्ड कमांडेंट मनीष दूबे को बड़ी राहत देते हुए उनके निलंबन पर रोक लगा दी है।

मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकल पीठ ने इस संबंध में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने एसीएस होमगार्ड और डीजी होमगार्ड से पूछा कि मनीष दूबे को क्यों निलंबित किया गया। संबंधित अधिकारियों को 15 दिनों के अंदर कोर्ट में इस विषय में जानकारी दाखिल करनी होगी। मामले की सुनवाई 3 हफ्तों बाद फिर से होगी। मालूम हो कि जुलाई 2023 में आलोक मौर्या ने अपनी पीसीएस अधिकारी पत्नी ज्योति मौर्या और गाजियाबाद के होमगार्ड कमांडेंट मनीष दूबे के खिलाफ कई संगीन आरोप लगाये। इसके बाद डीजी होमगार्ड के निर्देश पर डीआईजी ने जांच की, जिसमें मनीष दूबे पर लगे आरोप सही पाए गए, इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया।

# हाइटेंशन तार गिरने से मां-बेटी की मौत

संवाददाता, बरेली/बहेड़ी

- लोगों ने किया प्रदर्शन, पुलिस ने समझाकर किया शांत

**अमृत विचार :** थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव सकरस में ननद के बेटे के नामकरण में शामिल होने आईं मां-बेटी की हाईटेंशन लाइन टूटकर गिरने से मौत हो गई। घटना से नाराज गांव के लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों में लोगों को समझाकर शांत किया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। परिजनों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ तहरीर दी है।

गांव सकरस में आकाश कश्यप के बेटे का नामकरण था। इसमें शामिल होने के लिए देवरनिया के गांव चुबकिया निवासी राजपाल उर्फ दयाराम की पत्नी आरती (32) अपनी 10 साल की बेटी तनु के साथ शामिल होने आई थीं। मां-बेटी कार्यक्रम के बाद किसी से फोन पर बात करने छत पर गईं थी। इसी दौरान छत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार बोल्ट की लाइन का तार तनु के ऊपर टूटकर गिर गया। बच्ची को बचाने के लिए आरती दौड़ीं तो वह भी चपेट में आ गईं और दोनों की मौत हो गई। हादसे से नाराज परिजनों और गांव वालों ने प्रदर्शन किया। लोग जिलाधिकारी के मौके पर आने के बाद ही शव उठाने की जिद कर रहे थे। एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव और सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह ने परिजनों को समझाकर शांत किया। एक्सईएन चमन प्रकाश और एसडीओ अमित गंगवार और प्रेम चंद यादव ने मुआवजे और लाइनमैन ओमप्रकाश को तत्काल प्रभाव से हटाने का आश्वासन दिया। एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि बीएसए से वार्ता के बाद वह आरती के बच्चों की बेहतर पढ़ाई का इंतजाम करेंगी। इसके अलावा भी परिवार की मदद की जाएगी। अधिशासी अभियंता बहेड़ी चमन प्रकाश ने बताया कि संविदा कर्मचारी ओमप्रकाश को काम से हटा दिया गया है। पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### कांवड़ियों को बिजनौर में डंपर ने मारी टक्कर, दो की मौत

**शेरगढ़ (बरेली), अमृत विचार :** शेरगढ़ के गांव पनबड़िया के कांवड़ियों की दो बाइक में बिजनौर के थाना अफजलगढ़ के गांव आसिफाबाद में डंपर ने गुरुवार देर रात टक्कर मार दी। हादसे में दो कांवड़ियों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के शव शुक्रवार दोपहर गांव पहुंचे। गांव पनबड़िया से 30 कांवड़ियों का जत्था महंत हरप्रसाद गंगवार के नेतृत्व में गुरुवार शाम हरिद्वार के लिए जल लेने रवाना हुआ था। जत्थे में एक डीसीएम और सात बाइक शामिल थीं। प्रत्येक बाइक पर दो लोग सवार थे। गुरुवार रात 2:30 बजे कांवड़ियों का जत्था बिजनौर के थाना अफजलगढ़ के गांव आसिफाबाद पहुंचा कि तभी बेकाबू डंपर ने दो बाइक में टक्कर मार दी। एक बाइक सवार पनबड़िया गांव के प्रधान ओमप्रकाश गंगवार के बेटे अखिलेश गंगवार (23) और गांव के ही नरेंद्र गंगवार के बेटे शिवम (25) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार गांव के उत्कर्ष गंगवार और रामबहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी। शुक्रवार दोपहर शव लेकर परिजन गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया।

# पासपोर्ट जब्त करने से पहले कारण दर्ज करना जरूरी

## हाई कोर्ट ने आपराधिक मामलों के लंबित रहने के दौरान पासपोर्ट जब्तीकरण पर की अहम टिप्पणी

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- कोर्ट ने पासपोर्ट जब्त करने के आदेश को किया रद

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आपराधिक मामले के लंबित रहने पर पासपोर्ट जब्त करने की अनिवार्यता पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धारा 10(3)(ई) स्पष्ट करती है कि अगर पासपोर्ट धारक द्वारा अपराध के संबंध में कार्यवाही भारत के किसी भी आपराधिक न्यायालय के समक्ष लंबित है तो पासपोर्ट प्राधिकारी पासपोर्ट तथा अन्य यात्रा दस्तावेजों में बदलाव कर सकता है, उन्हें जब्त कर सकता है या उन्हें रद कर सकता है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उक्त अधिनियम की धारा 3 के तहत उल्लिखित परिस्थितियों में पासपोर्ट प्राधिकारी कारण दर्ज करके पासपोर्ट जब्त कर सकता है, लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि उक्त धारा के तहत आने वाले हर मामलों में पासपोर्ट प्राधिकारी को पासपोर्ट जब्त करना अनिवार्य हो। उक्त धारा के तहत विधानमंडल ने पासपोर्ट प्राधिकरण को यह विवेक दिया है कि पूर्णतः संतुष्ट होने के बाद वह आपराधिक न्यायालय में किसी अपराध से संबंधित कार्रवाई लंबित होने के कारण ही व्यक्ति का पासपोर्ट जब्त कर सकता है, इसलिए पासपोर्ट जब्त करने का आदेश पारित करने से पहले पासपोर्ट प्राधिकारी को प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए कारण दर्ज करने होंगे कि आपराधिक न्यायालय में लंबित आपराधिक कार्यवाही के कारण पासपोर्ट धारक न्यायालय के समक्ष उपस्थिति से बचने के लिए पासपोर्ट का दुरुपयोग कर सकता है और कार्यवाही समापन में देरी कर सकता है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि केवल आपराधिक मामले का लंबित होना पासपोर्ट जब्त या रद करने के लिए पर्याप्त नहीं है ऐसा करने के लिए कारण दर्ज किए जाने चाहिए। अंत में कोर्ट ने माना कि याची के खिलाफ दाखिल आपराधिक मामला वैवाहिक कलह से उत्पन्न हुआ था और हाईकोर्ट से इस पर रोक लगाने की मांग की गई थी। अतः याची के पासपोर्ट को जब्त करने के आदेश को रद करते हुए न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने मोहम्मद उमर की याचिका को स्वीकार कर लिया।

# एक पक्षीय कार्रवाई से क्षुब्ध महिला ने एसपी कार्यालय के बाहर खाया जहर

संवाददाता, स्वार

- हालत बिगड़ने पर आनन-फानन में मेरठ के लिए किया गया रेफर

**अमृत विचार :** पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई से क्षुब्ध महिला ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने हालत गंभीर बताते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फाजलपुर निवासी ओमप्रकाश के घर में 21 जुलाई की रात बालिका के नामकरण पर डीजे बज रहा था। डीजे पर डांस करने को लेकर बंटी और बाबू दो पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए थे। जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण करा कर पल्ला झाड़ लिया। सोमवार को दोनों पक्षों में फिर से धारदार हथियार व लाठी डंडे चले थे। इसमें विमलेश, पप्पू, राजकली व शीला घायल हो गई थीं। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस ने बाबू पक्ष के लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया था। बाबू पक्ष के लोगों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि वह दूसरे पक्ष पर मेहरबान दिखा रही है।

इससे क्षुब्ध बाबू आदि ने बुधवार को दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया था। इसमें दोनों पक्षों के लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों पक्षों में चौथी बार धारदार हथियार चलने की सूचना पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने घायल राजेश की ओर से एक ही परिवार के बाबू, देवीदास, बंटी, कमल, गुलजारी, शंकर व झाझन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बाबू को जेल भिजवा दिया था। पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई से क्षुब्ध बाबू के परिजन शुक्रवार को शिकायत करने पुलिस अधीक्षक कार्यालय आए थे। बाबू की पत्नी नेहा ने एसपी के कार्यालय के बाहर जहर खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस ने तत्काल उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सिविल लाइन इंस्पेक्टर अजय मिश्रा ने अस्पताल में महिला व उसके परिजनों से जानकारी की। महिला के जहर खाने के बाद पुलिस ने मामला संतुलित करने के लिए दूसरे पक्ष के दो आरोपियों का भी शांति भंग में चालान किया है।

> महिला शिकायत लेकर आई थी। अचानक उसकी तबियत खराब होने लगी। इस पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसे उचित उपचार के लिए हायर सेंटर भेजा गया है। मामले की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –विद्यासागर मिश्र, पुलिस अधीक्षक

# रजवाहे में महिला और पुरुष के शव मिले

बुलंदशहर, एजेंसी

- शवों की फिलहाल नहीं हो सकी शिनाख्त
- दोनों के शव 10-15 दिन पुराने बताए जा रहे

जिले के खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को एक रजवाहे में एक महिला और पुरुष के शव मिले जिनकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

खुर्जा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) वरुण कुमार सिंह ने बताया कि बुलंदशहर गंग नहर से जुड़े पंचवटी रजवाहे में शुक्रवार सुबह आठ बजे के करीब एक अज्ञात पुरुष और एक अज्ञात महिला का शव रजवाहे में प्रवाहित होने की सूचना पुलिस को मिली। सीओ ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को बाहर निकलवाया। शवों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। शवों की हालत से दोनों की उम्र का भी अंदाजा नहीं लगाया जा सका है। उन्होंने कहा कि दोनों ही शव दस से पंद्रह दिन पुराने लग रहे हैं और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हरे-फलदार पेड़ों के कटान पर हाई कोर्ट सख्त, लगाई रोक

विधि संवाददाता, लखनऊ




- एसडीएम महमूदाबाद से मांगा व्यक्तिगत हलफनामा

हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने महमूदाबाद तहसील के मुस्तफाबाद गांव में हो रहे हरे व फलदार पेड़ों के कटान पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायालय ने मामले में सख्त रुख अपनाते हुए, एसडीएम महमूदाबाद का मामले में व्यक्तिगत हलफनामा तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह की खंडपीठ ने अवधेश कुमार व अन्य ग्रामवासियों की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचियों का कहना है कि गाटा संख्या 23 ग्राम सभा की जमीन है जो 2.44 हेक्टेयर की है। कहा गया कि उक्त जमीन पर हरे व फलदार वृक्ष लगे हैं जिन्हें नीलामी कर के कटवाया जा रहा है। वहीं तहसीलदार, महमूदाबाद की ओर से मामले पर भेजी गई जानकारी में कहा गया कि ग्राम प्रधान ने उक्त जमीन पर एक अस्थायी गौशाला का निर्माण करवाया है और गौशाला के जानवरों के लिए उसी जमीन पर चारा आदि की बुआई करना चाहता है इसलिए उक्त जमीन पर स्थित पेड़ों की नीलामी कराई गई व पेड़ों की कीमत 82 हजार 530 रुपये रखी गई। इस पर न्यायालय ने पूछा कि इतने पेड़ों की लागत मात्र 82 हजार 530 रुपये कैसे तय की गई है और एसडीएम ने उक्त नीलामी को मंजूरी देते समय, पेड़ों के कटान के लिए क्या वन विभाग से अनुमति ली है। न्यायालय ने इन सभी बिंदुओं पर जवाब देते हुए एसडीएम को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को सोलर एक्सप्रेस-वे बनाने की तैयारी शुरू

प्रयागराज, एजेंसी



- 1700 हेक्टेयर भूमि पर 15-20 मीटर चौड़ाई में विकसित किया जाएगा सोलर पार्क

उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को प्रदेश का पहला सोलर एक्सप्रेसवे बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित शिविर कार्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ इस संबंध में बैठक की।

मंत्री के मीडिया प्रभारी बालाजी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, सोलर एक्सप्रेसवे निर्माण को लेकर नौ अगस्त को लखनऊ में सभी भागीदारों और सौर ऊर्जा विशेषज्ञों के साथ एक संगोष्ठी आयोजित करने का निर्णय शुक्रवार की बैठक में लिया गया। विज्ञप्ति के अनुसार, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर्यावरण संरक्षण के साथ ही बिजली भी पैदा करेगा। एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर पर्यावरण संरक्षण के लिए 25 हजार से अधिक पौधे रोपे जाएंगे। साथ ही 1700 हेक्टेयर भूमि पर प्रदेश का सबसे लंबा सोलर पार्क भी विकसित किया जाएगा जिससे 450 मेगावाट ऊर्जा का उत्पादन होगा।

विज्ञप्ति के मुताबिक, इटावा से चित्रकूट तक 296 किलोमीटर लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के मुख्य कैरिजवे और सर्विस रोड के बीच स्थित 1700 हेक्टेयर भूमि पर 15-20 मीटर चौड़ाई में सोलर पार्क विकसित किया जाएगा। इसके लिए कंपनियों को 25 वर्ष के लिए पट्टे पर भूमि आवंटित की जाएगी। विज्ञप्ति के मुताबिक, बैठक में सोलर एक्सप्रेसवे के साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगति पर भी चर्चा हुई। अगले वर्ष प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेले से पहले गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य पूरा करने एवं कार्यों की गुणवत्ता की जांच के लिए 10 अगस्त को प्रयागराज में समीक्षा बैठक करने का निर्णय किय गया। मेरठ से प्रयागराज के बीच गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जा रहा है।

## वर्ग पहेली-143

**बाएं से दाएं**

4. 1. यथेष्ट सम्मान, उचित आदर, सत्कार 2. प्रतिष्ठा, ख़ातिर।
5. 1. 'तत' का समासगत रूप 2. वह।
6. पतीला, बटलोई।
7. सप्ताह का छठवां दिन, सप्ताह के सात दिनों का एक नाम।
9. 1. आंख, नेत्र 2. जल 3. आम-फल, आम-वृक्ष 4. माता।

**ऊपर से नीचे**

1. कलम बनाने एवं तराशने का चाकू।
2. हिमायती।
3. जिसने कुछ खाया-पिया न हो।
6. 1. देने वाला, दाता 2. दूसरों को देने की प्रवृत्तिवाला 3. बेचने वाला।
8. नीम का पेड़।



### वर्ग पहेली -142 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 चाँ | ■ | ■ | 2 अ | ल | ख |
| 3 प | ख़ | ■ | श | ■ | ■ |
| ना | ■ | 4 सु | र | मा | ■ |
| ■ | 5 पू | ष | ण | ■ | 6 खु |
| 7 भू | ■ | 8 मा | श | ■ | रा |
| प | ■ | ■ | 9 र | सा | ई |
| ■ | 10 वि | गु | ण | ■ | ■ |

## सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 5 | | 9 | | | | 6 |
| | | | 5 | | | 8 | | 4 |
| | | 1 | | 7 | 2 | | 9 | |
| | | | 6 | | 4 | | 8 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 5 |
| | 9 | | 7 | | 1 | | | |
| | 4 | | 3 | 1 | | 6 | | |
| 5 | | 8 | | | 9 | | | |
| 3 | | | | 4 | | 2 | 7 | |

### सुडोकू -55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 4 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 1 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 8 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 6 | 2 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.19 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** – आज दिन की शुरुआत आपके लिए थोड़ी कठिन रहने वाली है। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी ज्यादा समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर लापरवाही न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए।

**वृष** – आज यात्रा के दौरान आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कई कार्यों को साधने की कोशिश कर सकते हैं। शरीर आरोग्यवान और मन प्रसन्न रहने वाला है।

**मिथुन** – आज पेट में कुछ समस्या हो सकती है। किसी बात को लेकर बहस की स्थिति बन सकती है। आपको अपनी छवि की चिंता रहेगी। अनावश्यक बातों में ज्यादा ध्यान न दें। मनमाना व्यवहार करने से बचें। आपको अत्यधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।

**कर्क** – आज नई वाहन की खरीदारी का विचार बनाएंगे। व्यवसाय में बदलाव के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। युवाओं को नई जॉब मिल सकती है। कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। नई योजनाओं पर धन निवेश कर सकते हैं।

**सिंह** – आज विरोधियों से आपको सावधान हो जाना चाहिए। जीवन के नए अनुभव प्राप्त होंगे। अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। कारोबार को लेकर कुछ निर्णय लेने पड़ सकते हैं। अति आवश्यक कार्यों को सुबह शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर लें।

**कन्या** – आज नजदीकी मित्रों के साथ अपने संबंध मधुर रखें। मित्रों के साथ खटास हो सकती है। अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करें। अति आत्मविश्वास के कारण लोगों के निशाने में आ सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति आपकी रुचि कम हो सकती है।

**तुला** – आज नौकरी में वेतन बढ़ने की संभावना बन रही है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। आप काफी सकारात्मक रहेंगे। परिश्रम का सार्थक परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य की परेशानियों से राहत मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** – आज अपनी गलतियों में सुधार करने का प्रयास करें। प्रेमी जन से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। दिनचर्या में नई आदतों को शामिल न करें।

**धनु** – आज व्यवसाय में आपकी सभी रुकावटें दूर हो जाएंगी। परिवार का साथ और सहयोग प्राप्त होगा। प्रेमी संबंधों में परेशानी होने की संभावना है। यदि घर से बाहर जा रहे हैं तो अतिरिक्त धन लेकर निकलें। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**मकर** – आज विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर परेशान रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। घुटनों में दर्द की शिकायत होगी। अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं। बजट को ध्यान में रखकर ही व्यवसाय में बड़ा निवेश करें।

**कुंभ** – आज दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार होगा। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। कारोबार में आपको अतिरिक्त काम करना पड़ सकता है। जिन विषयों के बारे में आपके पास पर्याप्त ज्ञान नहीं है उसको लेकर कोई दावा न करें।

**मीन** – आज आपको मानसिक संतोष प्रदान करेगा। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपको मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी, लेकिन इससे मिलने वाला परिणाम सकारात्मक होगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 13.00 तक तत्पश्चात अश्विनी।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
राम बलराम – सुबह : 11.12
इलाका – शाम : 06.16

**&pictures**
मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे – सुबह : 11.27
टीबीए – रात : 08.00

**SONY PIX**
65 – सुबह : 10.48
वंडर वुमैन – रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
शादी में जरूर आना – सुबह : 10.53
भोला – रात : 08.00

**colors CINEPLEX**
कुछ कुछ होता है – दोपहर : 12.00
हनु-मान – रात : 07.55

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) – गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला– पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी– सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति– क्यों?
पत्नी – क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति– मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी– अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल** गेहूं (आरआर 21) 2360–2800 गेहूं (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 **चावल प्रति कुन्तल** चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 **दाल दलहन** चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–6200 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूंग दाल 10500–11000 मूंग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 **तेल तिलहन** अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 **वनस्पति** बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 70,650 |
| सोना रवा | 70,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,600 |
| चांदी (999) | 84,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# सेंसेक्स 1,293 अंक उछला, निफ्टी का रिकॉर्ड

## पांच दिन की जारी गिरावट के बाद बाजार संभला, शेयरों की लिवाली से लौटी रौनक

नई दिल्ली, एजेंसी



- निफ्टी भी 24,834 अंक के नए शिखर पर पहुंचा

शेयर बाजारों में पांच दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1,293 अंक का उछाल दर्ज किया गया। तेजी के बीच एनएसई की निफ्टी भी 24,834 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा।

बीएसई के सेंसेक्स 1,292.92 अंक यानी 1.62% उछलकर 81,332.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,387.38 अंक चढ़ा था। एनएसई का निफ्टी भी 428.75 अंक यानी 1.76% चढ़कर 24,834.85 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में से 47 लाभ में जबकि तीन नुकसान में रहे। पांच सत्रों में सेंसेक्स 1,303.66 अंक यानी 1.60% अंक टूट गया था। वहीं निफ्टी 394.75 अंक यानी 1.59% नीचे आया था। नेस्ले को छोड़कर सभी शेयर लाभ में रहे। भारती एयरटेल सबसे ज्यादा 4.51% लाभ में रहा।

अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा, टाटा स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं नुकसान में रहने वाली एकमात्र कंपनी नेस्ले में 0.07% की गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अगले महीने के लिए वायदा एवं विकल्प कारोबार की शुरुआत के साथ घरेलू बाजार में तेजी आई और बाजार बजट को लेकर आई गिरावट से बाहर आ गया। तेजी का कारण अमेरिका में जीडीपी आंकड़ा उम्मीद से बेहतर रहना है। यह वैश्विक मांग के लिहाज से अच्छा है। नायर ने कहा कि निवेशक गिरावट पर खरीद की रणनीति अपना रहे हैं। साथ ही कंपनियों के तिमाही परिणाम और शेयर केंद्रित रुख पर ध्यान है। धातु और प्रमुख आईटी कंपनियों एवं मझोली कंपनियों में लाभ देखा गया।

### आईटी औ धातु के शेयरों से मिली गति

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि आईटी और धातु शेयरों के प्रदर्शन से बाजार को गति मिली। वायदा एवं विकल्प खंड में अगले महीने का कारोबार शुरू होने से भी बाजार चढ़ा। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले शेयरों में भी स्थिति मजबूत रही। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 728.07 अंक यानी 0.90% तथा निफ्टी 303.95 अंक यानी 1.23% की बढ़त के साथ बंद हुआ।

## डिजिटल भुगतान इस साल मार्च तक 12.6% बढ़ा : आरबीआई

**मुंबई।** देश भर में डिजिटल भुगतान में 31 मार्च 2024 तक 12.6% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। ऑनलाइन लेनदेन को अपनाने को मापने वाला आरबीआई सूचकांक में यह कहा गया। सूचकांक मार्च 2024 के अंत में 445.5 पर रहा, जबकि सितंबर 2023 में यह 418.77 और मार्च 2023 में 395.57 पर था।

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि आरबीआई का डीपीआई सूचकांक सभी मापदंडों पर बढ़ा है। इसका कारण भुगतान प्रदर्शन तथा भुगतान बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक ने देश भर में डिजिटल भुगतानों की सीमा का पता लगाने के लिए एक समग्र भारतीय रिजर्व बैंक-डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई-डीपीआई) तैयार करने की घोषणा की थी।

# पेटीएम का निवेश प्रस्ताव अभी सरकार के विचाराधीन : सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी

- चीन से जुड़े निवेशों पर निगरानी समिति ने पेटीएम के निवेश के प्रस्ताव को नहीं दी है मंजूरी

वित्तीय सेवाओं के सचिव विवेक जोशी ने शुक्रवार को कहा कि चीन से जुड़े निवेशों की निगरानी करने वाली अंतर-मंत्रालयी समिति ने अभी तक पेटीएम की भुगतान एग्रीगेटर इकाई में उसके निवेश के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है। जोशी ने कहा कि पेटीएम का यह निवेश प्रस्ताव अभी भी अंतर-मंत्रालयी समिति के पास विचाराधीन है और जल्द फैसला होने की उम्मीद है।

पेटीएम ने अपनी पूर्ण अनुषंगी इकाई पेटीएम पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में 50 करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव रखा है लेकिन इसके लिए सरकार की पूर्व-मंजूरी लेनी जरूरी है। दरअसल पेटीएम की मूल इकाई वन97 कम्युनिकेशंस लि. (ओसीएल) में चीन से निवेश आया है। इस वजह से विदेश, गृह, वित्त एवं उद्योग मंत्रालयों के अधिकारियों की समिति इस पर गौर कर रही है कि ओसीएल का पीपीएसएल में निवेश प्रस्ताव एफडीआई निर्देशों के अनुरूप है या नहीं।

जोशी ने कहा कि अंतर-मंत्रालयी पैनल से निवेश प्रस्ताव पर मंजूरी मिलने के बाद पेटीएम भुगतान एग्रीगेटर लाइसेंस पाने के लिए रिजर्व बैंक से संपर्क कर सकता है। रिजर्व बैंक उसके प्रस्ताव की जांच करने के बाद लाइसेंस देने पर फैसला करेगा। पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लि. ने नवंबर, 2020 में भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए रिजर्व बैंक के पास लाइसेंस की अर्जी लगाई थी। लेकिन केंद्रीय बैंक ने नवंबर, 2022 में पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया था।

# देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ रहा : पुरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- बरौनी, पानीपत और गुजरात रिफाइनी की क्षमता में किया गया विस्तार

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की अभूतपूर्व यात्रा को गति देने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं।

सिंह ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि बरौनी रिफाइनी की क्षमता को 6 से बढ़ाकर 9 एमएमटीपीए और पानीपत की क्षमता को 15 से बढ़ाकर 25 तथा गुजरात की क्षमता को 13.7 से 18 एमएमटीपीए के विस्तार के साथ सैकड़ों टन वजन वाले बड़े आयामों वाले जटिल उपकरणों की स्थापना हमारी ऊर्जा क्षेत्र की संस्थाओं के लिए एक नियमित विशेषता बन गई है। इन महत्वपूर्ण विस्तारों के साथ इंडियन ऑयल भविष्य में अपनी कच्चे तेल की प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाने और भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। एक अन्य पोस्ट में पुरी ने कहा कि चक्रीय भाप उत्तेजना प्रौद्योगिकी के सफल प्रेरण के साथ ऑयल इंडिया लिमिटेड ने राजस्थान की सबसे पुरानी तलछटी चट्टान जोधपुर सैंडस्टोन से भारी कच्चे तेल के उत्खनन में सफलता का दावा किया है।

# सोने में 5,000 की गिरावट, खुदरा निवेशकों में खुशी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार के सोने पर मूल सीमा शुल्क में कटौती के बाद स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतों में सात प्रतिशत या 5,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की तीव्र गिरावट आई है। कम लागत से अधिक लोग जिंस और वित्तीय परिसंपत्ति दोनों के रूप में सोने में निवेश करने को प्रोत्साहित होंगे।

एलकेपी सिक्योरिटीज में जिंस एवं मुद्रा के शोध विश्लेषक उपाध्यक्ष जतीन त्रिवेदी ने कहा कि सीमा शुल्क में कटौती से पीली धातु सस्ती हुई है। हालांकि, अचानक हुए बदलाव से बाजार की धारणा कमजोर हो सकती है, लेकिन खुदरा निवेशकों को सोने की नई कीमतों से लाभ होगा। यूनिमोनी फाइनेंशियल सर्विसेज के निदेशक एवं सीईओ कृष्णन आर. ने कहा कि कम लागत से अधिक लोग सोने में निवेश करने को प्रोत्साहित होंगे एक वस्तु के रूप में और एक वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में, जिसे अक्सर मुद्रास्फीति तथा मुद्रा अवमूल्यन से निपटने के लिए बचाव के रूप में देखा जाता है। बजट में सोने तथा चांदी पर मूल सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत करने की घोषणा के बाद सोने की कीमत गिरावट आई है।



- सीमा शुल्क में कटौती के बाद स्थानीय बाजारों में कीमतों में आई 7% कमी

### स्वर्ण उद्योग ने की एक राष्ट्र-एक दर की मांग

**कोलकाता।** स्वर्ण आभूषण उद्योग एक राष्ट्र, एक दर नीति की वकालत कर रहा है, जिसकी शुरुआत अगस्त से पूर्वी भारत के लिए समान दर लागू करने के साथ होगी। स्वर्ण शिल्प बचाओ समिति के अध्यक्ष समर कुमार डे ने कहा कि सभी हितधारकों ने देश भर में एक समान सोने की दर के विचार में रुचि दिखाई है। हम अगस्त से बंगाल और पूर्वी भारत के लिए एकल दर की शुरुआत करेंगे। इस पहल में हमने सर्राफा विक्रेताओं को भी शामिल कर लिया है।

## 4 अरब डॉलर बढ़कर विदेशी मुद्रा भंडार हुआ 670.86 अरब डॉलर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा भंडार 19 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 4 अरब डॉलर बढ़कर 670.86 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार 9.69 अरब डॉलर बढ़कर 666.85 अरब डॉलर गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 19 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.58 अरब डॉलर बढ़कर 588.05 अरब डॉलर हो गईं।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### भुवनेश्वर के पास मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भुवनेश्वर स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के दो डिब्बे शुक्रवार को पटरी से उतर गए। पूर्वी तटीय रेलवे (ईसीओआर) के सूत्रों ने आज यह जानकारी दी। ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और दुर्घटना राहत ट्रेन (एआरटी) तथा क्रेन बहाली कार्य करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच रही हैं। सूत्रों ने कहा कि चूंकि मध्य लाइन और अप लाइन पर कोई असर नहीं पड़ा है, इसलिए कोच ट्रेन का आवागमन प्रभावित नहीं होगा।

### कार से घायल मजदूर को झाड़ियों में फेंका, मौत

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ सिटी थाना क्षेत्र में सूरतगढ़–श्रीगंगानगर एनएच 62 पर कार की टक्कर से घायल मजदूर को उसमें सवार लोग अस्पताल में भर्ती कराने की बजाय झाड़ियों में फेंक कर फरार हो गए, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार चक के 9 निवासी बिट्टूसिंह गुरुवार को सूरतगढ़ में मजदूरी करने के बाद रात आठ बजे पैदल गांव जा रहा था। श्रीगंगानगर एनएच 62 पर घग्गर पुल के पास कार ने टक्कर मार दी और बिट्टू को 60 फुट तक घसीटता ले गया।

### दुष्कर्म के आरोपियों को बीस वर्ष का कारावास

**झुंझुनू।** राजस्थान में झुंझुनू के यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट) न्यायालय ने बालिका से दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को शुक्रवार को 20–20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने संदीप कुमार और बहादुर को बालिका से दुष्कर्म करने का दोषी मानते हुये उन पर 65 और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी किया। मामले के अनुसार 2020 में सिंघाना थाना क्षेत्र में दोनों आरोपी बालिका को वाहन से जयपुर ले गये। विरोध पर उन्होंने बालिका और उसके परिजनों को मारने की धमकी दी। वहां से लौटकर वे बालिका को बहादुर के गांव चारावास ले गये जहां एक विद्यालय में बालिका को डेढ़ महीने तक बंधक बनाये रखा। वहां से उसे अहमदाबाद ले गए।

### पूजा के माता-पिता की रिपोर्ट सरकार को भेजी

**पुणे।** पुणे पुलिस ने विवादों में घिरीं प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर के माता–पिता की वैवाहिक स्थिति की रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी है। पुलिस ने बताया कि दिलीप और मनोरमा खेडकर कानूनी रूप से अलग हुए हैं। केंद्र ने पुणे पुलिस को निर्देश दिया था कि पूजा के माता–पिता की वैवाहिक स्थिति से उसे अवगत कराए।

# विधेयकों को मंजूरी देने में देरी पर जवाब-तलब

## सुप्रीम कोर्ट ने केरल और प. बंगाल के राज्यपालों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों को भेजा नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने केरल और पश्चिम बंगाल के राज्यपालों पर विधेयकों को मंजूरी देने में कथित देरी का आरोप लगाने वाली दोनों राज्य सरकारों की याचिकाओं पर राज्यपालों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों को शुक्रवार को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने उन्हें तीन सप्ताह में विस्तृत जवाब देने का निर्देश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार को दोनों राज्य सरकारों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद याचिकाओं पर विचार करने का फैसला करते हुए यह आदेश पारित किया। पीठ ने केरल और पश्चिम बंगाल सरकारों के अधिवक्ता केके वेणुगोपाल और एएम सिंघवी की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद कहा कि तीन सप्ताह में जवाब दाखिल किया जाए और राज्यों की ओर से एक संयुक्त नोट भी पेश किया जाए। वेणुगोपाल ने कहा कि अदालत को इस मुद्दे पर दिशा-निर्देश निर्धारित करने की आवश्यकता है कि राज्यपाल कब विधेयकों को वापस राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं।

उन्होंने दलील दी कि राज्यपाल को यह बताना चाहिए कि वे कब विधेयकों को मंजूरी देने से इनकार और कब राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं। विभिन्न राज्यपालों में इस बात का भ्रम है कि विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में उनकी क्या शक्तियां हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केरल में मामले में 8 विधेयकों में से दो को 23 महीने तक लंबित रखा गया। एक को 15 महीने, दूसरे को 13 महीने और अन्य को 10 महीने तक लंबित रखा। पश्चिम बंगाल सरकार के वकील सिंघवी ने दलील दी कि जब भी अदालत मामले की सुनवाई करता है, तो कुछ विधेयकों को मंजूरी दे दी जाती है। तमिलनाडु मामले में भी यही हुआ। याचिका में सरकार ने केरल के राज्यपाल द्वारा भेजे 7 विधेयकों में से चार पर राष्ट्रपति की मंजूरी रोकने की कार्रवाई या पुनर्विचार को चुनौती दी है।



- पीठ ने दोनों सरकारों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद पर विचार करने का लिया फैसला

### सरकारों को ये हैं आरोप

केरल और पश्चिम बंगाल सरकारों ने कई विधेयकों को महीनों तक लंबित रखने, या तो उन्हें मंजूरी देने से इनकार करने या राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखने के दोनों राज्यपालों के फैसले को चुनौती देते हुए अलग–अलग याचिकाएं दायर की हैं।

# संविधान हत्या दिवस घोषित करने के मामले में हस्तक्षेप से लखनऊ खंडपीठ का इनकार

लखनऊ, विधि संवाददाता

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने संविधान हत्या दिवस की जारी अधिसूचना के मामले में हस्तक्षेप से इनकार कर इसे रद कर दिया। कोर्ट ने याचिका पर कहा कि यह सरकार का विषय है कि वह 25 जून 1975 को लगाए आपातकाल में हुई ज्यादतियों के सम्बंध में किस प्रकार की घोषणा करती है। हम राजनीतिक जटिलताओं में नहीं पड़ सकते।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह की खंडपीठ ने पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की याचिका दिया। याचिका में संविधान हत्या दिवस शब्द का प्रयोग अविधिक बताया गया था। कहा गया कि हत्या या मृत्यु होने पर अस्तित्व समाप्त हो जाता है। सरकार हत्या दिवस के स्थान पर सकारात्मक शब्द का प्रयोग कर सकती थी। यह भी दलील दी कि आपात काल लागू कर तत्कालीन सरकार ने अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया था लेकिन यदि संविधान की हत्या हो गई होती तो जनता अगले चुनाव में तत्कालीन सरकार को उखाड़ न फेंकती। न्यायालय ने बहस सुनने के उपरांत पारित आदेश में कहा कि हम इस प्रकार की अधिसूचना जारी करने के सम्बंध में सरकार की सोच पर सवाल नहीं उठा सकते हैं।

### केंद्र की अधिसूचना संविधान का नहीं करती उल्लंघन



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने संबंधी केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को रद कर दी। याचिकाकर्ता ने कहा था कि यह निर्णय न केवल संविधान का उल्लंघन है, बल्कि अपमानजनक भी है, क्योंकि इसमें संविधान, जो जीवंत दस्तावेज है, उसके साथ हत्या शब्द का प्रयोग किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि केंद्र की 12 जुलाई को जारी अधिसूचना संविधान का उल्लंघन नहीं करती, क्योंकि यह आपातकाल की घोषणा के मुद्दे को चुनौती देने के लिए नहीं, बल्कि सत्ता एवं कानून के दुरुपयोग और उसके बाद हुई ज्यादतियों के खिलाफ जारी की गई है।

# एमएसपी कानून बनाने से सरकार का इनकार किसानों से धोखा : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इसे भाजपा की किसान विरोधी मानसिकता का परिणाम बताया

कांग्रेस ने कहा है कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संसद में किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कानून नहीं बनाने का ऐलान कर दिया है और यह मोदी सरकार का किसानों से धोखा है।

कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में कहा कि मोदी सरकार किसानों के लिए एमएसपी कानून नहीं बना रही है और इसकी घोषणा चौहान ने संसद में स्पष्ट रूप से कर दी है। उन्होंने इसे भाजपा की किसान विरोधी मानसिकता का परिणाम बताया और कहा कि उसकी यह मानसिकता आज उस समय सदन में देखने का मिली जब कृषि मंत्री ने किसानों के लिए एमएसपी कानून बनाने से साफ इंकार कर दिया। यह वही कृषि मंत्री हैं, जिन्होंने मंदरसौर में किसानों के खून से होली खेली थी। कांग्रेस नेता ने इस दिन को किसानों के लिए काला दिन करार दिया और कहा कि सरकार ने किसानों के लिए एमएसपी कानून बनाने से साफ इनकार कर देश के अन्नदाता के साथ धोखा किया है।

## किशोर के माता-पिता समेत सात के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

### पुणे पोर्श मामला

**पुणे।** पुलिस ने पोर्श कार दुर्घटना मामले में सात आरोपियों के खिलाफ पुणे की अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है। इन आरोपियों में दुर्घटना के वक्त कथित तौर पर गाड़ी चला रहे नाबालिग के माता-पिता भी हैं। आरोपपत्र दुर्घटना के दो महीने से अधिक समय बाद दाखिल किया गया है। सत्र न्यायालय में दाखिल 900 पृष्ठों के आरोपपत्र में 17 वर्षीय किशोर का नाम नहीं है। किशोर का मामला किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के समक्ष है।

# भारत ने पाकिस्तान और चीन की शरारतों पर लगा दी रोक : इंद्रेश

जम्मू, एजेंसी

- आरएसएस नेता ने करगिल युद्ध के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

आरएसएस के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपनी रक्षा करने में सक्षम है और सरकार तथा सेना ने चीन और पाकिस्तान की शरारतों पर रोक लगा दी है।

कुमार ने एक समारोह के इतर कहा कि पाकिस्तान ने 1947, 1965, 1971 और 1999 में भारत से युद्ध किए और उसे हार मिली। कुमार ने करगिल युद्ध के शहीदों को को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए सरकार और सेना की सराहना की। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा, ''मैं उन शहीदों और घायलों को सलाम करता हूं जिन्होंने हमारी एक-एक इंच जमीन और हमारे लोगों की रक्षा के लिए बहुत बड़ा बलिदान दिया। राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण ने एक नए भारत को आकार दिया है।

## मंडल आयोग पर राज्यसभा में हंगामा बैठक एक घंटे के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** मंडल आयोग के मुद्दे पर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष की नोकझोंक से राज्यसभा की बैठक शुक्रवार को एक घंटे के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन में सपा नेता जावेद अली खान के निजी विधेयक पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान कांग्रेस के नीरज डांगी मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करने का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया था जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी। इसी दौरान भाजपा के कुछ सदस्यों ने डांगी की टिप्पणी का प्रतिकार किया। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। सदन में हंगामे को देखते हुए पीठासीन अध्यक्ष एस फान्गनॉन कोन्याक ने अपराह्न तीन बजे सदन की कार्यवाही एक घंटे के लिए स्थगित कर दी। खान का निजी विधेयक आबादी के अनुपात में आरक्षण मुहैया कराने के प्रावधान से संबंधित है।

# महुआ की याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब तलब किया है जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया और चार सप्ताह में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने याचिका में चुनौती दी गई प्राथमिकी की वैधता पर सुनवाई करने के लिए मामले को छह नवंबर के लिए सूचीबद्ध किया है। पुलिस ने इस महीने मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। मोइत्रा ने एक्स पर पोस्ट की उस वीडियो पर टिप्पणी की थी, जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा 4 जुलाई को उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ के बाद घटनास्थल पर जाते हुए नजर आई थीं। मोइत्रा ने बाद में एक्स से वह पोस्ट हटा दी थी। मोइत्रा की अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह को पुलिस की ओर से प्राथमिकी की प्रति सौंपी गई। प्राथमिकी में बताया गया कि एनसीडब्ल्यू ने मोइत्रा की कथित अपमानजनक टिप्पणी का स्वतः संज्ञान लिया और आयोग की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई।



- महिला आयोग की प्रमुख पर टिप्पणी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद करने के अनुरोध पर कोर्ट ने की सुनवाई

## केजरीवाल से राजनीतिक कैदी जैसा व्यवहार : आप

**नई दिल्ली।** आप ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ राजनीतिक कैदी जैसा व्यवहार किया जा रहा है। पार्टी ने इस बात पर जोर दिया कि केजरीवाल का शर्करा स्तर तीन जून से सात जुलाई के बीच 34 बार गिरा और 50 तक पहुंच गया। पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केजरीवाल साजिश का शिकार हुए हैं। केजरीवाल एक राजनीतिक कैदी हैं। हर कोई जानता है कि तानाशाही ने राजनीतिक कैदियों के साथ कैसा व्यवहार किया है।

# कानून के अनुरूप बयान दे सकती हैं ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी



कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्यपाल सीवी आनंद बोस के बारे में बयान दे सकती हैं, बशर्ते वे कानून के अनुरूप हों। बनर्जी और टीएमसी नेता कुणाल घोष ने एकल पीठ के आदेश को चुनौती देते हुए खंडपीठ के समक्ष अपील दायर की, जिसमें बोस के खिलाफ कोई गलत बयान नहीं देने का निर्देश दिया गया था।

न्यायमूर्ति आईपी मुखर्जी और न्यायमूर्ति बिस्वरूप चौधरी की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि बनर्जी और घोष राज्यपाल के संबंध में बयान देने के लिए स्वतंत्र होंगे, बशर्ते वे कानून के अनुरूप हों और मानहानिकारक न हों। इस मामले पर न्यायमूर्ति कृष्ण राव की पीठ ने 14 अगस्त तक लागू आदेश में बनर्जी, घोष और टीएमसी के दो विधायकों को राज्यपाल के विरुद्ध गलत बयान नहीं देने का निर्देश दिया था।

## कांवड़ यात्रा में विधायक ने लहराई तलवार, कांग्रेस ने कहा- मामला दर्ज हो

**इंदौर (मप्र)।** भाजपा विधायक राकेश गोलू शुक्ला ने शुक्रवार को कांवड़ यात्रा के दौरान मंच पर भेंट की तलवार कथित तौर पर सरेआम लहराई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद कांग्रेस ने विधायक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शुक्ला की अगुवाई में निकल रही बाणेश्वरी कांवड़ यात्रा के दौरान राजबाड़ा क्षेत्र में मंच लगाया गया था। विधायक को कुछ लोगों ने तलवार भेंट की जिसे उन्होंने म्यान से निकालकर सरेआम लहरा दिया।





# पेरिस ओलंपिक 2024





पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह के दौरान पेरिस में फ्रांसीसी ध्वज के रंगों में उड़ता धुंआ।

**17 दिन**
**117 भारतीय एथलीट**
**206 देश**
**32 खेल**
**329 स्वर्ण पदक**
**10500 एथलीट**

## पहले दिन भारत के मुकाबले

**बैडमिंटन :** पुरुष एकल ग्रुप मैच : लक्ष्य सेन बनाम केविन कॉर्डन (ग्वाटेमाला) (शाम 7 :10 बजे)

**पुरुष युगल ग्रुप मैच :** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी एवं चिराग शेट्टी बनाम लुकास कोर्वी व रोनन लाबर (फ्रांस) (रात आठ बजे)

**महिला युगल ग्रुप मैच :** अश्विनी पोनप्पा एवं तनीषा क्रास्टो बनाम किम सो येओंग एवं कोंग ही योंग (कोरिया) (रात 11 :50 बजे)

**मुक्केबाजी :** महिलाओं के 54 किग्रा शुरुआती दौर का मुकाबला : प्रीति पवार बनाम थी किम अन्ह वो (वियतनाम) (रात 12 :05 बजे)

**हॉकी :** पूल बी मैच : भारत बनाम न्यूजीलैंड (रात नौ बजे)

**नौकायन :** पुरुष एकल स्कल्स : पंवार बलराज (दोपहर 12 :30 बजे)

**टेबल टेनिस :** पुरुष एकल पहला दौर : हरमीत देसाई बनाम जैद अबो (यमन) (शाम 7 :15 बजे)

**टेनिस :** पुरुष युगल के पहले दौर का मैच : रोहन बोपन्ना एवं एन श्रीराम बालाजी बनाम एडवर्ड रोजर-वैसलीन और फैबियन रेबौल (फ्रांस) (दोपहर 03 :30 बजे)

**निशानेबाजी :**

**10 मीटर मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन :** संदीप सिंह / इलावेनिल वालारिवन, अर्जुन बबूता/ रमिता जिंदल (दोपहर 12 :30 बजे)

**10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष क्वालिफिकेशन :** अर्जुन सिंह चीमा व सरबजोत सिंह (दोपहर दो बजे)

**10 मीटर एयर पिस्टल महिला क्वालिफिकेशन :** मनु भाकर और रिदम सांगवान (शाम चार बजे)



अपनी भाव-भंगिमा व गायिकी से समा बांधती पॉप क्वीन लेडी गागा।







पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में प्रस्तुति देते कलाकार।

# पारंपरिक पोशाक में दिखा भारतीय दल का जलवा

### ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और टेबल टेनिस के दिग्गज शरत कमल ने की अगुवाई

- समारोह में संगीतकार अपने वाद्ययंत्रों के सुरों से लोगों का ध्यान आकर्षित करते दिखे
- भारतीय दल के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने तरुण ताहिलियानी के डिजायन पारंपरिक वस्त्र पहने

**पेरिस, एजेंसी**

फ्रांस की राजधानी पेरिस में शुक्रवार को सीन नदी पर फव्वारों की बौछारों के बीच ओलंपिक खेलों के भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान नावों पर विभिन्न देशों के खिलाड़ी रंग-बिरंगी पेशाकों में अपने राष्ट्रीय ध्वज को लहराते हुये देखे गये। यह ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार उद्घाटन समारोह किसी स्टेडियम के बजाय किसी नदी में आयोजित किया गया। इस दौरान सीन नदी के किनारे कलाकर अपने हुनर का प्रदर्शन तथा संगीतकार अपने वाद्ययंत्रों के सुरों से लोगों का ध्यान आकर्षित करते दिखे। उद्घाटन समारोह में पारंपरिक पोशाक में भारतीय दल का जलवा देखते ही बन रहा था।

फ्रांसीसी थिएटर निर्देशक और अभिनेता थॉमस जॉली की देखरेख में आयोजित इस पहले अनोखे समारोह में सभी राष्ट्रों की पारंपरिक परेड सीन नदी में करीब 100 नावों पर 10 हजार से अधिक एथलीटों ने यात्रा की। फ्लोटिंग परेड जार्डिन डेस प्लांटेस के बगल में ऑस्टरलिट्ज़ पुल से होते हुये ट्रोकैडेरो में समाप्त हुई।

समारोह के दौरान भारतीय दल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और अपने पांचवें ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए तैयार टेबल टेनिस के दिग्गज शरत कमल पेरिस ओलंपिक 2024 परेड में दल की अगुवाई की। इस दौरान भारतीय दल के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी तरुण ताहिलियानी द्वारा डिजायन किये गये पारम्परिक वस्त्र पहने हुये देखे गये।

पुरुष वर्ग के खिलाड़ी कुर्ता पजामा के साथ तिरंगी बन्ड़ी पहने हुये हाथ में तिरंगा लहरा रहे थे। वहीं दल की महिला सदस्य तिरंगी बनारसी साड़ी में देखी गई। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पेरिस ओलंपिक शुरू होने के साथ ही भारतीय दल को मेरी शुभकामनाएं। हर खिलाड़ी भारत का गौरव है। पेरिस ओलंपिक में वे सभी चमकें और खेल भावना की सच्ची भावना को साकार करें, अपने असाधारण प्रदर्शन से हमें प्रेरित करें।

### उद्घाटन समारोह की सुरक्षा के लिए भारी इंतजाम

**पेरिस।** पेरिस में शुक्रवार को ओलंपिक उद्घाटन समारोह की सुरक्षा के लिये भारी तादाद में इंतजामात किए गए। शहर की सड़कों पर नाकेबंदी की गई और भारी संख्या में पुलिसकर्मी गश्त लगा रहे थे। इसके साथ ही सीन नदी के आर पार धातु के सुरक्षा बैरियर लगाये गए हैं। ओलंपिक की सुरक्षा के लिये 45000 से अधिक पुलिसकर्मी और 10000 सैनिक तैनात किये गए हैं। ओलंपिक वालिंटियर, कर्मचारियों और खेलों से जुड़े बाकी लोगों को मिलाकर कुल दस लाख लोगों की पृष्ठभूमि की जांच की गई। इसके अलावा सीन नदी के किनारे कड़ी सुरक्षा वाले इलाकों में प्रवेश के लिये पास का आवेदन करने वालों की भी पृष्ठभूमि की विस्तार से जांच की गई है।

## बोले विजेंदर

# खेल महाशक्ति बनने को और नायकों की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कहा- खेल के बुनियादी ढांचे में सुधार करना महत्वपूर्ण

मुक्केबाज से नेता बने विजेंदर सिंह का मानना है कि अगर भारत को 2047 तक खेल महाशक्ति बनना है तो उसे क्रिकेट से इतर और नायकों की जरूरत है जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित कर सकें। पूर्व ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता विजेंदर का मानना है कि ये नायक ज्यादा से ज्यादा युवाओं को खेल को पेशे के तौर पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

भाजपा नेता विजेंदर ने पीटीआई के मुख्यालय में संपादकों से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार का 2047 तक भारत को खेल महाशक्ति बनाने का लक्ष्य यथार्थवादी है तो उन्होंने कहा, हमें इस संस्कृति में बदलाव के लिए नायक बनाने होंगे। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा का जिक्र करते हुए कहा, पिछले कुछ साल में हमारे युवाओं, विशेषकर ग्रामीण इलाकों के युवाओं में अच्छा प्रदर्शन करने की भूख बढ़ती जा रही है। जब वे नीरज चोपड़ा को देखते हैं तो वे उनके जैसा बनना चाहते हैं। वे वह सब कुछ पाना चाहते हैं जो उनके पास है और यही उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

विजेंदर ने कहा, जब मैंने शुरुआत की थी तो मैं केवल एक सरकारी नौकरी चाहता था। लेकिन आज एथलीट और अधिक चाहते हैं। भिवानी के इस मुक्केबाज ने यह भी कहा कि समग्र प्रगति सुनिश्चित करने के लिए देश के खेल बुनियादी ढांचे में सुधार महत्वपूर्ण है।

# पहले दिन ही कोर्ट पर उतरेंगे नडाल जोकोविच और कार्लोस अल्काराज

**पेरिस, एजेंसी**



- जोकोविच पुरुष एकल जबकि नडाल युगल और अल्काराज दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे

नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और कार्लोस अल्काराज तीनों ही ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को यहां रोलां गैरा में कोर्ट पर उतरेंगे। सर्बिया के जोकोविच पहले दिन पुरुष एकल में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे जबकि नडाल युगल में और अल्काराज दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नडाल और अल्काराज स्पेन की पुरुष युगल टीम में शामिल हैं और उन्होंने यहां जोड़ी बनाई है। उनका पहला मुकाबला अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से होगा।

नडाल एकल में पहला मैच रविवार को हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स के खिलाफ खेलेंगे। नडाल ने 2008 में एकल और 2016 में युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था लेकिन जोकोविच अभी तक ओलंपिक चैंपियन नहीं बन पाए हैं। कॅरियर में रिकॉर्ड 24 ग्रैंडस्लैम जीतने वाले और बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता जोकोविच ने कहा, ओलंपिक से बहुत सारी उम्मीदें हैं तथा इसे नहीं बदल सकता और इसे बदलना भी नहीं चाहता हूं। इनसे मुझे सर्वश्रेष्ठ करने की प्रेरणा मिलती है।

## अमेरिका और कनाडा ने जीते अपने मैच

**नीस (फ्रांस)।** मैलोरी स्वानसन ने पहले हाफ में 70 सेकंड के अंतराल में दो गोल किए, जिससे अमेरिका ने जाम्बिया को 3-0 से हराकर ओलंपिक खेलों की महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत की। अमेरिका का अगला मुकाबला रविवार को जर्मनी से होगा।

एक अन्य मैच में एवलिन विएन्स ने 79वें मिनट में गोल करके मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कनाडा को न्यूजीलैंड पर 2-1 से जीत दिलाई। मैकेंज़ी बैरी ने 13वें मिनट में गोल करके न्यूजीलैंड को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन क्लो लैकासे ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में कनाडा को बराबरी दिला दी थी। एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया।

# लगातार तीसरे ओलंपिक पदक पर सिंधु की नजर

**पेरिस, एजेंसी**

- दो ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीता था, सात्विक और चिराग की निगाह स्वर्ण पर

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक में शनिवार से शुरू होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष युगल में स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी जबकि पीवी सिंधु लगातार तीसरा पदक जीत कर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचने की कोशिश करेगी। सिंधु ने पिछले दो ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक जीता था तथा पेरिस में हैट्रिक पूरी करने के लिए उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने के अपने अनुभव का अच्छी तरह से इस्तेमाल करना होगा। जहां तक सात्विक और चिराग का सवाल है तो पेरिस उनके लिए भाग्यशाली साबित हुआ है। उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता था। अश्विनी पोनप्पा के लिए यह अंतिम ओलंपिक हो सकता है। वह महिला युगल में तनीषा क्रैस्टो के साथ मिलकर भारतीय चुनौती पेश करेगी।

पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य से भी पहली बार ओलंपिक खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इन दोनों में से हालांकि एक ही पदक जीत सकता है क्योंकि ग्रुप चरण से आगे बढ़ने पर प्री क्वार्टर फाइनल में यह दोनों खिलाड़ी आमने-सामने होंगे।

## खेल डायरी

### सबसे युवा भारतीय अधिकारी होंगे साइ अशोक

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व अंतर्राष्टीय मुक्केबाज के साइ अशोक पेरिस ओलंपिक में भारत के सबसे युवा अधिकारी होंगे जिन्हें शुक्रवार से शुरू हो रहे खेलों में रेफरी जज बनाया गया है। 32 वर्ष के अशोक 1904 के बाद चौथे भारतीय हैं जो ओलंपिक में अधिकारी होंगे। पुणे के सैन्य खेल संस्थान में मुक्केबाजी प्रशासक के तौर पर काम करने वाले अशोक विश्व सैन्य मुक्केबाजी परिषद के अध्यक्ष बनने वाले पहले भारतीय भी रहे।

### इराक का जूडोका डोपिंग जांच में पॉजिटिव मिला

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में डोपिंग के पहले मामले में इराक के एक पुरुष जूडोका को दो प्रतिबंधित पदार्थ (एनाबॉलिक स्टेरॉयड) के इस्तेमाल के लिए पॉजिटिव पाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को बताया कि 28 साल के सज्जाद सेहेन के नमूने की जांच में प्रतिबंधित पदार्थ मेटांडिएनोन और बोल्डनोन पॉजिटिव पाया गया है। इस खिलाड़ी को मंगलवार को प्रतिस्पर्धा करनी थी। आईटीए ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

### टेबल टेनिसः अभियान की शुरुआत करेंगे हरमीत

**पेरिस।** भारतीय टेबल टेनिस (टेटे) खिलाड़ी हरमीत देसाई शनिवार को पेरिस ओलंपिक स्पर्धा के प्रारंभिक दौर में जॉर्डन के जैद अबो यमन के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका महिला एकल में ग्रेट ब्रिटेन की अन्ना हर्से से भिड़ेंगी। शरत कमल के सामने स्लोवेनिया की डेनी कोजुल की चुनौती होगी, जबकि 16वीं वरीयता प्राप्त 25 वर्षीय श्रीजा स्वीडन की खिलाड़ी क्रिस्टीना कालबर्ग के खिलाफ 28 जुलाई को अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

## दबदबा बनाने उतरेगी टीम इंडिया

**पालेकल (श्रीलंका)।** गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव की नवनियुक्त कोच और कप्तान की जोड़ी के साथ भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में अपनी विशेष छाप छोड़ने की कोशिश करेगी। दो बार के विश्व कप विजेता गंभीर मुख्य कोच के रूप में जबकि टी20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार खेल के इस छोटे प्रारूप में कप्तान के रूप में अपनी नई पारी शुरू करेंगे। अगला टी20 विश्व कप 2026 में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा तथा चयनकर्ताओं के पास उसके लिए टीम तैयार करने के लिए अभी काफी समय है। जहां तक श्रीलंका की बात है तो वह तेज गेंदबाजी विभाग में कमजोर नजर आता है क्योंकि उसके दो अनुभवी गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा (ब्रोंकाइटिस और श्वसन संक्रमण) और नुवान तुषारा (उंगली में फ्रैक्चर) श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

# बांग्लादेश को हराकर भारत फाइनल में

**महिला टी20 एशिया कप**

- स्मृति और शेफाली वर्मा ने भारत को 10 विकेट से दिलाई जीत
- रेणुका सिंह और राधा यादव ने तीन-तीन विकेट झटके

**दाम्बुला, एजेंसी**



शेफाली वर्मा / स्मृति मंधाना

तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और राधा यादव ने तीन-तीन विकेट चटकाकर बांग्लादेश की पारी को झकझोरा तो वहीं सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ताबड़तोड़ नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर महिला टी20 एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट की शानदार जीत दिलायी। भारत ने बांग्लादेश को आठ विकेट पर 80 रन पर रोकने के बाद 11 ओवर में बिना किसी नुकसान के 83 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। मंधाना ने 39 गेंद में नौ चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 55 और शेफाली वर्मा ने 28 गेंद में दो चौके की मदद से नाबाद 26 रन का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने मैदान के चारों ओर मन मुताबिक शॉट लगाये। भारत की जीत पर लगभग उसी समय मुहर लग गयी थी जब गेंदबाजों ने बांग्लादेश को महज 80 रन पर रोक दिया था।

प्लेयर ऑफ द मैच रेणुका को स्पिनर राधा यादव (14 रन पर तीन विकेट) का शानदार साथ मिला। रेणुका ने पारी की शुरुआत में लगातार चार ओवर डालते हुए 10 रन देकर तीन विकेट चटकाये। उन्होंने बांग्लादेश के शीर्ष क्रम को झकझोरा तो वहीं राधा ने मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी पर नचाया। बांग्लादेश के लिए कप्तान निगार सुल्ताना ने 51 गेंद में 32 जबकि शोर्ना अख्तर ने नाबाद 19 रन का योगदान दिया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था।

### श्रीलंका ने पाकिस्तान को सेमीफाइनल में हराया

**दांबुला।** कप्तान चामारी अट्टापटू (63) रनों की शानदार पारी की बदौलत श्रीलंका ने शुक्रवार को महिला एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को तीन विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जहां रविवार को भारतीय टीम के साथ उसकी खिताबी भिड़ंत होगी। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 19 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। कविशा दिलहारी ने कप्तान अट्टापटू के साथ पारी को संभाला। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुनीबा अली (37) और गुल फिरोजा (25) रनों की पारियों के दम पर पाकिस्तान ने श्रीलंका को दिया 141 रनों का लक्ष्य दिया।

## भारतीय हॉकी टीम स्वाभाविक खेल दिखाए : हरेंद्र

**नई दिल्ली।** कॅरियर की शुरूआत से अब तक के उनके सफर को करीब से देखने वाले अनुभवी कोच हरेंद्र सिंह का मानना है कि भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक की प्रबल दावेदार है। उनकी टीम को एक ही सलाह है, बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ। अप्रैल 2024 में भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच बनने के बाद भाषा को दिए पहले इंटरव्यू में हरेंद्र ने कहा, मैं उन्हें यही सलाह दूंगा कि अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ। भारतीय टीम पदक जीतने में सक्षम है। मैं पदक के रंग को लेकर कयास नहीं लगाऊंगा लेकिन पदक मिलेगा और यह मैं सिर्फ इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि मैं भारतीय हूं। उन्होंने कहा भारत के पास अच्छी फॉरवर्ड लाइन है, शानदार मिडफील्डर और गोलकीपर पी आर श्रीजेश के रूप में भारतीय हॉकी की दीवार है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## शिखर पर तिरंगा



भारतीय सशस्त्र बलों का प्रतिनिधित्व करने वाली दो टीमों ने अंतर्राष्ट्रीय सैन्य खेल परिषद के तीसरे शांति के लिए चढ़ाई कार्यक्रम के दौरान यूरोप के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट एल्ब्रस के शिखर पर तिरंगा फहराया।

## साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं मालदीव से संबंध

**माले।** मालदीव के साथ भारत के विशेष संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने गुरुवार को संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से शिष्टाचार भेंट की। वहीं भारतीय उच्चायोग ने कहा कि हम अपने संसदीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए तत्पर हैं। महावर ने इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रपति कार्यालय में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच निरंतर घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए अटूट प्रतिबद्धता दोहराई थी। हिंद महासागर में शांति व स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने पर भी सहमति जताई।

## जयशंकर ने कहा- भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण का आधार है आसियान

# आसियान को आर्थिक व सुरक्षा सहयोग के लिए प्रतिबद्ध

**वियनतियान।** विदेश मंत्री जयशंकर ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने को भारत की प्राथमिकता बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह 10 सदस्यीय प्रभावशाली क्षेत्रीय समूह भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण की आधारशिला है।

जयशंकर आसियान की बैठकों में भाग लेने के लिए लाओस की राजधानी में हैं। उन्होंने आसियान-भारत विदेश मंत्रियों की बैठक के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन के दौरान कहा कि भारत आसियान और ईएएस (पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन) मंचों को जो प्राथमिकता देता है, वह पिछले साल नयी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जकार्ता की यात्रा किए जाने से स्पष्ट है।



आसियान की बैठक के लिए जाते विदेश मंत्री जयशंकर। ● एजेंसी

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 12 सूत्री योजना की घोषणा की थी, जिस पर बड़े पैमाने पर अमल किया गया है। भारत के लिए आसियान उसकी एक्ट इंडिया नीति और उसके हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आसियान के साथ वर्तमान राजनीतिक, आर्थिक एवं सुरक्षा सहयोग और लोगों के बीच संपर्क सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसे हम विस्तार देने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

### अध्यक्षता करने के लिए लाओस को दी बधाई

जयशंकर ने कहा मैं आसियान की अध्यक्षता करने के लिए लाओस को बधाई देता हूं और उसकी अध्यक्षता को सफल बनाने के लिए अपना पूरा समर्थन देता हूं। उन्होंने आसियान-भारत कार्य योजना के अंतर्गत चिह्नित ठोस सहयोग के माध्यम से आसियान-भारत संबंधों को मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्यों की सराहना की। भावी समन्वयक देश के रूप में फिलीपींस का स्वागत है। डिजिटल, रक्षा, समुद्री, संपर्क सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और पारंपरिक चिकित्सा और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भारत-आसियान सहयोग के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र बने रहेंगे।

## एक नजर

### कैंब्रिज डिक्शनरी में 3200 नये शब्द जोड़े गए

**लंदन।** अनौपचारिक रूप से प्रयुक्त होने वाले 'बूप' और 'द इक' जैसे शब्द उन 3,200 से अधिक नए शब्दों और वाक्यांशों में शामिल हैं, जिन्हें इस सप्ताह कैंब्रिज डिक्शनरी में जोड़ा गया है। बूप, जिसे किसी व्यक्ति या जानवर की नाक या सिर पर हल्के से मारना या स्पर्श, यह दर्शाने के लिए कि आप उन्हें पसंद करते हैं या मजाक के तौर पर के रूप में परिभाषित किया गया है। इसी तरह 'द इक' जिसका अर्थ है अचानक महसूस होना कि आप किसी व्यक्ति या चीज को नापसंद करते हैं।

### यमन में भारतीय नर्स को मौत की सजा सुनाई गई

**नई दिल्ली।** यमन की कोर्ट ने एक भारतीय नर्स को एक नागरिक की हत्या के मामले में मौत की सजा सुनाई है। मामला फिलहाल उस देश के राष्ट्रपति के पास है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि भारत सरकार इस मामले में हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है जिसमें जेल में बंद नर्स निमिषाप्रिया तक राजनयिक पहुंच प्रदान करना तथा मामले में पैरवी के लिए वकील उपलब्ध कराना शामिल है।

### फिलीपींस में तूफान व बारिश का कहर, 33 की गई जान

**मनीला।** फिलीपींस में गेमी तूफान और भीषण बारिश के कारण आयी बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। राजधानी मनीला में 11 लोगों की मौत हुई, कैलाबरजोन क्षेत्र में 12 और सेंट्रल लूजोन में 10 लोगों की मौत हुई, जिसमें एक तेल टैंकर का चालक दल भी शामिल है जो गुरुवार को बाटन प्रांत में डूब गया था।

### बाइडेन भारत में क्वाड सम्मेलन में होंगे शामिल

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस कार्यालय ने कहा है कि जो बाइडेन भारत में इस साल होने वाले क्वाड देशों के नेताओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा अभी कैलेंडर पर कुछ भी निर्धारित नहीं किया गया है। क्वाड बाइडेन की पहल है और ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत एवं अमेरिका इसके सदस्य देश हैं।

# ओलंपिक से पहले फ्रांस में तोड़फोड़

## कई जगह आगजनी कर रेल नेटवर्क को बनाया निशाना, पेरिस नहीं पहुंच पाए हजारों खेल प्रेमी

पेरिस, एजेंसी

ओलंपिक खेलों के भव्य उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले फ्रांस के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क को निशाना बनाकर की गई तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं से देश तथा यूरोप के विभिन्न हिस्सों से राजधानी पेरिस तक संचालित की जाने वाली ट्रेन सेवा शुक्रवार को प्रभावित हुई। फ्रांसीसी अधिकारियों ने इन हमलों को आपराधिक कृत्य करार दिया। उन्होंने कहा कि वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि कहीं इन हमलों का संबंध ओलंपिक खेलों से तो नहीं।

अधिकारियों के मुताबिक ओलंपिक खेलों के मद्देनजर पूरी दुनिया की नजरें पेरिस पर थीं, ऐसे में इन हमलों से अकेले शुक्रवार को ढाई लाख यात्रियों के प्रभावित होने की आशंका है। रेल लाइनों पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं से ट्रेन परिचालन सप्ताहांत और इससे अधिक समय तक प्रभावित रहने की आशंका है। फ्रांस के परिवहन मंत्री पैट्रिस वर्गीते ने बताया कि जिन जगहों पर आगजनी की घटनाएं हुईं, वहां से लोगों को भागते देखा गया और इन स्थानों पर आग लगाने के लिए इस्तेमाल चीजें भी बरामद की गईं। वर्गीते ने कहा हर चीज इंगित करती है कि ये आपराधिक घटनाएं हैं। उन्होंने बताया कि इन घटनाओं के कारण पेरिस को फ्रांस के अन्य हिस्सों और पड़ोसी देशों से जोड़ने वाली हाई-स्पीड ट्रेन का परिचालन ठप पड़ गया। बीएफएम टेलीविजन से बातचीत में उन्होंने कहा कि ओलंपिक उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पेरिस की यात्रा की योजना बना रहे थे। इसके अलावा छुट्टियां मनाने निकले कई पर्यटकों की भी पेरिस और अन्य जगहों की यात्रा करने की योजना थी।



पेरिस में ट्रेन नहीं जाने के कारण स्टेशन पर जमा भीड़। ● एजेंसी

### अब तक 3 बार हुए हमले

**पहला हमला :** साल 1900 में पेरिस ओलिंपिक में हुआ था। अराजक तत्वों ने बम भीड़ पर फेंक दिया था।

**दूसरा हमला :** साल 1972 में जर्मनी के म्यूनिख में ओलिंपिक गेम्स के दौरान आतंकी हमला हुआ था। इजराइल के 11 खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ की हत्या कर दी गई थी।

**तीसरा हमला :** वर्ष 1996 में अटलांटा ओलिंपिक के दौरान हमला हुआ था। ब्लास्ट में दो की मौत और 111 लोग घायल हुए थे।

### रेल पटरियों पर आगजनी का मकसद पेरिस जाने वाली ट्रेनों को रोकना : प्रधानमंत्री

**पेरिस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री गेब्रियल अट्टल ने कहा कि ओलंपिक की पूर्व संध्या पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं ने देश के मुख्य हिस्सों में फैले हाई स्पीड रेल नेटवर्क को बुरी तरह प्रभावित किया है और इसका मकसद सिर्फ और सिर्फ हाई स्पीड ट्रेन नेटवर्क को बाधित करना था। ओलंपिक के उद्घाटन समारोह से महज कुछ घंटों पहले पेरिस की ओर जाने वाले उत्तर, पूर्व और पश्चिम के मुख्य मार्गों को चरणबद्ध तरीके से निशाना बनाया गया। अट्टल ने कहा कि इन घटनाओं के गंभीर परिणाम होंगे क्योंकि हजारों लोग ओलंपिक या छुट्टियों के लिए पेरिस जाने की कोशिश करते समय बीच रास्ते में ही फंस जाएंगे।

## ओबामा ने उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस का किया समर्थन

**वाशिंगटन।** पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस का समर्थन किया और कहा कि वह अमेरिका की एक शानदार राष्ट्रपति साबित होंगी। ओबामा ने हैरिस से कहा नवम्बर में होने वाले चुनाव में आपको जीत दिलाने के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे।



इस तरह उपराष्ट्रपति हैरिस को देश के दो सबसे लोकप्रिय डेमोक्रेट का महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त हो गया है। राष्ट्रपति जो बाइडेन के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ से बाहर होने के कुछ दिन बाद ओबामा ने हैरिस (59) का समर्थन किया। इससे रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ उनकी चुनौती और मजबूत होगी। ओबामा ने रविवार को राष्ट्रपति बाइडेन के चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा के बाद तुरंत हैरिस का समर्थन नहीं किया था। ओबामा ने उपराष्ट्रपति का समर्थन करने के लिए एक वीडियो जारी किया।

# हैरिस ने नेतन्याहू से युद्ध समाप्ति का किया आग्रह

- कहा- इजराइल को अपना बचाव करने का अधिकार, गाजा में जो कुछ हुआ वह विनाशकारी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से हमास के साथ जल्द युद्धविराम समझौता करने और गाजा में विनाशकारी युद्ध स्थायी रूप से समाप्त करने का आग्रह किया है। फिलिस्तीनी क्षेत्र में हताहतों की संख्या बढ़ने और मानवीय संकट गहराने के बीच हैरिस ने इजराइल के प्रधानमंत्री से यह आग्रह किया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस परिसर में हैरिस और नेतन्याहू की मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद उपराष्ट्रपति ने कहा इजराइल को अपना बचाव करने का अधिकार है और वह ऐसा किस तरीके से करता है, यह मायने रखता है। पिछले नौ महीनों में गाजा में जो कुछ हुआ है वह विनाशकारी है। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के तौर पर देखी जा रहीं हैरिस ने कहा कई मामलों में दूसरी, तीसरी या चौथी बार विस्थापित होने के बाद सुरक्षा के लिए भाग रहे हताश, भूखे लोगों और मृत बच्चों की तस्वीरें हैं। हैरिस ने द्वि-राष्ट्र समाधान की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इससे पहले गुरुवार को नेतन्याहू ने राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की। व्हाइट हाउस में नेतन्याहू ने मुलाकात से एक दिन पहले कांग्रेस (अमेरिकी संसद) को संबोधित करते हुए हमास के खिलाफ पूर्ण जीत का संकल्प जताया।

### बाइडेन को बधाई देने के बाद ट्रंप से संबंधों में आई दरार को पाटेंगे नेतन्याहू

**वाशिंगटन।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू संबंधों में आई दरार को पाटने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। वर्ष 2020 में नेतन्याहू ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज करने वाले बाइडेन को बधाई दी तो ट्रंप और नेतन्याहू के संबंधों में दरार आ गई थी। दोनों नेता चार साल में पहली बार आमने-सामने की मुलाकात करेंगे और संभावना पर विमर्श करेंगे कि क्या रिश्ते को सुधारा जा सकता है।

# भारत-अमेरिका के बीच पहला सांस्कृतिक संपदा समझौता हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को सांस्कृतिक संपदा की अवैध तस्करी को रोकने और पुरातन वस्तुओं को उनके मूल स्थान पर लौटाने के लिए अपना पहला समझौता किया। यह जानकारी संस्कृति मंत्रालय ने दी। यहां भारत मंडपम में जारी विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र के दौरान केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की उपस्थिति में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन और अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने अमेरिका-भारत सांस्कृतिक संपदा समझौते पर हस्ताक्षर किए।

शेखावत ने कहा कि 297 वस्तुएं ऐसी हैं जो अमेरिका में पड़ी हैं और वापस भेजे जाने के लिए तैयार हैं। 1976 से अब तक 358 पुरावशेषों को वापस देश में लाये गए हैं, इनमें से 345 को 2014 से वापस लाया गया है। अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा यह सांस्कृतिक संपदा समझौता दो चीजों के बारे में है। सबसे पहले व सबसे महत्वपूर्ण, यह न्याय के बारे में है- भारत व भारतीयों को वह लौटाना जो उनका अधिकार है। दूसरा, यह भारत को दुनिया से जोड़ने के बारे में है। हर अमेरिकी व वैश्विक नागरिक संस्कृति को जानने, देखने और अनुभव करने का हकदार है।



समझौता पत्र को दिखाते अमेरिकी राजदूत व संस्कृति मंत्रालय के सचिव।

- अमेरिका में पड़ी 297 वस्तुएं वापस भारत लाने की तैयार

## फिलिस्तीन गुटों में समझौता व यूक्रेनी विदेश मंत्री की मेजबानी से चीन ने दिखाया अपना प्रभाव

**बीजिंग।** लगातार दो दिन के दौरान चीन ने प्रतिद्वंद्वी फिलिस्तीनी गुटों के बीच समझौता कराया तथा यूक्रेन के विदेश मंत्री की मेजबानी की, वह भी ऐसे समय में जब यूक्रेन पर वहां चल रहे भीषण युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत करने का दबाव बढ़ रहा है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि हमास और फतह के बीच समझौता सफल होगा या नहीं, क्योंकि अन्य देश इस मोर्चे पर विफल रहे हैं।

उधर, यूक्रेन में शांति की दिशा में बहुत कम ठोस प्रगति हुई है। लेकिन अपने इन कदमों से चीन एक विजेता के रूप में उभरा है, जिसने वैश्विक मंच पर एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में ही नहीं, बल्कि एक कूटनीतिक शक्ति के रूप में अपनी भूमिका को और मजबूत किया है। दुनिया भर में अपना प्रभाव बढ़ाने में अमेरिका और चीन के जुटे रहने के बीच बीजिंग उत्तरोत्तर ऐसी भूमिका निभा रहा है जो पहले अमेरिका और रूस निभाया करते थे। इस माह के प्रारंभ में पश्चिम देशों ने चीन की कुछ गतिविधियों को चिंताजनक बताया था और उसे समस्या पैदा करने वाला बताया था। लेकिन इस सप्ताह की घटनाएं तथा पिछले साल चीन की मध्यस्थता में ईरान एवं सऊदी अरब के बीच पुनः संबंध स्थापित करने को लेकर हुए करार दर्शाते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय शक्तियां बीजिंग से मदद मांग रही हैं, यह इस बात की स्वीकृति है कि वह एक कूटनीतिक ताकत है।

# आतंकवाद व संगठित अपराध से मजबूती से निपटा जाए : डोभाल

नेपीता, एजेंसी

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बहुक्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल (बिम्सटेक) देशों से आतंकवाद, मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी तथा संगठित अपराध से निपटने में मजबूत सहयोग का आह्वान किया।

- भारत के एनएसए ने बिम्सटेक सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया

डोभाल ने म्यांमा की राजधानी में बिम्सटेक देशों के सुरक्षा प्रमुखों की चौथी वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य दिया। म्यांमा स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा एनएसए ने बिम्सटेक बैठक में भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य दिया। उन्होंने आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी और हथियारों की तस्करी तथा संगठित अपराध से निपटने में सहयोग मजबूत करने, बिम्सटेक कनेक्टिविटी, दूसरे बंदरगाह सम्मेलन के आयोजन और हिमालयी नदी प्रणालियों की जल सुरक्षा पर बात की। यह बैठक सदस्य देशों के समक्ष आने वाली सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण पहलों की रणनीति बनाने और समन्वय स्थापित करने के लिए आयोजित की गई है। इससे पहले डोभाल ने गुरुवार को म्यांमा के अपने समकक्ष एडमिरल मोए आंग से मुलाकात की।



बिम्सटेक की बैठक में संबोधित करते एनएसए अजीत डोभाल ● एजेंसी

## पाकिस्तान में पीटीआई का प्रदर्शन, सैकड़ों कार्यकर्ता गिरफ्तार

**इस्लामाबाद/लाहौर।** पाकिस्तान की राजधानी को छोड़कर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के नेताओं और समर्थकों ने पूरे देश में प्रदर्शन किया। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। ये लोग बढ़े हुए बिजली बिल का विरोध कर रहे थे और पूर्व प्रधानमंत्री की जेल से रिहाई की मांग कर रहे थे। सरकार द्वारा इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और प्रशासन को विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति देने का आदेश देने का आग्रह किया। अदालत ने दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। जनसभाओं पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद मुख्य विपक्षी दल पीटीआई राष्ट्रीय राजधानी में अपना बहुप्रचारित विरोध प्रदर्शन नहीं कर सका।

## बॉलीवुड हलचल

# करिश्मा ने दिब्यज्योति नाइक को एंटरटेनर नंबर 1 कहा

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने इंडियाज़ बेस्ट डांसर – सीजन 4 के प्रतियोगी दिब्यज्योति नाइक को एंटरटेनर नंबर 1 कहा है। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोम डांस रियलिटी शो, इंडियाज़ बेस्ट डांसर – के मेगा ऑडिशन में, प्रतियोगी बेस्ट बारह में अपनी जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। ईएनटी विशेषज्ञ – करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस प्रभावित होने के लिए तैयार हैं, और वे ध्यानपूर्वक सर्वोत्तम प्रतिभाओं को चुनेंगे जो शो में आगे बढ़ेंगी और एक रोमांचक सीजन के लिए मंच तैयार करेंगी। ऑडिशन राउंड के दौरान, शो के होस्ट जय भानुशाली ने कटक, ओडिशा के 28 वर्षीय दिब्यज्योति नाइक को दर्शकों के बीच देखा। उन्हें जजों के सामने परफ़ॉर्म करने का अवसर दिया गया, जिसमें दिब्यज्योति ने मंच पर अपनी छाप छोड़ी और जजों को प्रभावित किया, जिन्होंने उनके एक्ट को मज़ेदार, मनोरंजक और नया बताया।



## ओलंपिक टीम के लिए मांगा समर्थन

**मुंबई।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना ने देशवासियों से विशेष अपील की है कि पेरिस ओलंपिक में हमारे देश को गौरव दिलाने के लिए भारतीय दल का उत्साहवर्धन करें। मनसुख मांडविया द्वारा इस अभियान की शुरुआत के उपलक्ष्य में आयुष्मान को एक स्मारक भारतीय टीम की टी-शर्ट भी भेंट की गई। आयुष्मान ने सोशल मीडिया पर लिखा ओलंपिक दुनिया का सबसे बड़ा खेल आयोजन है और इसमें भाग लेने वाले अपने क्षेत्रों के महान योद्धा होते हैं। हमारे पास 117 ऐसे शानदार एथलीट हैं जो इस साल के पेरिस2024 ओलंपिक में हमारा झंडा ऊंचा करने के लिए तैयार हैं! आइए हम उन्हें भारत का गर्व बढ़ाने के लिए उत्साहित करें। आइए हम उन्हें दिखाएं कि हमारे खेलों के प्रति हमारी दृढ़ता, संकल्प और जुनून कितना गहरा है।



## जान्हवी ने जूनियर एनटीआर की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की तारीफ की है। जान्हवी कपूर, जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म देवरा : पार्ट 1 में काम कर रही हैं। जान्हवी कपूर ने जूनियर एनटीआर की तारीफ की है। जान्हवी कपूर ने कहा जूनियर एनटीआर सर जब भी किसी फ्रेम में आते हैं तो वह जीवंत हो उठता है। उनकी ऊर्जा सकारात्मक है और मैंने हाल ही में उनके साथ एक गाने की शूटिंग की, जिस गति से वह कदम उठाते हैं, वह अद्भुत है।



## सौर विज्ञान | यूरोप के सोलर ऑर्बिटर (सोलो) अंतरिक्ष यान ने विस्फोट को कैमरे में कैद किया

# सूर्य से उठी एक्स 14 श्रेणी की भीषण ज्वाला

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सूर्य की सतह पर गुरुवार की रात भयानक विस्फोट हुआ है। विस्फोट में निकली ज्वाला की तीव्रता एक्स 14 श्रेणी आंकी गई है । यूरोप के सोलर ऑर्बिटर (सोलो) अंतरिक्ष यान ने विस्फोट को कैमरे में कैद किया। सौर वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान से परे यह सौर चक्र बेहद सक्रिय हो चला है।

सौर वैज्ञानिकों के अनुसार 25वें सोलर साइकिल में एक्स 14 श्रेणी की ज्वाला बड़ी घटना है। विस्फोट से उपजे भू चुम्बकीय सौर तूफान का असर पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्र में कुछ दिन बाद देखने को मिलेगा। बताया जा रहा है कि इस सौर तूफान का असर मंगल ग्रह में भी देखने को मिलेगा। इतना ही नही इस विस्फोट से सौर मंडल के चारों ओर ऊर्जावान कण फैल गए। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन के अनुसार यह सोलर साइकिल उम्मीद से कहीं अधिक सक्रिय हो चला है।

अभी 269 सन स्पॉट सूर्य की सतह पर उभर चुके हैं। जिन्होंने सैकड़ों विस्फोटों को जन्म दिया है। बीती रात उठी ज्वाला को इस सौर चक्र की सबसे बढ़ी ज्वाला बताया जा रहा है। इसकी दिशा यदि पृथ्वी की ओर होती तो शायद कोई बड़ा असर पृथ्वी के कुछ हिस्सों में हो सकता था। इस सौर चक्र की अत्यधिक सक्रियता की अवधि 2025 तक है। जिसके चलते अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में सूर्य की सतह पर भीषण विस्फोट देखने को मिलेंगे। बहरहाल सौर वैज्ञानिक सूर्य की सतह पर नजर बनाए हुए हैं।



शुक्रवार को सन स्पॉट से भरी सूर्य की सतह। ● अमृत विचार

### पिछले की तुलना में अधिक सक्रिय है यह साइकिल

डा वहाब उद्दीन के अनुसार वर्तमान 25वाँ सौर चक्र पिछले सौर चक्र 24 की तुलना में अधिक सक्रिय है। इन दिनों सूर्य की सतह के अनेक हिस्सों में सन स्पॉट बने हुए हैं। सौर चक्र की भविष्यवाणी करने वाली नासा व एनओएए के वैज्ञानिकों समेत दुनिया की कई अन्य स्पेस एजेंसियों के सौर वैज्ञानिकों को वर्तमान सौर चक्र की गतिविधि को देखते हुए 25वें सौर चक्र की भविष्यवाणी को संशोधित करना पड़ा है।